दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶ 3 राजधानी — लॉकडाउन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बनी... | 4 अभिव्यक्ति — कोविद संकट के दौर में पंचायत की... | 9 मनोरंजन/खेल — कर्ज से उबरने के लिये राज कपूर ने... | 11 व्यापार — रिलायंस ने सैलरी में कटौती का किया...

www.navpradesh.com रायपुर, शुक्रवार 01 मई 2020, वैशाख शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-80 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

सुविचार

मुस्कराना, सन्तुष्टता की निशानी है इसलिए सदा मुस्कुराते रहो।

आज बेबाक

धरती पर फैले कोरोना से ग्रसित होने का खतरा भांप कर एवरेस्ट से भी बड़ा उल्कापिंड मास्क पहन कर आया लेकिन धरती से टकराने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पतली गली पकड़कर निकल गया। बेचारे को खबरिया चैनलों ने भी कोई तवज्जों नहीं दी न ही दुनिया के लोग उल्कापिंड को लेकर खौफजदा दिखे। उल्टे सोशल मीडिया पर उल्कापिंड का खूब मजाक उड़ाया गया। भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में खतरों के खिलाड़ी भरे पड़े है। जो जानलेवा कोरोना वायरस से भी नहीं डर रहे है उन्हे वह उल्कापिंड क्या खाक डरा पाता।

ग्रामीणों ने पहाड़ का सीना चीरकर बनाया नया रास्ता

प्रदेश के नारायणपुर जिले का वाकया, अब रंग लाए पांच साल से जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास

नव प्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ वनांचल नारायणपुर जिले ग्रामीणों ने लॉकडाउन के दौरान पहाड़ को चीरकर रोड बना डाली, जो अपने आप में एक आश्चर्य चकित है क्योंकि इस रोड को बनाने के लिए जिला प्रशासन पिछले पांच साल से प्रयास कर रहा था। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर पहाड़ों से घिरे टेमरूगांव ग्राम पंचायत के 2 गांवों के 6 पारा-टोले हैं। यहां लगभग 200 परिवार रहते हैं। इलाके की प्राकृतिक सुंदरता आपको जैसे बांध ही लेती है, लेकिन यह सुंदरता बाहर से गये लोगों को ही देखने में अच्छी लगती है। पहाड़ों की तराई में बसे गांवों में रहने वाले लोग बहुत कठिन परिस्थितियों में जीवन गुजारते हैं। पहुंच मार्ग के अभाव में किसी भी गांव व क्षेत्र का विकास अन्य जगहों जैस नहीं हो सका है। लेकिन प्रशासन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पैदल पहुंचना था मुश्किल, अब वहां सड़क, बिजली पानी

पहले जहां गांव में पहुंचने के लिए पैदल चलना मुश्किल था, अब वहां सड़क है, बिजली है, उचित मूल्य की दुकान, साफ पीने का पानी है, स्कूल है और स्कूल में शिक्षक हैं। लेकिन कुछ साल पहले तक यह सब बुनियादी सुविधाएं यहां के लोगों के लिए सपना थीं। इस सपने को हकीकत में बदलने का प्रयास कलेक्टर पीएस एल्मा ने किया, जिन्होंने यहां बुनियादी सुविधाए पहुंचाईं। , इससे प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा।

लॉकडाउन में ग्रामीणों के कमाल से बढ़ गई सड़क की अहमियत

विश्वव्यापी महामारी कोरोना की जंग पूरी दुनिया में लड़ी जा रही है। इसके बचाव के लिए पूरे देश में लॉकडाउन घोषित किया गया है। जिससे मैदानी क्षेत्रों में भी जरूरी सामानों की पूर्ति बमुश्किल हो रही है। ऐसे में इस अंदरूनी और पगड़ंडी वाले रास्ते से होकर गांव में जरूरी चीजों की उपलब्धता बहुत ही मुश्किल से हो पाती थी। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा पहाड़ को काटकर बनाई जा रही सड़क की वजह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अच्छी खबर

गरीबों को खाना खिलाने किसान ने दान कर दी जीवन भर की कमाई

जयपुर। कोरोना संक्रमण के कारण पूरे देश में लॉकडाउन है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी गरीब परिवार के लोगों को रही है। राजस्थान के जोधपुर जिला के एक किसान राम निवास मांडा ने लॉकडाउन के दौरान गरीबों को खाना खिलाने के लिए 50 लाख रुपए की अपनी जीवन भर की कमाई दान कर दी। राम निवास मांडा जोधपुर के उम्मेदनगर गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने 83 ग्राम पंचायतों के कुल 8500 परिवारों में राशन बांटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, क्रिकेटर विरेंद्र सहवाग और वीवीएस लक्ष्मण ने भी उनके इस काम की सराहना की है। 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें मेल कर गरीबों को खाना खिलाने के लिए सराहना की। राम निवास मांडा ने कहा, 'जब मुझे प्रधानमंत्री का मेल प्राप्त हुआ तो मेरे लिए वह क्षण रोमांच से भरा था।

2 के डिस्चार्ज बाद 2 की रिपोर्ट आई पॉजिटिव, छग में 4 मरीज

- एम्स में ऑब्जर्वेशन में रखे गए सूरजपुर के 9 लोगों में से 2 संक्रमित पाए गए
- एम्स में सूरजपुर के ही एक व्यक्ति व एम्स अधिकारी का पहले से चल रहा उपचार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या पहले घटी और फिर बढ़कर चार हो गई। दरअसल गुरुवार को एम्स रायपुर में सूरजपुर के ऐहतियातन भर्ती 9 लोगों में से 2 की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं 6 अन्य की रिपोर्ट निगेटिव आने के चलते इन्हें क्वारंटाइन किया गया है। वहीं दोबारा जांच में एक अन्य रिपोर्ट भी निगेटिव आ गई। एम्स ने विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। इस तरह अब राज्य में कोरोना पॉजिटिव की संख्या बढ़कर बुधवार वाली स्थिति जैसे 4 हो गई है। बता दें कि गुरुवार की सुबह ही कटघोरा के दो मरीजों को डिस्चार्ज किया गया था जिससे पॉजिटिव की संख्या घटकर दो हो गई थी। लेकिन दोपहर करीब 3 बजे सूरजपुर के दो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने के बाद एक्टिव पॉजिटिव केस बढ़कर चार हो गए हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ में अब तक कोरोना के 40 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 36 को डिस्चार्ज किया जा चुका है और अब एक्टिव पॉजिटिव 4 बचे हैं। इस तरह करीब सात घंटे में प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 4 से घटकर 2 व 2 से बढ़कर फिर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सूरजपुर के पहले कोरोना मरीज के संपर्क में आए थे ये 9 लोग

उल्लेखनीय है कि उक्त 9 लोग वे लोग हैं जो सूरजपुर के पहले पॉजिटिव पाए गए मरीज के संपर्क में आए थे। सूरजपुर के पहले कोरोना मरीज का सैंपल मेडिकल कॉलेज रायपुर की लैब में पॉजिटिव पाया गया था। जिसके बाद उसके संपर्क में आने वाले लोगों का सूरजपुर में रैपिड एंटीबॉडी टेस्ट कराया गया था। 9 का एंटीबॉडी टेस्ट पॉजिटिव आया था, जिसके बाद सभी को एम्स में ऐहतियातन ऑब्जर्वेशन में रखा गया था। उल्लेखनीय है कि सूरजपुर के एम्स में भर्ती 10 लोगों में से अधिकतर झारखंड राज्य के रहने वाले हैं।

ऐसे समझें प्रदेश में एक्टिव कोरोना केस का आंकड़ा

- सूरजपुर के कुल 10 की हुई जांच
- 3 की रिपोर्ट आ चुकी पॉजिटिव
- 1 का सैंपल दोबारा जांच में निगेटिव
- 6 लोग माना में क्वारंटाइन
- इनके अलावा 1 एम्स नर्सिंग ऑफिसर भी पॉजिटिव
- इस तरह छत्तीसगढ़ में कुल एक्टिव पॉजिटिव केस हुए 4

सीएमएचओ ने बताया, संक्रमितों में पंचायत सचिव भी

सूरजपुर के सीएमएचओ डॉ. सिंह ने बताया कि सूरजपुर से जिन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उनमें संबंधित पंचायत का सचिव भी शामिल हैं। डॉ. सिंह के मुताबिक सचिव की ड्यूटी क्वारंटाइन सेंटर में लगाई गई थी। सीएमएचओ की मानें तो सूरजपुर के संक्रमितों में से ये एक शख्स ही छत्तीसगढ़ का है।

रायगढ़ मेडिकल कॉलेज को कोरोना टेस्टिंग की मंजूरी

रायपुर/ एम्स रायपुर ने स्व. लक्खी राम अग्रवाल मैमोरियल गवर्मेंट मेडिकल कालेज, रायगढ़ को कोविड-19 की टेस्टिंग करने की अनुमति प्रदान कर दी है। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि आईसीएमआर के निर्देशों के अनुरूप रायगढ़ में यह टेस्टिंग सुविधा प्रारंभ की जा रही है। अब छत्तीसगढ़ में कोविड-19 टेस्टिंग की चार स्थानों पर सुविधा उपलब्ध होगी जिसमें जगदलपुर, रायगढ़ की एक-एक और रायपुर की दो लैब शामिल होंगी। इसमें एम्स की वीआरडी लैब भी शामिल है। प्रो. नागरकर ने उम्मीद व्यक्त की है कि इससे कोविड-19 की टेस्टिंग काफी अधिक बढ़ जाएगी जिससे सर्विलांस में काफी मदद मिलेगी।

ऋषि कपूर पंचतत्व में विलीन
बेटी नहीं कर सकीं अंतिम दर्शन

कैंसर से जंग लड़ रहे अभिनेता ने 67 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

मुंबई(वार्ता)। बॉलीवुड के सदाबहार और जिंदादिल हीरो ऋषि कपूर गुरुवार को पंचतत्व में समा गए। 67वर्ष के अभिनेता ने एचएन रिलायंस अस्पताल में गुरुवार की सुबह 8.45 बजे अंतिम सांस ली। सांस लेने में तकलीफ होने पर दो वर्ष से कैंसर से जंग लड़ रहे ऋषि कपूर को बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुंबई स्थित चंदनवाड़ी श्मशानघाट पर विद्युत शवदाहगृह में उनका अंतिम संस्कार किया गया। ऋषि कपूर के निधन के समय बेटी रिद्धिमा दिल्ली में थीं। पूर्णबंदी के कारण विमान सेवाएं बंद हैं और दिल्ली पुलिस के आवागमन पास जारी किये जाने के बाद भी रिद्धिमा पिता के अंतिम संस्कार में भाग लेने मुंबई नहीं पहुंच पाईं। इससे पहले एम्बुलेंस में पार्थिव शरीर को श्मशान घाट लाया गया। श्मशान घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस तैनात थी। कोरोना वायरस की वजह से पूर्णबंदी लागू रहने से दिशानिर्देशों के अनुसार केवल 20 लोगों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अंतिम यात्रा में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उनकी पत्नी अभिनेत्री नीतू कपूर, पुत्र रणबीर कपूर, दिवंगत अभिनेता के भाई रणधीर कपूर, राजीव कपूर, अभिषेक बच्चन, भतीजी करिश्मा कपूर, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, आलिया भट्ट ,अनिल अंबानी के अलावा परिवार के अन्य सदस्य तथा बेहद करीबी मौजूद थे।

10वीं और 12वीं की परीक्षाएं फिर स्थगित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने एक बार फिर से 4 मई से 8 मई के मध्य होने वाली 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं एक बार फिर स्थगित की गई है। नई समय सारणी बाद में जारी की जाएगी। सचिव माशिमं द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक की मुख्य परीक्षा 2020 की कोरोना वायरस की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए कुछ परीक्षाएं स्थगित की गई थीं। जिसकी संशोधित समय-सारणी जारी करते हुए दिनांक 4 मई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राजन से बोले राहुल देश में कमजोर हो रहा पंचायती राज

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश के समग्र विकास के लिए जिस पंचायती राज व्यवस्था की शुरुआत की, वह जबरदस्त असरदार साबित हुई लेकिन दुर्भाग्य से आज हम उस व्यवस्था से भटक गये हैं। गांधी ने गुरुवार को रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के साथ चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि राजीव गांधी जी जिस पंचायती राज को लेकर आए थे उसका समाज पर जबरदस्त असर हुआ लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ेगा कि यह अब कम हो रहा है। पंचायती राज के मोर्चे पर जितना आगे बढ़ने का काम हुआ था, हम उससे पीछे लौट रहे हैं और

- कहा- जिलाधिकारी आधारित व्यवस्था में जा रहे

जिलाधिकारी आधारित व्यवस्था में जा रहे हैं।

अधिकारवाद का नया मॉडल आया सामने

गांधी ने कहा कि इस दौर में अधिकारवाद का एक नया मॉडल सामने आया है जो 'सत्तावादी मॉडल' है और यह उदार मॉडल पर सवाल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

व्यवस्था को लेकर दक्षिण के राज्यों में हुआ बेहतर काम

उन्होंने कहा कि देश के उत्तरी राज्यों की तुलना में पंचायती राज व्यवस्था पर दक्षिण के राज्यों में ज्यादा बेहतर काम हुआ है। उन्होंने कहा, 'अगर आप दक्षिण भारतीय राज्य देखें, तो वहां इस मोर्चे पर अच्छा काम हो रहा है, व्यवस्थाओं का विकेंद्रीकरण हो रहा है लेकिन उत्तर भारतीय राज्यों में सत्ता का केंद्रीकरण हो रहा है। पंचायतों तथा जमीन से जुड़े संगठनों की शक्तियां कम हो रही हैं।'

कोरोना अपडेट

देश	कंफर्म केस	मौत
भारत	33610	1079
अमेरिका	1067382	61849
इटली	203591	27682
ब्रिटेन	165221	26097
स्पेन	239639	24543
फ्रांस	166420	24087
जर्मनी	161845	6470
बेल्जियम	48519	7594
ईरान	94640	6028
नीदरलैंड	39316	4795
टर्की	117589	3081
कनाडा	51597	2996
स्वीडन	21092	2586
स्वीट्जरलैंड	29586	1737
मैक्सिको	17799	1732
आयरलैंड	20253	1190

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 33717.62
निफ्टी- 9859.90
गोल्ड- 45345 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 41551 (1 कि ग्रा.)

शासन आज से 3 मई तक बरतेगा कड़ाई

चुनिंदा जिलों में फिर 48 घंटे का होगा पूर्ण लॉकडाउन

नव प्रदेश संवाददाता

- बाजार, बेवजह घुमने वालों पर सख्ती बरकरार
- बेमेतरा कलेक्टर ने 48 घंटे का फरमान जारी किया

रायपुर। छत्तीसगढ़ में फिलहाल संक्रमण अंडर कंट्रोल है, लेकिन अब भी कोरोना को फैलने से रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। लॉकडाउन टू की मियादी तारीख प्रदेश में 3 मई है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि लॉकडाउन खत्म होने के 48 घंटे पूर्व ही एक बार फिर सरकार पूर्ण लॉकडाउन या फिर चुनिंदा संवेदनशील शहरों में कर्फ्यू का ऐलान कर सकती है। इसके तहत जरुर सामानों और बाजारों पर भी सख्त फैसला लिया जा सकता है। हालाकि यह सख्त लॉकडाउन की अवधि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

देश के हॉटस्पॉट जिलों से राज्य की सीमा में प्रवेश पूर्णतः निषेधः सुब्रत

रायपुर/नव प्रदेश। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के किसी भी जिलों में प्रवेश के लिए जहां विधिवत अनुमति को अनिवार्य कर दिया गया है तो वहीं अन्य राज्यों से राज्य में प्रवेश करने के पूर्व अब संबंधित जिले के दण्डाधिकारी से भी अनुमति लेनी होगी। छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों से प्रवेश को लेकर अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि देश के अन्य हॉट स्पॉट वाले जिलों से छत्तीसगढ़ राज्य के अंदर आने के लिए कोई भी पास अथवा अनुमति आगामी आदेश तक जारी नहीं किए जाएं।

- निकटतम परिजन की मृत्यु या आपातकाल में अनुमति प्राप्त कर ही राज्य में कर सकते हैं प्रवेश

हॉटस्पॉट की जानकारी भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइड पर भी नियमित रूप से अपलोड और अद्यतन होती ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

सुखद — देश में अब तक हुई 18.67 करोड़ रुपए मूल्य की लघु वनोपजों की खरीदी

लघु वनोपज खरीदी में छत्तीसगढ़ देशभर में नंबर वन

नवप्रदेश संवाददाता

- अकेले छत्तीसगढ़ में वनवासियों से खरीदी गई लघु वनोपज का मूल्य 18.63 करोड़ रुपए
- द ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जारी किए आंकड़े

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से छत्तीसगढ़ देश में सर्वाधिक मूल्य की लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने वाला राज्य बन गया है। द ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (ट्राईफेड) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में अब तक 18 करोड़ 63 लाख रूपए से अधिक मूल्य की लघु वनोपजों की वनवासियों और ग्रामीणों से खरीदी की गई है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। छत्तीसगढ़ के अलावा केवल दो राज्यों झारखण्ड और ओडिशा में लघु वनोपज की खरीदी का काम प्रारंभ हुआ है। ट्राइफेड के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में अब तक 18 करोड़ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वनवासी-ग्रामीणों को नगद भुगतान से मिली राहत

कोरोना लॉकडाउन के कारण संकट की इस घड़ी में सरकार द्वारा लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और नगद भुगतान की प्रक्रिया से वनांचल के वनवासी-ग्रामीणों को काफी राहत मिल रही है। साथ ही वनोपजों के संग्राहकों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ गए हैं। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2015 से वर्ष 2018 तक मात्र सात वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही थी। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा वनवासी ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए खरीदी जाने वाली लघु वनोपजों की संख्या बढ़ाकर 22 कर दी गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 23 कर दिया गया है।

राज्य के सभी संभागों में आज हो सकती है बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में बुधवार को बना चक्रीय चक्रवात गुरुवार को आगे बढ़कर ओडिशा की ओर चला गया है। हालांकि इस सिस्टम के असर से आई नमी के प्रभाव से शुक्रवार 1 मई को भी राज्य के लभगग सभी संभागों में बारिश के आसार बने हुए हैं। इस दौरान तेज हवाएं व आकाशीय बिजली व ओलावृष्टि की घटनाएं भी देखने को मिल सकती हैं।

- तेज हवाएं, बिजली गिरने व ओलावृष्टि की भी आशंका

मौसम विभाग की नियमित रिपोर्ट की मानें तो बुधवार को दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर बना चक्रीय चक्रवाती सिस्टम गुरुवार को आगे बढ़कर दक्षिण ओडिशा की ओर निकल गया है। यह दक्षिण ओडिशा और इसके आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा में 0.9 किमी की ऊंचाई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना से विश्व में 2.26 लाख से अधिक लोगों की मौत, 31.44 लाख संक्रमित

बीजिंग/ जिनेवा/ नयी दिल्ली, (वार्ता)। दुनियाभर में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है और इससे विश्वभर में अब तक 226143 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 3144393 लोग संक्रमित हुए हैं।

भारत में भी कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार सुबह जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस संक्रमण से अब तक 33050 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 1074 लोगों की मौत हुई है। देश में अब तक 8325 लोग इसके संक्रमण से पूरी तरह ठीक भी हो चुके हैं।

अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी किए गये आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में कोरोना वायरस से दुनिया में सर्वाधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा यहां सबसे अधिक मौतें भी हुई हैं। विश्व की महाशक्ति माने-जाने वाले अमेरिका में इस जानलेवा विषाणु से अब तक 10.38 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 60876 लोगों की मौत हो चुकी है।

यूरोप में सबसे गंभीर रूप से प्रभावित देश इटली में इस महामारी के कारण अब तक 27682 लोगों की

मौत हुई है और अब तक 203591 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। स्पेन कोविड-19 के संक्रमण से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों की सूची में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर है। यहां अब तक 212917 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं और 24275 लोगों की इसके कारण मृत्यु हो चुकी है।

इस वैश्विक महामारी के केंद्र चीन में अब तक 82862 लोग संक्रमित हुए हैं और 4633 लोगों की मृत्यु हुई है। इस वायरस को लेकर तैयार की गयी एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन में हुई मौत के 80 प्रतिशत मामले 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के थे।

इस बीच, कोरोना वायरस से संक्रमण और मौत के मामले में यूरोपीय देश फ्रांस और जर्मनी में भी हालात काफी खराब बदतर हैं। फ्रांस में अब तक 166543 लोग संक्रमित हुए हैं और 24087 लोगों की मौत हो चुकी है। जर्मनी में कोरोना वायरस से 157641 लोग संक्रमित हुए हैं और 6115 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा ब्रिटेन में भी हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। यहां अब तक इस महामारी से 161145 लोग प्रभावित हुए हैं और अब तक 26097 लोगों की इसके कारण मौत हो चुकी है। तुर्की में कोरोना संक्रमितों की संख्या 114653 हो गयी है तथा इससे अब तक 2992 लोगों की मौत हुई है।

कोरोना वायरस से गंभीर रूप से प्रभावित खाड़ी देश ईरान में 93657 लोग इससे संक्रमित हुए हैं जबकि 5957 लोगों की इसके कारण मौत हुई है। अन्य देशों की भांति रूस में भी कोविड-19 का प्रकोप लगातार तेजी से बढ़ रहा है।

रूस में कोरोना संक्रमण के मामले एक लाख के करीब पहुंच गये हैं। वहां अब तक 99399 मामलों की पुष्टि हो चुकी है जबकि 972 लोगों की इस महामारी के कारण मौत हुई है।

कोरोना से बेल्जियम में 7501, नीदरलैंड में 4711, ब्राजील में 5017, कनाडा में 2904, स्वीडन में 2462, स्विट्जरलैंड में 1699, मैक्सिको में 1732, आयरलैंड में 1159 और पुर्तगाल में 973 लोगों की मौत हो गयी है। इसके अलावा पड़ोसी देश पाकिस्तान में कोरोना वायरस के अब तक 15289 मामलों की पुष्टि हो चुकी है और इसके कारण 335 लोगों की मौत हुई है।

मजदूरों का पलायन जारी

राहत की घोषणा के बावजूद मजदूरों पर असर नहीं

नयी दिल्ली (वार्ता)। लॉकडाउन के कारण देश के अलग-अलग हिस्सों में फंसे मजदूरों को उनके घरों को भेजने की सरकार की घोषणा के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी से गुरुवार को भी इनका (प्रवासी मजदूरों का) पलायन जारी रहा।

दिल्ली में एक दशक से अधिक से ट्रकों पर माल चढ़ने और उतारने का काम कर रहे इन मजदूरों को सरकारी घोषणा प्रभावित नहीं कर सकी और यहां बने रहने का उनका धैर्य आज सुबह टूट गया जिसके बाद वे साइकिल से बिहार की यात्रा पर निकल पड़े।

दिल्ली के शालीमार बाग से छह मजदूरों का यह जत्था अहले सुबह पुलिस से आंख बचते हुए वजिराबाद-गाजियाबाद के रास्ते से दिल्ली की सीमा पार करने की ओर बढ़ रहा था। पुलिस से भयभीत शालीमार गार्डन के पास छांव में आराम कर रहे इन मजदूरों ने बताया कि वे बिहार के बक्सर

जाना चाहते हैं लेकिन पुलिस उन्हें रोक रही है।

पिछले पंद्रह साल से राजधानी में मोटिया का काम कर रहे राजभर और त्रिलोकी ने बताया कि एक माह से अधिक से वे लॉक डाउन समाप्त करने का इंतजार कर रहे थे लेकिन यह बढ़ता ही जा रहा है और अब आगे इसके बढ़ने की संभावना है। उनके पास पैसे समाप्त हो गए हैं और मकान मालिक किराया चुकाने के लिए बार बार दबाव बना रहा था।

मजदूरों ने बताया कि उन्हें जो भोजन दिया जा रहा है वह उनके लिए पर्याप्त नहीं है। वे मेहनत मजदूरी करना चाहते हैं लेकिन कहीं काम करने की अनुमति नहीं है। घर के लोगों का भी वापस लौटने के लिए दबाव है ऐसे में उनके पास घर लौटने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

इन मजदूरों को सुबह की सैर कर रहे लोगों ने कहा कि अब सरकार ने उनके घर लौटने का रास्ता साफ कर दिया है और उसे इंतजार करना चाहिए । मजदूरों की यह टोली लोगों को कोई जवाब दिए बिना आगे बढ़ गई। साइकिल पर पानी पीने का बर्तन और घरेलू उपयोग का कुछ अन्य समान लादे इन युवा मजदूरों ने बताया कि घर पर भी बहुत सा काम है। रबी फसलों की कटनी चल रही है और खरीफ की फसल लगाई जानी है। सुना है कि मनरेगा का काम भी शुरु हो रहा है ऐसे में कुछ दिन गांव में ही रहना ज्यादा बेहतर है। यह पूछे जाने पर कि वे कब तक अपने काम पर वापस आयेंगे तो उन्होंने कहा कि दो तीन माह में काम शुरु होने का अंदाज़ है। वैसे उनके साथ काम करनेवाले साथी अब भी दिल्ली में हैं, वे जब काम मिलने की जानकारी देंगे तब वे लौट आयेंगे। केन्द्र सरकार ने कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण लॉकडाउन की वजह से जगह-जगह फंसे मजदूरों तथा अन्य लोगों को कुछ शर्तों के साथ अपने घर लौटने की अनुमति दे दी है।

पंजाब पुलिस के एसआई इलाज के बाद लौटे घर

कर्फ्यू के दौरान हमले में काट दिया गया था हाथ

नई दिल्ली ए.। पंजाब पुलिस में सब-इंस्पेक्टर हरजीत सिंह पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ से इलाज के बाद गुरुवार को पटियाला स्थित अपने घर लौट आए। 12 अप्रैल को हरजीत पटियाला की सब्जी मंडी में कर्फ्यू को सख्ती से लागू करवाने पहुंचे थे, जिसके बाद कुछ लोगों ने उनके ऊपर हमला कर दिया था। इस हमले में उनका हाथ कट गया, जिसे बाद में सर्जरी के जरिए जोड़ दिया गया था।

पंजाब के पटियाला जिले में रविवार (12 अप्रैल) को निहंगों के एक समूह ने पुलिस दल पर हमला कर दिया था और तलवार से एक अधिकारी का हाथ काट दिया। इस हमले में तीन अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक, एक एसयूवी में सफर कर रहे निहंगों के एक समूह ने उस समय पुलिस दल पर हमला किया जब उनसे पटियाला जिले में एक थोक सब्जी मंडी के

बाहर कर्फ्यू पास दिखाने को कहा गया। इसके बाद पुलिस ने एक कार्रवाई की और गुरुद्वारे से 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने कुछ गोलियां भी चलाईं।

65 लोग इस बारे में बात कर रहे हैं

हमले में सहायक उप निरीक्षक हरजीत सिंह का हाथ तलवार से काट दिया गया और तीन अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस समूह ने पुलिस दल पर सन्नौर नगर में थोक सब्जी मंडी के बाहर हमला किया। इसमें एक 'मंडी' अधिकारी भी घायल हो गया। हमले के बाद यह समूह भाग गया और पटियाला शहर से लगभग 25 किमी दूर बलबेरा गांव में निहंग डेरा परिसर में छुप गया जहां गुरुद्वारा खिचड़ी साहिब भी स्थित है। गुरुद्वारे में गतिरोध घंटों तक चला। बाद में पुलिस ने गुरुद्वारे में प्रवेश किया और मंडी हमले में शामिल पांच लोगों सहित 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

सीमा पर तैनात हैं फौजी पापा, बिटिया का पहला बर्थडे मनाने पहुंची मथुरा पुलिस

मथुरा ए.। उत्तर प्रदेश के मथुरा की रहने वाली संगीता सिंह की बेटी का 29 अप्रैल का जन्मदिन था। संगीता के पति आर्मी में हैं और इस समय ड्यूटी पर बाहर हैं। लॉकडाउन के कारण संगीता इस बात को लेकर मायूस थीं कि वह बेटी का पहला जन्मदिन नहीं मना पाएंगी। इसी बीच उन्होंने पुलिस को इस बारे में बताया। बिटिया का जन्मदिन खास बनाने के लिए मथुरा की पुलिस कई गाड़ियों के साथ केक, बच्ची का फोटो फ्रेम और तोहफे लेकर पहुंच गई और इस दिन को यादगार बना दिया।

थाना गोविंद नगर क्षेत्र की महाविद्या कालोनी निवासी इस परिवार की बिटिया एक साल की हो गई। बच्ची के फौजी पिता देश की सीमा की सुरक्षा में तैनात हैं। ऐसे में बच्ची की मां ने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश पुलिस और मथुरा के पुलिस अधिकारियों के नाम संदेश डाला कि उसका जन्मदिन कैसे मनाया जाएगा।

उनके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा, जब कुछ ही समय बाद तीन कार और कई बाइक्स पर सवार 'यूपी-112' सर्विस के अधिकारी और पुलिसकर्मी

उनके घर एक बर्थडे-केक, ढेर सारे गुब्बारे, फोटो फ्रेम और गिफ्ट लेकर पहुंच गए। बच्ची की बैंकर मां समेत परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में केक कटवाकर उसका पहला जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। जो सभी के लिए अविस्मरणीय यादगार बन गया। परिवार ने इस कदम के लिए पुलिस का आभार प्रकट किया।

पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों में कोरोना से 26 लोगों की मौत

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान में वैश्विक महामारी कोराना वायरस 'कोविड-19' संक्रमण से पिछ्ले 24 घंटों के दौरान 26 लोगों की मौत हो गयी जो एक दिन में मौतों का सबसे अधिक आंकड़ा है। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। डॉन न्यूज के अनुसार प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष राष्ट्रीय सुरक्षा सहायक मोईद युसूफ ने संवाददाताओं को बताया कि पिछ्ले 24 घंटों के दौरान देश में 26 कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई। कोरोना के संक्रमण से 44 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। देश में इस वायरस से मरने वालों की अब तक कुल संख्या 343 पहुंच गयी है। पाकिस्तान में कोरोना संक्रमितों की संख्या 15521 पहुंच गई है। पंजाब प्रांत कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित है वहां इस विषाणु के 5827 मामले है और इसके बाद सिंध में 5695 मामले हैं। इस बीच सरकार ने कहा कि मई के पहले सप्ताह में 7500 प्रवासी पाकिस्तानियों को वापस लाने का फैसला किया गया है।

बेरली : लॉकडाउन में फंसे पति के नहीं लौटने पर पत्नी ने की खुदकुशी

नोएडा ए.। नोएडा में लॉकडाउन में पति के फंसे होने से खुदकुशी का मामला सामने आया है। थाना फेस-2 क्षेत्र के याकूबपुर गांव में रहने वाली 24 वर्षीय महिला ने आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि मानसिक तनाव के चलते उसने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि महिला का पति अपने गृह जनपद बरेली गया हुआ था और लॉकडाउन की वजह से वह लौट नहीं पा रहा था जिस वजह से वह तनाव में थी। पुलिस उपायुक्त (जोन-2) हरीश चंदर ने बताया कि बबली भाटी के मकान में ओमप्रकाश अपनी पत्नी शीतल (25 वर्ष) तथा साली मिथिलेश के साथ रहते हैं। लॉकडाउन से पहले ओमप्रकाश अपने गृह जनपद बरेली गया था, इसी बीच लॉकडाउन हो गया और वह नोएडा नहीं आ पाया।

पुलिस कमिश्नर (जोन-2) ने बताया कि शीतल और उसकी बहन याकूबपुर गांव में ही रह रहे थे। चंदर ने बताया कि आज सुबह शीतल ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

डीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान मृतका की बहन ने पुलिस को बताया है कि ओमप्रकाश काफी दिनों से बरेली से वापस नहीं लौटे थे। इस वजह से शीतल परेशान थी। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। यूपी में 29 अप्रैल की शाम तक मिले आंकड़ों के मुताबिक कोरोना के 2134 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 1585 ऐक्टिव केस हैं, वहीं 510 मरीज ठीक हो चुके हैं। 5 मार्च को यूपी में कोरोना का पहला मामला सामने आया था। ईरान से आए गाजियाबाद के शख्स में कोरोना की पुष्टि हुई थी। राज्य में कोरोना से 34 मौतें हो चुकी हैं। आगरा में सबसे ज्यादा 12 मौतें हुई हैं। प्रदेश में पहली मौत बस्ती के युवक की हुई थी। गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 30 मार्च को इलाज के दौरान उसकी मौत हुई थी। हालांकि मौत के दो दिन बाद 1 अप्रैल को आई रिपोर्ट में उसके कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई थी।

चेतावनी विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेताते हुए कहा- सभी देशों को एकजुट होकर लड़ना होगा इस महामारी से

किसी आतंकवादी हमले से बढ़कर है कोरोना वायरस

जिनेवा/नयी दिल्ली (वार्ता)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना वायरस को किसी आतंकवादी हमले से भी अधिक खतरनाक बताते हुए कहा कि यह दुनिया में उथल-पुथल मचा सकता है और इसलिए सभी देशों को एकजुट होकर इसका मुकाबला करना चाहिये।

'कोविड-19' पर नियमित प्रेस वार्ता को बुधवार को संबोधित करते हुये डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. तेद्रोस गेब्रियेसस ने कहा इस वायरस को हराने के लिए इतिहास के किसी भी क्षण से अधिक इस समय मानव जाति को एक साथ खड़े होने की जरूरत है। मैं पहले भी कह चुका हूँ कि यह वायरस कहर बरपा सकता है। यह किसी आतंकवादी हमले से भी बढ़कर है। यह राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक उथल-पुथल मचाने में सक्षम है। चयन हमारे हाथ मैं है और हमें राष्ट्रीय स्तर पर एकता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकजुटता को चुनना चाहिये।

कोविड-19 के लिए टीके के विकास के बारे में पूछे जाने पर श्री तेद्रोस ने कहा कि दो महीने पहले बताया गया था कि एक-डेढ़ साल में टीका विकसित कर लिया जायेगा। तो अनुमानित समय के अनुसार आने वाले 10 से 16 महीने में टीका बन जाना चाहिए लेकिन हमने इस काम में और तेजी लाने के लिए पिछले सप्ताह एक पहल की शुरुआत की थी जिसमें कई एजेंसियाँ और कई देश मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अब तक 23 लाख स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया है, लेकिन यह काफी नहीं है। उसकी योजना और स्वास्थ्य कर्मियों की प्रशिक्षित करने की है।

हर व्यक्ति की जाँच करना जरूरी नहीं : डब्ल्यूएचओ

जिनेवा/नयी दिल्ली (वार्ता)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने स्पष्ट किया है कि कोरोना वायरस 'कोविड-19' महामारी के संक्रमण को रोकने के लिए देश के हर व्यक्ति की जाँच करना जरूरी नहीं है। भारत में जरूरत से कम जाँच के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर डब्ल्यूएचओ की टेक्निकल लीड डॉ. मरिया वैन कोरखोव ने कहा ÷इसे लेकर शायद कुछ गलतफहमी है कि जब हम ÷जाँच करें, जाँच करें, जाँच करें÷ कहते हैं तो इसका मतलब हर व्यक्ति की जाँच करने से है। हमारा यह मतलब कतई नहीं है। इसका मतलब है कि संक्रमण का पता लगाने में आक्रमक रवैया अपनाते हुये हर संदिग्ध की जाँच करनी चाहिये। साथ ही उनके संपर्क में आने वाले हर ऐसे व्यक्ति की भी जाँच की जानी चाहिये जिनमें इस बीमारी के लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि जाँच का उद्देश्य वायरस का पता लगाना है, वायरस से संक्रमित लोगों का पता लगाना है। यदि किसी में वायरस के लक्षण पाये जाते हैं तो उसे जल्द से जल्द क्वारंटीन कर उपचार शुरू करना महत्वपूर्ण है ताकि उससे दूसरे लोगों तक संक्रमण न फैल सके। जाँच से संक्रमित मरीजों तथा उनके संपर्क में आये लागों की पहचान में भी मदद मिलती है। हम उनके संपर्क में आये लोगों को भी अलग रख पाते हैं ताकि वे भी दूसरे लोगों तक वायरस न पहुँचा सकें। यह संक्रमण फैलने से रोकने का महत्वपूर्ण तरीका है। उन्होंने कहा कि किसी देश में कितनी जाँच होनी चाहिए, यह उस देश की परिस्थिति पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा अक्सर लोग पूछते हैं कि हमें कितनी जाँच करनी चाहिये। यह कह पाना मुश्किल है। यह देश की आबादी, संक्रमण के रुख आदि पर निर्भर करता है। हम सिर्फ देशों को इसके लिए दिशा-निर्देश देते हैं कि यदि क्लस्टर स्तर पर या सामुदायिक स्तर पर महामारी फैल रही है तो उन्हें क्या करना चाहिये।

'मिल्की-वे' में भारतीय वैज्ञानिकों ने खोजे दो 'एलियन' तारे

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय वैज्ञानिकों ने हमारी आकाशगंगा यानी 'मिल्की-वे' में दो ऐसे तारे खोजे हैं जो वास्तव में ब्रह्मांड के शुरुआती एक अरब वर्ष में बने 'ग्लोबल क्लस्टर' का हिस्सा थे और जिनकी प्रकृति आकाशगंगा के अन्य तारों से अलग होने के कारण इन्हें 'एलियन तारे' भी कहा जाता है।

अब तक के अनुमानों के अनुसार, ब्रह्मांड की उम्र करीब 14 अरब वर्ष है। शुरुआती एक अरब वर्ष में कई 'ग्लोबल क्लस्टर' बने थे। हर आकाशगंगा में इन 'ग्लोबल क्लस्टर' के कुछ तारे मिलते हैं हालाँकि अब तक वैज्ञानिक ग्लोबल क्लस्टरों की उत्पत्ति के रहस्य को नहीं समझ पाये हैं।

भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान की प्रोफेसर शिवारानी तिरुपति ने अपनी टीम के साथ मिलकर इन दोनों तारों की पहचान की है। ये तारे हमारी आकाशगंगा के वलय में धरती से 3621 प्रकाश वर्ष की दूरी पर हैं। दुनिया भर में इससे पहले ग्लोबल क्लस्टर के सिर्फ पाँच तारों का ही इतना नजदीकी से अध्ययन किया गया है।

प्रो. तिरुपति की टीम ने इन तारों में अल्युमीनियम, सोडियम, कार्बन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, मैगनेशियम और कई अन्य रसायनों की प्रचूर मात्रा में मौजूदगी के आधार पर इनके 'एलियन' तारे होने की पुष्टि की है। ग्लोबल क्लस्टर के तारों में दूसरे तारों के मुकाबले अल्युमीनियम और सोडियम की मात्रा काफी अधिक पाई जाती है।

■ न्यूज गैलरी

बघेल और सिंहदेव ने ऋषि कपूर के निधन पर गहरा दुख जताया

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता ऋषि कपूर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ट्वीट करते हुए कहा कि एक और दुःखद खबर। अपनी उम्र, सेहत और स्वास्थ्य को कभी भी अपने अभिनय में बाधा न बनने देने वाले महान नायक ऋषि कपूर का निधन, भारतीय सिनेमा में एक शून्य का निर्माण करता है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवारजनों के साथ हैं। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने भी अपने ट्वीट में कहा कि ऋषि कपूर के निधन की खबर दुखद है। एक अभिनेता की उत्कृष्टता, जिसने सिनेमा में अपने शानदार काम से भारतीयों की पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध कर दिया! उन्हें बहुत याद किया जाएगा। दुनिया भर में उनके चाहने वालों और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदना। अभिनेता ऋषि कपूर का पिछले कई दिनों से कैंसर की वजह से स्वास्थ्य खराब चल रहा था जिसके चलते उन्हें कल रात मुंबई के एचएन रिलाइंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। लेकिन ऋषि कपूर कैंसर से लंबी लड़ाई लड़ने के बाद जिंदगी की जंग हार गए। दो दिनों में इरफान खान के बाद ऋषि कपूर के चले जाने से फिल्म जगत में शोक का माहौल है।

राज्यपाल ने ऋषि कपूर के निधन पर जताया शोक

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने भारतीय फिल्म जगत के अभिनेता ऋषि कपूर के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा है कि वे एक महान अभिनेता थे। उनके निधन से कला जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। राज्यपाल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

ऋषि कपूर का जाना अपूरणीय क्षति है: नेता प्रतिपक्ष कौशिक

रायपुर। नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने भारतीय सिनेमा के मशहूर फिल्म अभिनेता ऋषि कपूर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जाना अपूरणीय क्षति है। श्री कौशिक ने ट्वीट कर कहा कि ऋषि कपूर का जाना अत्यंत दुखद खबर है। भारतीय सिनेमा जगत में उनका योगदान अद्भुत रहा और उनका जाना एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं इस शोक संतप्त परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।

जोन के रायपुर, बिलासपुर और नागपुर रेल मंडल ने ऐसे किया जनसेवा

लॉकडाउन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बनी लाईफ लाइन

सुकांत राजपूत

- ■ रेल जोन ने देशभर में 1010 टन जरुरी चीजें भेजी
- ■ 45.14 टन दवा-मेडिकल उपकरण का परिवहन
- ■ 223.2 टन किराना सामान, डेयरी प्रॉडक्ट पार्सल
- ■ रोज 135-140 गुड्स ट्रेन, 8-10 पार्सल वैन चल रहीं

रायपुर। भारतीय रेल को यूं ही देश की जीवन रेखा नहीं कहा जाता। कोरोना संक्रमणकाल में चिकित्सा समेत आमजनों के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों रेल मंडलों ने पार्सल ट्रेनों के जरिए जरुरी सामानों के परिवहन में रिकार्ड कायम किया है। लॉक डाउन में जब पूरा देश थम गया था तब संक्रमण के खतरों के बीच भी बिलासपुर रेलवे जोन के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर व नागपुर रेल मंडल की कमर्शियल टीम कर्तव्य पालन में जुटी हुई थी। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि चिकित्सक, पुलिस और घरों में लॉक डाउन पब्लिक निश्चिंत हो अपनी भूमिका निभा रहे थे वह रेलवे के कमर्शियल डिपार्टमेंट और पार्सल स्टाफ की वजह से ही संभव हुआ। बता दें कि हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग के सबसे अहम जोन ऐरिया में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन है। पूर्व में भी देशभर के सभी रेल जोनों में लगातार माल ढुलाई और पार्सल में सर्वाधिक राजस्व का रिकार्ड भी हमारे जोन के ही खाते में है। कोरोना के खौफ में थर्राए पूरे सिस्टम में एकमात्र रेलवे डिपार्टमेंट ही ऐसा रहा जो संक्रमण के दौरान भी काम करता रहा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, बिलासपुर, नागपुर मंडल से पार्सल ट्रेनों के द्वारा रायपुर देश के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 1010 टन आवश्यक सामग्री भेजने की महती जिम्मेदारी निभाई है। इतना ही नहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में जल्दी खराब होने वाले सामान और एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स को भेजने की सुविधा के लिए विशेष सेल भी गठित किया है। देश के सभी 16-17 रेल जोनों में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने तीनों रेल मंडल के कमर्शियल व पार्सल विभाग के अफसरों का संपर्क नंबर तक सार्वजनिक कर इस सेवा के लिए अपनी कटिबध्दता जाहिर कर एक आदर्श पेश किया है। रायपुर रेल मंडल में लॉक डाउन में प्रतिदिन औसतन 135 से 140 मालगाड़ियां एवं 08 से 10 पार्सल गाड़ियो का परिचालन हो रहा है।

अन्य नकद सामानों में यह

मुख्य वस्तुएं पपीता, अमरूद, चिरौंजी बीज, ताजी सब्जियां, हैं। मोटर साइकिल, साइकिल, कपड़ा, प्लेटिक बैग, वस्त्र, अगरबत्ती, चॉकलेट, कन्फेक्शनरी आइटम, मशरूम, पापड़, मसाले और अन्य किराने की वस्तुएं आदि हैं।

एक दिन में 104 टन और महीने में 1010 टन लदान रिकार्ड

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 29 अप्रैल के एक दिन में लगभग 104 टन की सामग्री लोडिंग की जिसमे रायपुर मंडल का 69 टन सामग्री भेजने का योगदान रहा एवं 107 टन सामग्री अनलोडिंग की यह एक रिकॉर्ड है। 1 से 29 अप्रैल तक कुल लगभग 1010 टन पार्सल लदान किया हैं। रायपुर रेल मंडल ने रायपुर एवं दुर्ग स्टेशन से लगभग 675 टन पार्सल को गंतव्य स्थलों तक पहुँचाया है।

24 घंटे 7 दिन सेवा के लिए संपर्क नंबर जारी

रायपुर मंडल

वाणिज्यिक नियंत्रण- 9752877998
मुख्य वाणिज्य निरीक्षक- मनोज हाटी 9752877995
मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक- रायपुर वाई.जोसेफ 9752877967
मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक - दुर्ग- अमर फुटाने 9109112682,

बिलासपुर मंडल

वाणिज्यिक नियंत्रण-9752876970,
मुख्य वाणिज्य निरीक्षक-निशित कुमार पांडेय -7869964376
मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक- राघवेन्द्र पांडेय 9630015485

नागपुर मंडल

वाणिज्यिक नियंत्रण- 8600109149
वाणिज्य निरीक्षक- प्रवेश यादव 9561012768
मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक- इतवारी-रमेश सदावर्ते 9822734651

दलहन के रकबे में 28 तथा तिलहन के रकबे में 33% की बढ़ोत्तरी का लक्ष्य

किसानों को मक्का और गन्ने की खेती के लिए मिलेगा प्रोत्साहन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। आगामी खरीफ सीजन को लेकर कृषि विभाग द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। राज्य में दलहन, तिलहन , मक्का और गन्ना के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने का विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा आगामी खरीफ सीजन में दलहन के रकबे में 28 फीसद तथा तिलहन के रकबे में 33 फीसद की वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गत दिवस मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, मुख्य सचिव श्री आर.पी. मण्डल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती मनिंदर कौर द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कृषि विभाग द्वारा आगामी खरीफ सीजन को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से खरीफ क्षेत्राच्छादन के लिए जिलेवार निर्धारित लक्ष्य की जानकारी ली। खरीफ के विभिन्न फसलों के बीज एवं रायसानिक उर्वरकों की सोसायटियों में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफसीजन में खाद-बीज की कमी न होने पाए इस पर निरंतर निगरानी रखे जाने की जरूरत है।

बैठक में कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने बताया कि राज्य में इस साल खरीफसीजन में धान के रकबे को 5 फीसद कम करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके स्थान पर किसानों को ज्यादा लाभकारी फसले विषेषकर दलहन और तिलहन खेती के लिए आवष्यक मार्गदर्शन एवं मदद दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी खरीफ सीजन में 37 लाख हेक्टेयर धान की बुआई का लक्ष्य है, जो बीते वर्ष की तुलना में एक लाख 76 हजार हेक्टेयर कम है। इसी तरह मक्का के रकबे को 2 लाख 5 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 2 लाख 38 हजार हेक्टेयर तथा अन्य अनाज की फसलों के रकबे को 76 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 90 हजार हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है। अरहर के रकबे में 34 हजार हेक्टेयर, उड़द के रकबे में 25 हजार हेक्टेयर, अन्य दलहनी के रकबे में 21 हजार हेक्टेयर की वृद्धि का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि तिलहनी फसलों के रकबे में 25 हजार हेक्टेयर की वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत राज्य के 4 लाख 55 हजार 795 किसानों को 634 करोड़ 13 लाख 13 हजार रूपए का दावा भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस साल रबी सीजन में मौसम की खराबी, आंधी-तूफान एवं ओलावृष्टि की वजह से रबी फसलों को नुकसान पहुंचा है। रबी फसलों के बीमा के एवज में किसानों को लगभग 350 करोड़ रूपए का दावा भुगतान होना संभावित है। आरबीसी 6-4 के तहत प्रभावित कृषकों को अतिरिक्त राशि मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि रबी फसलों के दावा भुगतान की शुरूआत भी राज्य में की जा चुकी है। अब तक मुंगेली, कबीरधाम, बलरामपुर जिले के 2666 किसानों को 2.59 करोड़ रूपए का दावा भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत राज्य के किसानों को अब तक 1408 करोड़ रूपए की राशि उनके खातों में जमा हो चुकी है। इस योजना के तहत राज्य में 27 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है।

राज्य के 22.47 लाख कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया गया है। उन्होंने बैठक में कृषि, मछली पालन, पषुपालन, उद्यानिकी के लिए बैंकों में भेजे गए प्रकरण एवं स्वीकृत ऋण राशि के बारे में भी जानकारी दी।

सीएम की अपील शासकीय कर्मी बीते माह की तरह इस बार भी दें वेतन अंशदान

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी अधिकारी-कर्मचारी संघों द्वारा कोरोना वायरस (कोविड-19) से उत्पन्न संकट की घड़ी में आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता के लिए गत माह स्वेच्छा से मुख्यमंत्री सहायता कोष में अपने एक दिन का वेतन दिया गया है, जबकि कई राज्यों में कोरोना संकट को देखते हुए राज्य सरकारों द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन से अनिवार्य कटौती की गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों से अपील की है कि संकट की इस घड़ी में जरूरतमंदों की सहायता के लिए पिछले माह की तरह स्वेच्छा से इस माह भी अपने वेतन से भी एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में प्रदान करें।

गाइनलाइन की दर पर ही 30 जून तक रहेगा वर्तमान बाजार मूल्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रभाव को देखते हुए जमीनों के वर्तमान बाजार मूल्य गाइडलाइन दर की प्रभावशीलता 30 जून 2020 तक बढ़ा दी है। इस तिथि तक वर्ष 2019-20 के लिए प्रभावी बाजार मूल्य गाइडलाइन दर और उसके उपबंध ही प्रभावी रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश आज जारी कर दिए गए हैं।

शहर में पीलिया का प्रकोप, 2237 लोगों का ब्लड टेस्ट

■ जांच के बाद 29 मरीज अस्पताल में भर्ती, 172 को मिली छुट्टी

रायपुर। राजधानी रायपुर में पीलिया का प्रकोप धीरे-धीरे अपना पैर पसारने लगा है। इधर स्वास्थ्य विभाग ने भी अब पीलिया पर लगाम कसने अपनी ताकत झोंक दिया है। शहर में अब तक पीलिया के रोकथाम हेतु 144 सत्रों का आयोजन किया गया है, वहीं 14562 घरों की जांच करते हुए 2237 व्यक्तियों का रक्त परीक्षण किया गया है। शहर में पीलिया का प्रकोप अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। स्वास्थ्य विभाग पीलिया को रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। रायपुर में अब तक पीलिया हेतु 652 व्यक्तियों में धनात्मक बिलीरूबीन पाए गए हैं, वहीं शहर में जल शुद्धिकरण के लिए 55549 क्लोरीन की टेबलेट का वितरण किया गया है, वहीं 10315 व्यक्तियों को ओआरएस का वितरण किया गया है। रायपुर में अब तक पीलिया के 29 मरीज भर्ती हैं तथा 172 मरीजों का उपचार करने के बाद उन्हें छुट्टी दी गई है। अब तक कुल 2237 व्यक्तियों का रक्त परीक्षण किया जा चुका है, जिनमें से 427 वायरस हेपेटाइटिस मरीज पाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ एसीबी ने केंद्र के अफसर को घूस लेते पकड़ा, किस्तों में मांगे थे 1 लाख 20 हजार

-रायपुर निवासी युवक की शिकायत पर हुई कार्रवाई

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ एसीबी ने गुरुवार को रिश्वत लेते हुए केंद्रीय शासन के एक अधिकारी को रंगेहाथ पकड़ लिया। एसीबी द्वारा विज्ञप्ति जारी कइ इस संबंध की जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक एसीबी ने रेलवे के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक को प्रार्थी से 30 हजार रुपए कीं रश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया ।

रायपुर निवासी युवक ने की थी शिकायत

केंद्रीय शासन के आरोपी अधिकारी का नाम शुंभाशीष सरकार, पिता स्व गोपाल चन्द्र सरकार (54) है। शुंभाशीष के खिलाफ रायपुर निवासी नीरज कुमार ठाकुर पिता इन्द्र बहादूर सिंह (28) ने एसीबी में शिकायत की थी। रायपुर के कैलाशपुरी चैंक, वार्ड नंबर-56, बुढ़ा तालाब निवासी नीरज ने दिनांक 06.04.2020 को एक लिखित शिकायत पत्र पुलिस अधीक्षक, एन्टी करप्शन ब्यूरो, रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया था। इसमें बताया गया था कि बिलासपुर निवासी संदीप राय ने रेल्वे कॉलोनी सफाई का कार्य टेंडर पर लिया गया है। संदीप राय की फर्म साईं छाया वेयर हाउस बिलासपुर का प्रोपाईटर है जिसके कार्य करने के लिये आवेदक को अधिकार पत्र एवं मुख्तयार दिया गया है।

आवेदक ने शिकायत में ये बताया

आवेदक ने शिकायत में बताया कि उसने माह जुलाई से दिसम्बर तक किये कार्य का 15,96,000 रुपये का बिल जमा किया है। लेकिन माह जनवरी 2020 से मार्च 2020 तक के कार्य भुगतान के लिये शुंभाशीष, खारून रेल विहार कालोनी, फाफाडीह चौक, दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे (एसईसीआर) रायपुर द्वारा 8 प्रतिशत के हिसाब से रिश्वत की मांग की। आवेदक के मुताबिक कार्य के शुरू से ही भुगतान हेतु काफी प्रताड़ित किया गया और लगतार बेखौफ होकर रेल्वे के अधिकारी द्वारा प्रार्थी से रिश्वत मांगी जा रही है और न देने पर उसका भुगतान रोका जाता है।

अधिकारी ने किस्तों में मांगी थी 1 लाख 20 हजार की रिश्वत

आखिरकार प्रार्थी द्वारा रिश्वत की प्रताड़ना से तंग आकर एसीबी कार्यालय में आकर पुलिस अधीक्षक रायपुर को अपनी व्यथा बताई गई। जिस पर संज्ञान लेते हुये शिकायत का सत्यापन कराया गया। इसमें पाया गया कि आरोपी अधिकारी द्वारा प्रार्थी से 1,20,000/- रुपये की रिश्वत मांगी है। जिसे प्रार्थी को किस्तों में देना है। सत्यापन उपरांत ट्रेप टीम का गठन किया गया एवं विधिवत कार्रवाई उपरांत गुरुवार दिनांक 30-04-2020 को अनावेदक ने आवेदक से प्रथम किस्त के रूप में 30,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया ।

आधी-अधूरी तैयारी के साथ कोरोना से लड़ रही राज्य सरकार

रायपुर। पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कोरोना संक्रमण के रोकथाम को लेकर सरकार की गंभीरता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लॉक डाउन के तीसरे चरण में हम पहुंच रहे हैं इसके बावजूद प्रदेश के जिलों में कोरोना संक्रमण की जांच वह इलाज की व्यवस्था ना हो पाना सरकार की गंभीर लापरवाही को साबित कर रहा है। कोरोना के इस भयानक संक्रमण काल मे पीड़ित हर मरीज को इलाज के लिए रायपुर लेकर आना भी वायरस के फैलाव को बढ़ावा देने की तरह ही है। बृजमोहन ने सरकार से पूछा कि सूरजपुर के जजावल और केकता राहत कैम्प में ठहरे बाहरी प्रदेश के मजदूर जो कोरोना पॉजिटिव पाए गए है उनका सरगुजा मेडिकल कॉलेज या फिर बिलासपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज क्यों नही किया जा रहा है?मतलब साफ है कि सरकार ये संस्थान कोरोना इलाज के लिये तैयार नही है। सरकार को चाहिए कि प्रदेश के सातों मेडिकल कॉलेज व समस्त जिला अस्पतालों को इस हेतु पूर्णतः तैयार रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर कोरोना संक्रमित मरीज का इलाज रायपुर में ही लाकर करना है तो फिर हर जिला अस्पताल में इलाज की सुविधा का ढिंढोरा पीटने की क्या जरूरत है? इस बात से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सिर्फ कागजों में ही सरकार की कार्ययोजना है। राज्य सरकार कथनी और करनी में अंतर दिखा रहा है।आधी-अधूरी तैयारियों के साथ कोरोना से लड़ाई लड़ी जा रही है।

सरकार का बेहतर प्रबंधन, करोना से अभी तक कोई मौत नहीं

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेसी विधायक व पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए रात-दिन करोना महामारी संकट के समय अपने क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचाने में लगे हुए है। श्री शर्मा ने राज्य में कम करोना के केस होने व इस महामारी से कोई भी मौत न होने का पूरा श्रेय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उनकी टीम को दिया है। श्री शर्मा ने कोरोना महामारी पर बताया कि इस महामारी ने 75 वर्ष पूर्व फैली प्लैग बीमारी की यादें ताजा कर दीं। उस समय भी हजारों लोग काल कलवित हुए थे। उस जमाने में न कोई वैक्सीन थी, न दवाई थी। ऐसे बुरे हाल में देश की जनता आयुर्वेद पद्धति व प्राकृतिक चिकित्सा के सहारे उबर सकी। उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में वैक्सीन, मेडिसिन, डॉक्टर, शोधकर्ता, प्रयोगशालाएं सब है, लेकिन अभी तक कोरोना महामारी की वैक्सीन तैयार नहीं हो पायी है। इसके बावजूद भी लोगों ने सावधानी पूर्वक फिजिकल डिस्टेन्स बनाकर करोना बीमारी से निजात के लिए जो उपाय बताये गए हैं उन्हें अपना कर स्वयं को सुरक्षित रखा है। इसी सूझ-बूझ के कारण हमारे देश व विशेषकर छत्तीसगढ़ में करोना के हादसे बहुत कम हुए है।सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में करोना के कम मामले होने व एक भी मौत न होने का पूरा श्रेय प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेहतर प्रबंधन को जाता है।

नव प्रदेश
अभिव्यक्ति
रायपुर, शुक्रवार, 1 मई 2020

संपादकीय

केन्द्रीय कर्मियों की पीड़ा

कोरोना वायरस के कारण दुनिया के अन्य देशों की तरह हमारे देश की अर्थव्यवस्था भी गड़बड़ा गई है। विपदा की इस घड़ी में पीड़ित मानवता की सेवा करने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने पड़ा रहे है। उठाने भी चाहिए किन्तु केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों के भत्ते बंद करना किसी भी दृष्टि से अनुचित है। कर्मचारी ही सरकार के हाथ, नाक, आंख और कान होते है। देश जब कोरोना काल से गुजर रहा है तो यह सरकारी कर्मचारी ही है जो कोरोना योद्धा के रूप में काम कर रहे है। उनके भत्तों को रोका जाना उन केन्द्रीस कर्मचारियों के साथ अन्याय ही कहा जाएगा। सरकार को उनकी पीड़ा समझनी चाहिए और अपने इस फैसले पर पुनरविचार करना चाहिए। होना तो यह चाहिए कि इस विषम स्थिति में अपनी जान हथेली पर रख कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने वाले कर्मचारियों को सरकार पुरस्कृत करती और उन्हे प्रोत्साहित करती ताकि उनका हौसला बढ़ता किन्तु ऐसा न करके सरकार ने उन्हे हतोत्साहित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कई बार यह बात कही है कि निजी संस्थान अपने कर्मचारियों को कोरोना काल में भी वेतन का भुगतान करें ताकि उन्हे आर्थिक समस्याओं को सामना न करना पड़े। वहीं दुसरी ओर खुद सरकार अपने कर्मचारियों के भत्तों पर रोक लगाकर निहायत गलत संदेश दे रही है। सरकार को केन्द्रीय कर्मचारियों के भत्तों पर लगाई गई रोक को हटाना चाहिए और अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए। सांसदों, विधायकों और पार्षदों जैसे जनप्रतिनिधियों के वेतन भत्तों और अन्य सुविधाओं में कटौती करनी चाहिए। हमारे देश में अधिकांश माननीय करोड़पति है। जिन्हे यदी साल दो साल तक वेतन भत्ते और अन्य सुविधाएं न भी दी जाएं तो भी उन्हे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इसके अलावा सरकार अपने अनावश्यक खर्चो में भी कटौती कर सकती है और मित्त व्ययीता बरत सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कठोर कदम उठाना सरकार की विवशता है लेकिन उसके ये कठोर कदम सरकारी कर्मचारियों के पेट पर न धरे जाएं। सरकारी कर्मचारी ही है जो सरकार की हर योजनाओं को क्रियान्वित करते है और संकट काल में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चुनौतियों का सामना करते है। सरकार केन्दीय कर्मचारियों की हितों की रक्षा करें और उनके साथ न्याय करें।

लम्हे शाद के

- विजय गुप्ता

बस ऐसे ही लम्हों से शायद चुरा लेता हूँ खुद ढाढस पाने कुछ याद दिला देता हूँ। शास्त्र ज्ञान कहता है सबसे उत्तम कौन सिर चढ़के था था थैया सहने हम कौन आ जाते हैं अपनी पे नाद जता देता हूँ बस ऐसे ही लम्हों से शाद चुरा लेता हूँ। खुद ढाढस पाने कुछ याद दिला देता हूँ। कहासुनी मतवालों को अदालत होती है है कटु सत्य मगर वजह अदावत होती है स्व तरकश लफ़्ज़ों से वाद बता देता हूँ बस ऐसे ही लफ़्ज़ों से शाद चुरा लेता हूँ खुद ढाढस पाने कुछ याद दिला देता हूँ। मेहनतकशों का हर वक़्त तिलक नहीं होता दायित्व पालन खातिर महज फ़लक होता सुंदर उपमाधारी कलंकित चांद बता देता हूँ बस ऐसे ही लफ़्ज़ों से शाद चुरा लेता हूँ खुद ढाढस पाने कुछ याद दिला देता हूँ। यथावत रहने निभने वाले कितने कम हैं कूड़े करकट से तथ्य तर्क का दमखम है घूरे से सोना उपजाने खाद बना लेता हूँ बस ऐसे ही लफ़्ज़ों से शाद चुरा लेता हूँ खुद ढाढस पाने कुछ याद दिला देता हूँ। सुख-दुख आवाजाही मान अपमान के संग तुला में चलने जाए कौन?सृजन हमारा रंग कुछ खुशियों खातिर अवसाद बुला लेता हूँ बस ऐसे ही लफ़्ज़ों से शाद चुरा लेता हूँ खुद ढाढस पाने कुछ याद दिला देता हूँ। समयांतर बुराई भलाई कर्म बढ़ते जाते जिन्हें नापने पैमाने भी बदलते ही जाते संबंधों की स्वर्ण तराजू में मांद बना लेता हूँ बस ऐसे ही लफ़्ज़ों से शाद चुरा लेता हूँ खुद ढाढस पाने कुछ याद दिला देता हूँ।

माहें रमजान



तबस्सुम परवीन

सुनो न चलो इस रमज़ान मे हर बार से भी ज्यादा इस बार इबादत करते है । अपने साथ चलो औरों के लिए भी दुआऐं करते है ।

माहें रमज़ान के मोकद्दस महीने मे । चलो ना बंद कमरे मे इबादत का मज़ा लेते है।

आंखे हुई बेज़ार, दिल हुआ है जख्मी। चलो ना हम कुरान के हरफ़ों को याद करते है।

जब तुम्हें रोजे मे प्यास सताए मोमीनों। चलो ना हर के जैसे कर्बला वालो को याद करते है ।

एहसासे रोजा हो और जब सताने लगे भुख। चलो ना बंद आंखो से उन मुफ़लिसों को याद करते है।

ना ज्यादा सजाव तुम इफ्तार की थाली। चलो ना चंद चीजे उन मज़बुरों को बांट देते है।

चलो न कुरान के हरफों को याद करते है। बंद कमरे मे इबादत का मज़ा लेते है।।

कोविद संकट के दौर में पंचायत की भूमिका

पंचायत स्तर पर संस्थागत निर्माण आवश्यक

डॉ मही पाल

> अधिनियम में जो प्रदान किया गया है, वह ज्यादातर मामलों में पंचायतों द्वारा ज्ञात नहीं है। देश में 2 लाख और 55 हजार से अधिक पंचायत हैं, जिनमें तीस लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जिसमें 46 प्रतिशत महिलाएं और 26 प्रतिशत एससी और एसटी शामिल हैं, जो देश में काम कर रहे हैं। दिलचस्प रूप से वे कोविद-19 को प्रभावी ढंग से संभाल सकते हैं यदि उन्हें कानून, प्रक्रिया और कोविद-19 दिशानिर्देशों के बारे में बेहतर जानकारी दी जाए। आने वाले वर्षों में, यह अधिक महत्त्वपूर्ण होगा क्योंकि गाँवों को साफसुथरा रखा जाना चाहिए ताकि कोविद-19 और इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

कोविद-19 ने महामारी का रूप ले लिया है। इसे युद्ध की तरह लड़ा जा रहा है। संपूर्ण भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था को इसने गंभीर दबाव में डाल दिया है। इसे लेकर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में समस्या है। मार्च 2020 के तीसरे सप्ताह में तालाबंदी के अचानक लागू होने से हजारों कैजुअल वर्करों को अपने गांवों की ओर मार्च करने के लिए मजबूर होना पड़ा। कई कामगारों की उनके गाँव जाने के रास्ते में मौत हो गई है। उन्होंने अपने घरों के लिए शहरों को छोड़ने का फैसला क्यों किया, इसके बावजूद कि कोई परिवहन नहीं है और गाँव अक्सर सैकड़ों, यहाँ तक कि हजार किलोमीटर दूर है?

क्योंकि, वे अपने गांवों, ग्रामीणों और उनके संस्थानों, जैसे कि पंचायतों को अपने पैसे और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रासंगिक मानते हैं। गांवों में अक्सर क्लोज-नाइट सोसायटी होती हैं, जहां प्रत्येक व्यक्ति की देखभाल की जाती है, और लोग सभी की भलाई के लिए जिम्मेदार होते हैं। क्या इस संबंध में ग्राम पंचायतें वास्तव में मायने रखती हैं? ऐसी स्थिति में, पंचायतों और उनके सदस्यों की भूमिका, जो ग्रामीणों के करीब हैं, राज्य और केंद्र सरकारों की तुलना में ज्यादा महत्व रखती हैं। उन्हें राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा निर्धारित मानदंडों पर अपने स्तर पर आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। राज्य पंचायत अधिनियमों में अपने स्तर पर महामारी को नियंत्रित करने के प्रावधान भी हैं। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिनियम की धारा 15 के तहत धारा 23 ग्राम पंचायत को महामारी को नियंत्रित करने का अधिकार देता है। विभिन्न राज्य पंचायतों में महामारी के लिए अलग प्रावधान हैं।

सबसे पहले, पंचायतों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय सरकारों के रूप में कार्य करना चाहिए। इस उद्देश्य के लिए कम से कम उन्हें स्पष्ट रूप से परिभाषित कार्यों की जानकारी लेनी चाहिए, कार्यों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन और उन्हें सौंपे गए कार्यों में भाग लेने के लिए पर्याप्त कार्यकर्ता चाहिए। पर वास्तविकता क्या है? उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि राज्य, व संघ शासित राज्य क्षेत्रों में से किसी ने भी 73 वें संशोधन अधिनियम के लागू होने के दो दशकों से भी अधिक समय तक 100 प्रतिशत विचलन (पंचायतों को हस्तांतरित होने की उम्मीद) हासिल नहीं किया था।

दूसरा, सभी ग्राम पंचायतों में कार्यालय भवन नहीं है जहां से वे अपने कर्तव्यों और कार्यों का निर्वहन कर सकते हैं। असम, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मणिपुर और तमिलनाडु को छोड़कर, अन्य राज्यों में इन संस्थानों के कार्यालय नहीं हैं। यूपी और बिहार जैसे राज्यों में समस्याएं बहुत गंभीर हैं। कार्यालयों के बिना, पंचायतों को कोविद -19 के मुद्दों को प्रभावी ढंग से संभालने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? ग्राम पंचायत की बैठक कहाँ आयोजित की जाएगी? ग्रामीणों को ग्राम प्रचायत के मुखिया

> ग्रामीणों को ग्राम प्रचायत के मुखिया और स्वास्थ्य और स्वच्छता समिति के अध्यक्ष से मिलने के लिए कहाँ आना होगा? इस बात का कोई आंकड़ा नहीं है कि क्या ऐसी सभी समितियां, जो कोविद -19 के संदर्भ में इतनी महत्वपूर्ण हैं, का गठन पहली बार में किया गया है। ऐसी स्थिति में, पंचायती राज या तो ग्राम पंचायत के मुखिया या प्रधान के अलमीरा में होगा या ग्राम सचिव के बैग में। जब ग्रामीण समाज जाति और वर्ग के आधार पर इतना स्तरीकृत है, तो कोई यह कैसे सोच सकता है कि हाशिए के समूहों को ग्राम पंचायत प्रधान के आवास पर जाने की अनुमति होगी? और, अगर उन्हें तकनीकी रूप से अपनी शिकायतों को सीधे संबोधित करने की अनुमति होगी, तो कौन गारंटी दे सकता है कि उन्हें उच्च जाति के व्यक्ति के समान सम्मान दिया जाएगा?

और स्वास्थ्य और स्वच्छता समिति के अध्यक्ष से मिलने के लिए कहाँ आना होगा? इस बात का कोई आंकड़ा नहीं है कि क्या ऐसी सभी समितियां, जो कोविद -19 के संदर्भ में इतनी महत्वपूर्ण हैं, का गठन पहली बार में किया गया है। ऐसी स्थिति में, पंचायती राज या तो ग्राम पंचायत के मुखिया या प्रधान के अलमीरा में होगा या ग्राम सचिव के बैग में। जब ग्रामीण समाज जाति और वर्ग के आधार पर इतना स्तरीकृत है, तो कोई यह कैसे सोच सकता है कि हाशिए के समूहों को ग्राम पंचायत प्रधान के आवास पर जाने की अनुमति होगी? और, अगर उन्हें तकनीकी रूप से अपनी शिकायतों को सीधे संबोधित करने की अनुमति होगी, तो कौन गारंटी दे सकता है कि उन्हें उच्च जाति के व्यक्ति के समान सम्मान दिया जाएगा? तीसरा, अधिकांश ग्राम पंचायत पर्याप्त कंप्यूटर, टेलीफोन, इंटरनेट सुविधाओं और कर्मियों से संपन्न नहीं हैं। तब कैसे ग्राम पंचायतों से वर्तमान स्थिति से निपटने के लिए हर तरह के लोगों के साथ सक्षम नेटवर्क बनाए रखने की उम्मीद की जा सकती है? ज्यादातर उदाहरणों में, ग्रामीणों और जीपी अध्यक्षों को ऊपर से संकेत देने का काम खुद ही करना पड़ता है, लेकिन ग्राम पंचायतों में उन्हें संस्थागत रूप से संभालने की क्षमता नहीं होती है।

चैथा, जागरूकता और क्षमता निर्माण को ग्राम पंचायतों प्रधानों और सदस्यों, साथ ही अन्य समितियों और उनके अध्यक्षों को सिखाया जाना चाहिए। भूमिकाओं पर स्पष्टता के अभाव में कुसंगति पैदा होती है। यूपी में एक ग्राम पंचायत प्रधान को जिला प्रशासन द्वारा जेल भेज दिया गया था क्योंकि उन्होंने सामाजिक दूरी का पालन करते हुए लौटने वाले प्रवासियों को नहीं रखा था। जब शिविर का निरीक्षण किया गया और पूछा गया कि प्रक्रियाओं का पालन क्यों नहीं किया गया, तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। हालांकि, प्रेस में यह बताया गया है कि भोजन को अलग-अलग व्यक्तियों को नहीं परोसा जाता है, इसलिए वे रात में अपने घरों में वापस चले गए। ग्राम पंचायतों और उनके प्रतिनिधियों की स्थिति को देखते हुए, उन्हें भवन, कंप्यूटर और संबंधित सुविधा, पर्याप्त कर्मियों, दोनों तकनीकी और गैर-तकनीकी, अधिकारियों और गैर-अधिकारियों के समुचित क्षमता निर्माण के संदर्भ में पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उनके व्यवहार से नकारात्मकता को दूर करके उनके आंतरिक संसाधन, सामुदायिक संपत्ति या सार्वजनिक संपत्ति के स्वामित्व की भावना और उचित पठन सामग्री और प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करके अहंकारी दृष्टिकोण को समाप्त करना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में सोशल री-इंजीनियरिंग के माध्यम से सामाजिक पूंजी विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है ताकि सहयोग और समन्वय का वातावरण बने। गांवों में पैसों से ज्यादा इसकी जरूरत है। कोविद- 19 को नियंत्रित करने में केरल का उदाहरण प्रशंसनीय है।

न तुम ही मिलोगे न हम ही मिलेंगे

अंशु विनोद गुप्ता

न तुम ही मिलोगे न हम ही मिलेंगे। फ़क़त सोज़-ए-हिज्रां में जलते रहेंगे।

निभा दोनों लेंगे यूं अपनी वफ़ा को अगर जी न पाए यक़ीनन मरेंगे।

ज़माने के डर से बहुत खींची रेखा कभी ना कभी फ़ासले तो मिटेंगे।

वो युग था पुराना ख़तों का चलन था शपथ हमने ली थी कि ख़त ही लिखेंगे।

ये क़ासिद भी निकला दिवाना बेचारा जो पहुँचे न ख़त उसके घर से मिलेंगे।

ख़तों का पुलिंदा बड़ा क़ीमती है ख़ज़ाना सँभाले उमर भर रखेंगे।

लखन उर्मिला सी तपस्या हमारी मिलन की घड़ी तक जुदाई सहेंगे।

इरादों की ऊँची हवेली की सीढ़ी क़दम से क़दम हम मिलाकर चढ़ेंगे।

कहानी मुहब्बत की सच्ची सभी की लिखो 'अंशु' दिल से तभी तो पढ़ेंगे।

वैश्विक आपदा आई, संकट के बादल घिर आए हैं

आरती तिवारी सनत

वैश्विक आपदा आई, संकट के बादल घिर आए हैं,
किसी न किसी रूप में पहले भी,
विश्व में आपदाएं आती रहीं, हमेशा की तरह देवदूतों ने इस बार भी,
अपनी जान की परवाह किए बिना, मानव की जान बचाने दिन-रात,
डॉक्टर हो या नर्स लगे हुए हैं अपनी, पूरी करने जिम्मेदारी त्याग तपस्या,
सब मानव की जान बचाने में, अपने परिवार की चिंता ना कर,
मानवता ही परमो धर्म इनका, पुलिस विभाग कर्तव्य निष्ठा के साथ, पालन कर रही अपना फ़र्ज़,
सफ़ाई कर्मी हर शहर हर गलियों में, साफसफ़ाई सेनीटाइज कर रहे हैं,
स्कूल ,अस्पताल, रेल के डिब्बे, हर यथासंभव स्थान,
हमारी फ़ौज भी जीवन बचाने में लगी, पूरे देश में लॉक डाउन किया है,
सभी तरह के यातायात को बंद किया , घरों के अंदर रहे, सुरक्षित रहें,
ऐसी विषम संकट की घड़ी में, कई सामाजिक संस्थाएं गरीबों को,
भोजन के पैकेट भेज रहीं, मुफ्त इलाज किए जा रहे ,
दवाइयां बांटी जा रही है, मास्क बांटे जा रहे हैं,
सरकार हर एक नागरिक से, संस्थानों से निवेदन किया है,
उनकी पगार ना रोकी जाए, प्रधानमंत्री मोदी जी ने
सभी गरीबों को आर्थिक सहयोग दिए, आज सभी मिलजुल कर भारत की एकता अखंडता को अक्षुण्ण बनाए हैं,
सारे विश्व को संदेश देते , यहां की संस्कृति, सभ्यता, खानपान, रहन-सहन की जीवन शैली,अध्यात्म,
संयम ,धैर्य ,विश्वास ही ताकत है, वैश्विक संकट में यह सब देवदूत ही, जो मानव रूप धरे हुए सेवा में एकजुट हुए है, हे देवदूत! तुम सबको मेरा नमन।।

एक दीप देश के नाम

प्रीति हर्ष

आओ मिलकर दीप जलाएं
उम्मीदों और सम्मान का
अकलुश अंतर्मन से
उन सब के लिए
जो साथ देश के
बिना ढाल जो खड़े हुए
समर की इस बेला में
जाति ,धर्म को भूलकर
साथ देश के बने रहे
उस दिन कि तुम बाट ना देखो
मृत्यु बाण जो बींध रहा
शायद तेरे अपने भी हों
क्रंदन और चित्कार ही हो
दूषित अपने कर्मकरण से
मोहपाश से दूर हटो
आकाश तिमिर शायद छंट जाए
आओ मिलकर दीप जलाएं
विजय पताका फहराने को
अपने संश्रय की देहरी पर।

उम्मीद का एक दीप जलाएं

अमित शुक्ला 'अजस्र'

फैली है विश्व में महामारी संकट है मानव पर भारी
छोटा सा एक विषाणु ना दिखे ना समझे कोई
मानव का दुश्मन बन बैठा कोविड-19, नाम करोना
संक्रमण करता मानव को जीवन से दूर.....
हाहाकार मचाया जग में लाखों जीवन निगल गया है
विश्व के अन्य देशों में फैला भारत में सुरसा से मुंह से
पांव पसारे बढ़ता धीमे भारत के प्रधानमंत्री जी ने
लिया बड़ा अहम ये निर्णय 22 मार्च को जनता कर्फ्यू
लगाया सारे भारत भर में डॉक्टर नर्स पुलिस के सम्मान में
किसी राज्य में 144 की धारा मानव की सुरक्षा के लिए
चौबीस मार्च की रात से इक्कीस दिन के लिए किया सारे शहरों को लॉक डाउन
धीरे धीरे सब नियंत्रित होगा देशवासियों से मन की बात आह्वान किया है, नमन किया है देना सब भारतवासी साथ
पांच अप्रैल रात नौ बजे से नौ मिनट तक सभी मिलकर अपने घर के आंगन में बालकनी में
उम्मीद का एक दीप जलाना
देश से है कोरोना भगाना घर से बाहर निकलो मत
रहो सुरक्षित अपने घर में
स्वस्थ रहे जीवन यही उम्मीद का दीप जलाना
पर्यावरण को है बचाना प्रकृति मां से दुआ मांगना
प्यारे देशवासियों मेरे एक विनती मेरी सुन लो.....
उम्मीद का एक दीप जलाना
खुश रहो मेरे भारतवासी मेरी विनय सुन लेना
साथ सभी मिल जाओ मेरी छोटी सी बात मान जाओ
घर से नहीं निकलना अपनों का भी करो ख्याल
उस दिन दूरी रखना ही इलाज है इसका फिर जीवन भर साथ रहो।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भगवा ध्वज लगाना

भगवा ध्वज लगाना पूर्णतयः कानूनी है और यह कार्य संविधान में प्रदत्त मूल अधिकारों- समानता का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार व धर्म की स्वतंत्रता के अंतर्गत संरक्षित है...प्रशासन द्वारा भगवा ध्वज लगाने से रोकना शक्ति का दुरुपयोग है और इसका तीव्र प्रतिकार होना चाहिए।

- कुमार संतोष

बेताब दिल करे है बस तेरा ही इंतज़ार,

बेताब दिल करे है बस तेरा ही इंतज़ार, कुछ प्यार का खुमार है मौसम भी खुशगवार, इस दिल को कहाँ चैन अब तेरे बिना हबीब, तू आए तो मिट जाए खलिश आए नौबहार!

- कुलदीप मिश्रा

खास पाती

दुनिया की पढ़ाई कर लो

दुनिया की पढ़ाई कर लो दो वक़्त की रोटी की कमाई कर लो दुनिया भर की शहर कर लो परिवार में संस्कार-रिवाजों का संचय कर लो आज आडंबर के चलते ही मानव मानवीय अहंकार से शीघ्र बचें विभिन्न-भिन्न स्थानों का अनुग्रहण करें अपनी भारतीय संस्कृति का परिचय दें भीष्ण ग्रीष्मावकाश का लूकत उठाओं ग्रीष्मकालीन का आनंद सहपरिवार ही उम्मद, बे लगाम भय चितन मन दुःखद को अल्प समय के लिए अलविदा कर लो खुशियाँ बॉट-बटोकर ले आनन्दायी पल वन-बाग,फूल-फल,झील-नदियॉ जंगल-पहाड़ ग्रीष्मकालीन छुट्टी में शीघ्र ध्यान रखें बालक किट-पंतगों व पक्षियों का पानी पात्र में रखें नीर-जल हर रंग-बिरंगों भरा ये मौसम हरियाली खुशयाली, बहुअल्फ़ाज खुशयाली हो। - गौरी पटले

कुछ इस तरह मेरे ख़त का ज़वाब

कुछ इस तरह मेरे ख़त का ज़वाब आया!! ख़त में लिपटा हुआ एक गुलाब आया!! ना वादे थे, ना शिकायत थी, ना थी कोई आरज़ू, एक कोरे कागज़ सिर्फ़इक़रार आया!! उनके ख़यालों में डूबे रहे इस क़दर हम, चाँद में भी उन्हीं का दीदार पाया!! नज़राना कोई प्यार का न भेजा फिर हमने, बाज़ार में उससे बेहतर न फिर गुलाब आया!! थी तमन्ना इब्तिदा से, शोर रूह का कोई समझे, मेरे मुस्कुराने पर आज उनका सवाल आया! - शिल्पी अग्रवाल

काल के गाल में समा गए हैं

काल के गाल में समा गए हैं, कोई उपाय भी सुझत नाही। कोलाहल चारों ओर मचा है, लाकडाउन को बुझत नाही। अनुरोध है मेरा सभी जन से, दूरी बनाकर रहो मेरे भाई, तेजी से पांव-पसार रही है, कुछ लोग निर्देश सुनत नाही॥ - रमेश कुमार सिंह

संवेदना और भावनायें इंसान को

संवेदना और भावनायें इंसान को पशु से अलग करती है और निःसन्देह हमें किसी की मृत्यु पर सम्वेदना जाहिर करनी चाहिए कुछ ढंग की बात शेयर कीजिये ःइरफ़ानःख़ान की जो प्रेरणादायक हो जमीन से जुड़ी शख्शियत थी लेकिन, कुछ लोग ऐसे छाती पीट रहें जैसे इरफ़ान खान इनके घर रोज आते थे। ठीक है आप उन्हें जानते थे लेकिन, ये भी सच है वो आपको नहीं जानते थे। - तनु युग भरद्वाज

छत ने आंगन से कहा आखिर अपनी

छत ने आँगन से कहा आखिर अपनी छाती पर बरसों तूने दर्द सहा आज दीप को प्रतीक्षा है प्रज्ज्वलित होने के लिए तेरी देहरी का क्या इंतजार है तुझे भी आशा की किरण पहली का क्यों उदास चिड़िया तेरे दीपक को देख रो रही है शायद अपने अश्कों को उस रोशनी में धो रही है क्यों स्नेह नेत्रों में आकाश के वो बात न रही पहले जैसी खुशी खूबसूरत चांदनी रात न रही क्यों हवा की पहली जैसी महकती साँस न रही पंछियों को जीने की आस न रही। - अनुभूति गुप्ता

जाति धर्म सब भूल हम, सच्चे हैं इंसान

जाति धर्म सब भूल हम, सच्चे हैं इंसान हृदय से अब गा उठें, धरती अम्बर गान बोध हुआ अब मनुज को, अटकी सबकी सांस खिल जाएं प्रभु पुष्प दिल, दे दो वर मुस्कान। - ज्योत्सना सक्सेना

हम भारतीय सभी धर्मों का आदर करते है

हम भारतीय सभी धर्मों का आदर करते है,गलत आचार-व्यवहार ही बुरा बनाते है इंसान को... जबकि सभी धर्मों में अच्छे-बुरे दोनों ही तरह के लोग है बस,सुधार की आवश्यकता है...फिर तो देश से अपराध ही हट जायेगा! - वन्दनागोपाल शर्मा 'शैली'

QUIZ TIME

1) मक्खन दूध से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार, कागज......... से संबंधित है।
(क) लिखने (ख) कलम (ग) लुगदी (घ) रबर

2) उस विकल्प का चयन करें जो तीसरी संख्या से वहीं संबंध रखता है जो दूसरी संख्या पहली संख्या से रखती है।
11: 120 :: 15 : ....

3) पटकोई बुम पर्वत श्रेणी किस राज्य में अवस्थित है? (कर्नाटक / असम)

4) लगातार बढ़ती कीमतों की प्रक्रिया को निम्नलिखित में से क्या कहते हैं?
(क) मुद्रा का अवमूल्यन (ख) मुद्रा स्फीति (ग) कीमतों का घटना

5) अन्तर्राष्ट्रीय संस्था का नाम बताए जो स्विट्जरलैंड में स्थित है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) लुगदी (2) 224 (3) असम (4) मुद्रा स्फीति (5) अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1715 - फारस ने स्वीडन से युद्ध की घोषणा की। 1822 - जॉन फिलिप्स बोस्टन के पहले मेयर बने। 1834 - बेल्जियम की संसद ने रेलवे कानूनों को स्वीकार किया। 1840- विश्व का पहला डाक टिकट ब्रिटेन में जारी किया गया। 1876- महारानी विक्टोरिया ने भारत का खिताब जीता। 1886- अमेरिका की मज़दूर यूनियनों ने काम का समय आठ घंटे से ज़्यादा न रखे जाने के लिए हड़ताल की थी। 1897- स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। स्वामी विवेकानन्द का उद्देश्य ऐसे साधुओं को संगठित करना था, जो रामकृष्ण परमहंस की शिक्षाओं में गहरी आस्था रखें, उनके उपदेशों को जनसाधारण तक पहुँचा सकें और संतप्त एवं दुःखी मानव जाति की निःस्वार्थ सेवा कर सकें।

चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच लगी सब्जी मंडी

निगम एवं पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत आकाशगंगा सब्जी मंडी में प्रातः 3.30 बजे से निगम के अधिकारी, कर्मचारी सुरक्षागार्ड एवं पुलिस प्रशासन व्यवस्था बनाने के लिए मौजूद हो गए थे। वाहनों के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है आकाशगंगा सब्जी मंडी में चारों ओर से आवाजाही रहती है जिसको देखते हुए प्रवेश क्षेत्र में निगम के सुरक्षा गार्ड एवं व्यापारी मौजूद थे। थोक मंडी में सब्जी लेने आने वाले वाहनों को प्रवेश नहीं दिया गया बल्कि वाहनों को

पार्किंग स्थल पर लगाने टीम मुस्तैद रही। एक दिन पूर्व आकाशगंगा सब्जी मंडी में व्यवस्था बनाने के लिए आवाजाही बाधित करने वालों के शेड एवं सामग्रियों को तोड़फोड़ दस्ता की टीम द्वारा हटाया गया था तथा जुर्माना भी लिया गया था। आज 2 लोगों से आवाजाही बाधित करने एवं सड़क पर ही सब्जी का फुटकर व्यवसाय करने तथा सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं करने पर मोहन साहू एवं सुरेश सिंह से 5 हजार जुर्माना वसूला किया। उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम सुबह से आकाशगंगा सब्जी बाजार में सोशल डिस्टेंस मेंटेन कराने तथा अन्य व्यवस्था के तहत निगरानी रखने मंडी में मौजूद रहे। मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों को पुलिस प्रशासन एवं निगम की टीम ने उठक बैठक करा कर वापस घर भेजा और मास्क पहनकर ही घर से बाहर निकलने की हिदायत दी। व्यवस्था बनाने पुलिस प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस मौजूद रहे वाहनों की पार्किंग के लिए व्यापारियों को समझाइश देते रहे। स्पीकर के माध्यम से सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने तथा संदेश देने का कार्य निगम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा किया जाता रहा। सब्जी के फुटकर व्यवसायी आकाशगंगा सब्जी मार्केट में विक्रय नहीं करेंगे इनके लिए पृथक से अन्य स्थल व्यवस्था की गई है ऐसे फुटकर विक्रेता निर्धारित किए स्थान पर ही सब्जी बेच सकते हैं। आकाशगंगा सब्जी मंडी संघ द्वारा बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए सुबह 4 से 7 बजे तक ही होलसेल मार्केट लगाने का निर्णय किया है जिससे निर्धारित समय पश्चात कोई भी सब्जी व्यापारी आकाशगंगा सब्जी मंडी में विक्रय नहीं कर पाएगा। निगम प्रशासन की टीम सब्जी मंडी के अंदर निरीक्षण करते हुए सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने की हिदायत देते रहें। खरीदी करने आने वाले क्रेता को चिन्हित, वाहनों को बाहर रखकर स्वयं खरीदारी करने सब्जी मंडी के भीतर प्रवेश करते हैं ।

ज्वैलरी शॉप में चोरी का प्रयास

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लॉकडाउन में छूट प्राप्त सेवाओं को छोड़कर अधिकांश दुकानें बंद होने से जहां व्यवसायी परेशान हैए वहीं इस बंद का शहर में सक्रिय चोर नाजायज फायदा उठाते हुए नजर आ रहे है। जिसके परिणाम स्वरुप चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। जो व्यवसाईयों में दहशत का कारण बना हुआ है। इसका बड़ा उदाहरण इंदिरा मार्केट स्थित पारख जय ज्वेलरी में सामने आई वारदात है। चोर ज्वेलरी में चोरी की वारदात को अंजाम देने पूरी योजना बनाकर आए थे। योजना के तहत पहले चोरों ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा को उखाड़ा, लेकिन वारदात को अंजाम देने में असफल होने पर वे कैमरा को अपने साथ लेकर फरार हो गए। इस दौरान चोरों ने पारख जय ज्वेलरी

के सामने स्थित न्यू फैशन दुकान में भी चोरी करने का प्रयास किया। जिसके लिए चोरों द्वारा दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा के तार काटे गए थे, लेकिन दुकान में घुस नहीं पाए। जिससे इंदिरा मार्केट में दो दुकानों में बड़ी चोरी की वारदात बाल.बाल टल गई। शनिचरी बाजार निवासी पारख जय ज्वेलरी के संचालक जय पारख के गुरुवार की सुबह दुकान के निरीक्षण के लिए पहुंचने पर उन्हे चोरी के प्रयास के वारदातों का पता चला। घटना से व्यवसाईयों में अपने बंद दुकानों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ज्वेलरी के सीसीटीवी कैमरा में चोरों की हरकत कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज में दो चोर नजर आ रहे है। जिनमें एक कैमरा को क्षतिग्रस्त कर रहा है, वहीं दूसरा कुछ दूरी पर खड़ा होकर आने.जाने वालों की निगरानी कर रहा है। ज्वैलरी संचालक द्वारा घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस थाना में की गई है।

न्यूज गैलरी

पेट्रोल पंप मालिक ने किया निगम के कर्मवीरों का सम्मान

दुर्ग। नगर पालिक निगम के पोटियाकला वार्ड 53 में कार्यरत 21 कोरोना कर्मवीरों का आज हिंदुस्तान पेट्रोलियम के हिन्द इंटरप्राइजेज पेट्रोल पंप के मालिक आलोक सोंधी ने वार्ड पार्षद एवं वित्त प्रभारी दीपक साहू तथा नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा की उपस्थिति में उन्हें उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया । इस दौरान एचपीसीएल पेट्रोल पंप हिंद इंटरप्राइजेज के कुंदन, सेल्स मैनेजर विनय मुखारिया, सफाई सुपरवाइजर आशीष बघेल व अन्य उपस्थित थे ।

एक मई से शहर के करदाता निगम कार्यालय में जमा कर सकेंगे टैक्स

आज से कार्यालय प्रारंभ करने निर्देश

दुर्ग। नगर पालिक निगम के समस्त करदाताओं और दुकान किरायेदारों बकायेदारों को अपना टैक्स व अन्य करों का भुगतान करने की सुविधा 1 मई से निगम कार्यालय में प्रारंभ हो रही है। इसके लिए आयुक्त इंद्रजीत बर्मन व्दारा स्पैरो साफ्टेक कंपनी के प्रबंधक को 1 मई से कार्यालय प्रारंभ करने निर्देशित किया है। शासन के आदेशा अनुसार माह मई 2020 में टैक्स जमा करने में किसी भी करदाताओं से अधिभार नहीं लिया जाएगा।

अनुमति आवेदन

दुर्ग। अन्य राज्यों में तथा दूसरे जिलों में जाने के लिए अनुमति के आवेदन पालीटेक्निक कालेज में लिए जाएंगे। आवेदन जमा करने का समय सुबह 10.30 से 4 बजे तक होगा। आवेदक को आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा करना होगा तथा उससे संबंधित दस्तावेज भी संलग्न करने होंगे।

कोरोना को लेकर जिला अस्पताल एलर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में कोरोना वायरस पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने में जिला अस्पताल प्रबंधन व पूरे स्टाफ की भूमिका भी अहम है। अस्पताल की टीम आइसोलेशन सेंटर की निगरानी रखने के साथ-साथ शहर के विभिन्न घरों में जाकर कोरोना के लक्षणों की जानकारी भी जुटाने मे लगी है। लगातार जांच कार्य जारी है। यही नही दो संदिग्ध शवो की जांच कराई गई है। परिणाम स्वरुप वर्तमान में दुर्ग सुरक्षित है।

दो संदिग्ध शव की भी हुई जांच

जिलाधीश के निर्देश पर अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह एलर्ट है। उन्होने बताया कि दो संदिग्ध शवों का सेम्पल भी जांच के लिए भेजा गया था। उनके श्वास से संबंधित बीमारी से प्रभावित होने की खबर थी। लेकिन इनकी रिपोर्ट भी निगेटिव आई है।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन पी. बालकिशोर ने नवप्रदेश के साथ चर्चा में बताया कि शुरुआती दौर में कोरोना के लक्षण की आशंका के चलते लोगों को घरों में क्वारेटाईन किया जा रहा था लेकिन इसके प्रति लोगों की गंभीरता नही होने की वजह से बाहर के कतिपय मैरिज हाल को किराए पर लेकर इसका उपयोग आइसोलेशन के लिए किया जा रहा है। श्री बालकिशोर ने बताया कि बाईपास रोड में अग्रसेन भवन, मैरी गोल्ड, आनंद मंगलम् व अभिनंदन पैलेस का उपयोग आइसोलेशन सेंटर के रुप में किया जा रहा है। इन आइसोलेशन सेंटर में दो दर्जन के आसपास ऐसे लोगों को ठहराया गया है जो दूसरे राज्य से आए है या प्रभावितों के संपर्क में रहे है। उन्होने बताया कि बाहर से आए मजदूरों के लिए रैन बसेरा व आदित्य नगर के दीनदयाल भवन को आश्रय स्थल बनाया गया है। आश्रय स्थल की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई है। कोरोना पर नियंत्रण स्थापित करने हेल्थ डायरेक्टर व जिलाधीश के निर्देश पर पूरा अमला जुटा हुआ है।

घरों में जाकर जुटाई जा रही है जानकारी

जिला अस्पताल का पूरा स्टॉप कोरोना पर नियंत्रण बनाने की कवायद कर रहा है। अस्पताल की टीम शहर के विभिन्न स्थानों में जाकर हर घरो से यह जानकारी जुटाने में लगी है कि किसी को बुखार, खासी व सांस लेने में तकलीफ तो नही है। इसका पूरा डाटा एकत्र किया जा रहा हैं।

परीक्षण जारी, कोई पॉजीटिव नहीं

सिविल सर्जन डॉ. बालकिशोर ने बताया कि लगातार जांच व परीक्षण जारी है और लगभग अभी तक 1350 लोगों का सेम्पल लिया जा चुका है लेकिन अभी तक सभी रिपोर्ट निगेटिव आई है। कोई भी पॉजीटिव नही मिला है। इसके अतिरिक्त जनसामान्य व विभिन्न विभागों से प्रतिदिन रेपिड विधि से भी लोगों की जांच की जा रही है। जांच कार्य निरंतर चल रहा है। उन्होने बताया कि जुनवानी स्थित शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की कोविड-19 अस्पताल के रुप में रिजर्व रखा गया है।

वचनराम हुए सेवानिवृत्त

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित से 30 अप्रेल को प्रधान कार्यालय में कार्यरत वचनराम साहू माली सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सेवानिवृत्त पर शाल, श्रीफल, स्मृतिचिन्ह एवं सेवा प्रमाणपत्र देकर भावभीनी विदाई दी गयी। श्री साहू ने 20 वर्ष बैंक में अपनी सेवा दी। वे बैंक परिसर के गार्डन में विभिन्न किस्मों के गुलाबों से बैंक की सौन्दयर्ता में वृद्धि के लिए विख्यात थे। बैंक में आने वाले अमानतदार एवं ग्राहक उनकी कार्य की प्रशंसा किए करते थे। इसके साथ ही बैंक में वृक्षारोपण कर परिसर को हरा-भरा रखने में उनका विषेष योगदान रहा। विदाई पर अपेक्षा व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष धीरेन्द्र देवांगन, बैंक अधिकारी कुसुम ठाकुर, एसके निवसरकर, हृदेष शर्मा, केके नायक अधीक्षक, फ्रांसीस मेन्डोसा ने श्री साहू के सुखी एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी।

हिंदी भवन, जेआरडी स्कूल को किया सेनीटाईज

दुर्ग। नगर पालिक निगम का अमला ने हिंदी भवन संभाग कार्यालय योजना, इंदिरा मार्केट प्रेस कार्यालय, सांख्यिकी कार्यालय, शा.बहु.उ.मा. शाला, पदमानाभपुर में स्थित जीवन बीमा कार्यालय, वरिष्ठ लेखा अधिकारी , छग स्टेट पावर, पशु चिकित्सा अस्पताल के साथ विभिन्न वार्डो में दवाई छिड़क कर सार्वजनिक स्थलों आदि क्षेत्र को सेनीटाइज किया। उल्लेखनीय है कि महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के मार्गदर्शन में शहर के सार्वजनिक स्थलों, वार्डो को निरंतर सेनीटाइज किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहर की आम जनता विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर आवाजाही कर रहे हैं घरों से बाहर भी निकल रहे हैं। वायरस की संक्रमण से बचाव और सुरक्षा लिए निगम ने दवाई छिड़काव कर सेनिटाईज किया।

50 लाख से पद्मनाभपुर चौकी थाने में होगा अपग्रेड

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर में तीन थानों के अलावा पद्मनाभपुर चौकी निगम क्षेत्र में स्थापित है। जिनमें इस क्षेत्र की बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए पद्मनाभपुर चौकी की स्थापना अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के कार्यकाल में की गई थी। अब 30 वर्षों में पद्मनाभपुर के आगे भी भौगोलिक क्षेत्र के विस्तार, आवासीय कालोनी निर्माण व जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए जनता की वर्षों पुरानी मांग पर विधायक अरुण वोरा के द्वारा लगातार प्रयास किए जाने से चौकी अब थाने में अपग्रडे होने जा रही है। लॉकडाउन के तहत मास्क व सेनेटाइजर उपलब्ध करवाते हुए चौकी प्रभारी वाईआर देवांगन व पुलिस स्टाफ द्वारा निभाई जा रही कोरोना योद्धा की भूमिका की सराहना करते हुए विधायक वोरा ने कहा कि डेढ़ लाख आबादी वाले क्षेत्र में वार्ड 39 से लेकर वार्ड 54 तक के कुल 15 वार्ड के साथ ही ग्राम धनोरा व हनोदा क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग करते हुए बाहर से आने वालों की जानकारी एकत्र करने व लोगों से लॉक डाउन का पालन करवाने में चौकी का अहम योगदान है। क्षेत्र में जनसंख्या के बढ़ते दबाव के कारण चौकी को थाने में अपग्रेड करने की मांग स्वीकृत होने के बाद अब 50 लाख की लागत से सर्व सुविधायुक्त थाने का निर्माण हो सकेगा जिससे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में कमी आने के साथ लोग सुरक्षित महसूस करेंगे।

निर्देशों की अवहेलना पर निगम ने की कार्यवाही

रिसाली। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के आदेशों के परिपालन में निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर तथा जोन आयुक्त रमाकांत साहू के मार्गदर्शन में निगम की उड़नदस्ता टीम द्वारा अलग अलग समुहों में बटकर निगम क्षेत्र के सभी चैक चैराहोंए बाजारों एवं व्यवसायिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में प्रतिदिन की तरह आज भी व्यापक रूप से शासन के गाईडलाईन का पालन कराने सघन निरीक्षण कर दुकानदारों एवं नागरिकों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही किया। आज उड़नदस्ता टीम द्वारा चौक चौराहों पर दो सवारी वाहनों एवं चार पहिया वाहनों में मास्क नहीं पहनने वालों को सक्त चेतावनी देते हुए दाण्डिक शुल्क वसूला गया। कलेक्टर के आदेश के तहत् जिले में लागू धारा 144 के प्रभावशील होने से प्रतिबंधित सामग्री विक्रय करते पाये जाने पर एवं ग्राहकों को मास्क नहीं पहनने के बावजूद क्रय विक्रय किये जाने पर ताबड़ तोड़ दाण्डिक शुल्क वसूल किया गया।

निगम के उड़नदस्ता टीम द्वारा आज रूआबांधा सम्पूर्ण क्षेत्र, कृष्णा टाकीज रोड, आजाद मार्केट, डीपीएस चौक, क्षेत्रांतर्गत ताबड़तोड़ कार्यवाही कर दाण्डिक शुल्क वसूले तथा शुल्क नहीं देने पर उठक बैठक कराया। स्टेशन मरोदा के चन्द्रिका किराना स्टोर्स से प्रतिबंधित सामग्री विक्रय पर 5 हजार, झुमुकलाल से 5 हजार, सामुद्दीन से 1 हजार, प्रकाश मेडिकल स्टोर्स से 5 सौ अर्थदण्ड आरोपित किया गया।

कांग्रेस महामंत्री साहू ने भाजपा पर लगाए आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने कोरोना संकट और लॉकडाउन की गंभीर परिस्थिति में राज्य के प्रमुख भाजपा नेताओं पर गैरजिम्मेदार होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भीषण संकट की घड़ी में भी भाजपा नेता सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। केंद्र में भाजपा की सरकार है। इसके बावजूद गंभीर संकट के दौर में भाजपा सांसदों समेत राज्य के दूसरे भाजपा नेता राज्य की जनता के प्रति गंभीर नहीं है।

राजेंद्र ने कहा कि राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर दूसरे राज्यों में फंसे मजदूरों को वापस छत्तीसगढ़ लाने की मांग की है। सरोज पांडेय केंद्रीय स्तर की नेता हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि लॉकडाउन की स्थिति में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से अनुमति मिले बगैर मजदूरों को वापस लाना संभव नहीं है। सरोज पांडेय को पहले प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को पत्र लिखना चाहिए। अनुमति मिलने के बाद ही मजदूरों को वापस लाने की कार्रवाई शुरू हो पाएगी। सरोज पांडेय को रेल मंत्री को भी विशेष ट्रेन चलाने की मांग करते हुए पत्र लिखना चाहिए ताकि मजदूरों को वापस लाया जा सके। हर राज्य में हजारों मजदूर फंसे हैं। उन सबको बस से नहीं लाया जा सकता। सरोज पांडेय को रेल मंत्री से यूपी, महाराष्ट्र, जम्मू, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों में फंसे मजदूरों को वापस लाने की व्यवस्था करने विशेष ट्रेन चलाने की मांग करना चाहिए।

मजदूरों, फुटपाथ कारोबारियों के लिए राहत की मांग नहीं की

भाजपा सांसदों ने अब तक छत्तीसगढ़ के लिए राहत पैकेज देने की मांग भी प्रधानमंत्री से नहीं की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण इलाकों में रोजगार देने मनरेगा योजना के कार्यों को तेजी से शुरू कराया। पूरे देश में मनरेगा के रोजगार देने में छत्तीसगढ़ शीर्ष पर है। भाजपा सांसदों को शहरी क्षेत्रों में मजदूरों, छोटे कारोबारियों, ठेला, चाय नाश्ता की दुकान व गुमटी चलाने वाले लोगों को व्यवसाय बंद होने के कारण केंद्र सरकार को तत्काल राहत राशि देना चाहिए। अब तक भाजपा सांसदों ने इन वर्गों के लिए पैकेज की मांग नहीं की। केंद्र में भाजपा की सरकार है।

लॉकडाउन में बिजली बिल को करें माफ : लघु उधोग भारती

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लघु उधोग भारती लघु उधमियों का सबसे बड़ा अखिल भारतीय संगठन के जिला इकाई अध्यक्ष संजय चौबे ने छग विधुत नियामक को पत्र भेजकर लघु उधमियों के लिए मांग करते हुए कहा की लाकडाउन होने के बाद से प्रदेश के हर जिलें के लघु उधमियों एवं संगठनों से विडिओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा में लघु उधमियों ने एक स्वर में मांग की है कि अभी उधोग बंद है एवं बिजली खपत नहीं हो रही है। लॉकडाउन से छोटे.छोटे लघु उधोगों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि लघु उधोग बंद है। इस हेतु लघु उधोगों के इकाइयों का बिजली तीन महीने का बिजली का बिल माफ किया जाना न्याय संगत होगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email- ID : ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph. No. -07786-242243

// शुद्धि पत्र //

ज्ञापन क्रं./831/व.ले.लि./ ग्रा.यां. सेवा /2020 कोण्डागांव, दिनांक 28/04/2020

कार्यालयीन निविदा सूचना आमंत्रण क्रमांक 01/व.ले.लि./ कोण्डागांव/ दिनांक 20.04.2020 जी. नंबर-80153 द्वारा आमंत्रित निविदा में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है।

क्रं.	पूर्व की स्थिति में	संशोधन की स्थिति में
1	2	3
1	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 29.04.2020 शाम 5.00 बजे तक	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 06.05.2020 शाम 5.00 बजे तक
2	निविदा खोलने की तिथि 30.04.2020 सुबह समय 11.30 बजे	निविदा खोलने की तिथि 07.05.2020 सुबह समय 11.30 बजे।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

जी-80341/4

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्या.

(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनी)

CSPDCL

विद्युत अवरोध सूचना

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33/11 के.व्ही. निम्नलिखित उपकेन्द्र में उचित रखरखाव एवं मेंटेनेंस कार्य हेतु निम्नानुसार दर्शाये गये क्षेत्र में विद्युत अवरोध रहेगी। जो कि निम्नांकित है :- (सूची संलग्न)

समय एवं तिथि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

क्रं.	दिनांक	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
01	01.05.2020 (प्रातः08.00 बजे से दोपहर 02 बजे तक) दिन शुक्रवार	132/33 के.व्ही. बेरला से निकलने वाले 33 के.व्ही. बेरला फीडर	33 के.व्ही. बेरला फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
02		132/33 के. व्ही. सांकरा से निकलने वाले 33 के. व्ही. नेवनारा फीडर	33 के.व्ही. नेवनारा फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
03		132/33 के. व्ही. सांकरा से निकलने वाले वाले 33 के. व्ही. आनंदगांव फीडर	33के.व्ही. आनंदगांव फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
04		33/11 के.व्ही. देवकर उपकेन्द्र से निकलने निकलने वाले अकलवारा फीडर	11के.व्ही. अकलवारा फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
05		33/11 के.व्ही. परपोड़ी उपकेन्द्र से निकलने निकलने वाले परपोड़ी टाऊन फीडर	11के.व्ही. परपोड़ी टॉउन फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
06	02.05.2020 (प्रातः08.00 बजे से दोपहर 02 बजे तक) दिन शनिवार	132/33 के.व्ही. बेरला से निकलने 33 के. व्ही. बेरला फीडर	33 के.व्ही. बेरला फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
07		132/33 के.व्ही. सांकरा से निकलने वाले 33 के. व्ही. पी.जी.सी.आई.एल. फीडर	33 के.व्ही. पी.जी.सी.आई.एल. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
08		132/11 के.व्ही. सांकरा से निकलने वाले 33 के. व्ही. आनंदगांव फीडर	33 के.व्ही. आनंदगांव फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
09		33/11 के.व्ही. परपोड़ी उपकेन्द्र से निकलने वाले भटगांव ग्रामीण फीडर	11 के.व्ही. भटगांव ग्रामीण फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
10	03.05.2020(प्रातः 08.00 बजे से दोपहर 02 बजे तक	33/11 के.व्ही. बोरतरा उपकेन्द्र से निकलने वाले बोरतरा ग्रामीण फीडर	11 के.व्ही. बोरतरा ग्रामीण फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
11	04.05.2020(प्रातः 08.00 बजे से दोपहर 02 बजे तक) दिन सोमवार	33/11 के.व्ही. मोहगांव उपकेन्द्र से निकलने वाले अतरझोला फीडर	11 के.व्ही. अतरझोला फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
12		33/11 के.व्ही. दारगांव फीडर के अंतर्गत 33 के. व्ही. बेरला फीडर	33 के.व्ही. बेरला फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
13		132/33 के.व्ही. सांकरा से निकलने वाले 33 के. व्ही. गोंडगिरी फीडर	33 के.व्ही. गोंडगिरी फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
14		132/33 के.व्ही. सांकरा से निकलने वाले 33 के. व्ही. आनंदगांव फीडर	33 के.व्ही. आनंदगांव फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
15		33/11 के.व्ही. बोरतरा के अंतर्गत आने वाले बोरतरा पंप फीडर	11 के.व्ही. बोरतरा पंप फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
16	05.05.2020 (प्रातः 08.00 बजे से दोपहर 02 बजे तक) दिन मंगलवार	33/11 के.व्ही. ठेलका फीडर के अंतर्गत आने वाले भनोरा बस्ती फीडर	11 के.व्ही. भनोरा बस्ती फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
17		132/33 के.व्ही. सांकरा फीडर के अंतर्गत 33 के. व्ही. बेरला फीडर	33 के.व्ही. बेरला फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
18		132/33 के.व्ही. सांकरा फीडर से निकलने वाले 33 के.व्ही. पी.जी.सी.आई.एल. फीडर	33 के.व्ही. पी.जी.सी.आई.एल. फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
19		132/33 के.व्ही. सांकरा से निकलने वाले 33 के.व्ही. बेरला फीडर	33 के.व्ही. बेरेला फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
20		33/11 के.व्ही. देवरबीजा उपकेन्द्र से निकलने वाले देवरबीजा ग्रामीण फीडर	11 के.व्ही. देवरबीजा ग्रामीण फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
21	06.05.2020 (प्रातः 08.00 बजे से दोपहर 02 बजे तक) दिन बुधवार	33/11 के.व्ही. थानखम्हरिया उपकेन्द्र से निकलने वाले उमरावनगर बस्ती फीडर	11 के.व्ही. उमरावनगर बस्ती फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
22		132/33 के.व्ही. साजा उपकेन्द्र से निकलने वाले 33 के.व्ही. ठेलका फीडर	33 के.व्ही. ठेलका फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
23		33 के.व्ही. सांकरा फीडर से निकलने वाले 33 के.व्ही. गोंडगिरी फीडर	33 के.व्ही. गोंडगिरी फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।
24		33/11 के.व्ही. देवरबीजा उपकेन्द्र से निकलने वाले बीजा ग्रामीण फीडर	11 के. व्ही. बीजा ग्रामीण फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम।

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा की बचत करें।

कार्यपालन यंत्री (सं/सं) संभाग
छ.रा. विद्युत वितरण कं. मर्या. साजा

लॉकडाउन में बिहान की बैंक सखियों ने ग्रामवासियों को घर पहुंचाईं बैंकिंग सुविधाएं

- बैंक सखियों के द्वारा 5 करोड़ 35 लाख 47 हजार 760 का लेन-देन किया गया
- कोविड-19 के लिए आवश्यक सावधानी अपनाते हुए बैंकिंग सुविधाएं की जा रही है प्रदान

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। कोविड-19 के संक्रमण की विभीषिका से शहर और गांव थम से गए हैं। इस आपदा की वजह से लॉकडाउन के कारण लोग घर से नहीं निकल पा रहे हैं, परन्तु ऐसी परिस्थिति में भी जिला प्रशासन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की बैंक सखी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिला राजनांदगांव में कार्यरत इन बैंक सखियों के द्वारा सामाजिक दूरी एवं कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक सावधानी को अपनाते हुए ग्राम स्तर पर ही ग्रामवासियों को घर पहुंच बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जिला राजनांदगांव के 9 विकासखंडों के ग्रामों में कुल 117 बैंक सखी (कियोस्क, मार्को एटीएम एवं डीजीपे) कार्यरत हैं, जिनके द्वारा ग्रामवासियों को ग्राम स्तर पर ही राशि आहरण, जमा, फण्ड ट्रांसफर के साथ-साथ शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पेंशन हितग्राहियों को पेंशन भुगतान, मनरेगा मजदूरों को मजदूरी भुगतान, जनधन खाता हितग्राहियों, किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों एवं अन्य हितग्राहियों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत राजनांदगांव श्रीमती तनुजा सलाम के दिशा-निर्देश में लॉकडाउन के दौरान इन बैंक सखियों के द्वारा 25 मार्च 2020 से 28 अप्रैल 2020 तक कुल 5 करोड़ 35 लाख 47 हजार 760 का लेन-देन कर लिया है। कुल ट्रांजेक्शन 32 हजार 748 किया गया। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार लॉकडाउन अवधि में इन बैंक सखियों के द्वारा समय-समय पर हाथ धोना, आंख नाक व मुंह को छूने से परहेज करना, छींकने व खांसते समय अपने मुंह व नाक को ढंकना, बायोमैट्रिक रीडर को इस्तेमाल से पहले व बाद सेनिटाईज करना एवं सामाजिक दूरी का पालन किया जा रहा है। साथ ही हितग्राहियों को भी सतर्कता बरतने एवं कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

महासमुंद। पुलिस अधीक्षक महोदय महासमुंद के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया व एस डी ओ पी मैडम बागबाहरा के मार्गदर्शन मे आज दिनांक 30/04/2020 को ग्राम सिमगांव मे अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कोमाखान शरद ताम्रकार द्वारा हमराह स्टाफ के ग्राम सिमगांव मे अवैध शराब रेड कार्यवाही कर मिनाचंद बया पिता अवध राम बया उम्र 30 वर्ष सा. सिमगांव थाना कोमाखान के बाड़ी से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए दो पीले रंग के जरकीन मे छुपाकर रखे हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब करीबन 07 लीटर कीमती 700 रु को बरामद कर जप्त किया गया। धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जाती है।

अवैध शराब परिवहन पर कार्रवाई

महासमुंद। पुलिस अधीक्षक महोदय महासमुंद प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक महोदया महासमुंद श्रीमती मेघा टेम्भूरकर के मार्गदर्शन में थाना पटेवा क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर लगातार नजर रखी जा रही थी कि आज दिनांक 30/04/ 2020 को मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम पचरी में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की सुचना पर श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा पुपलेश कुमार पात्रे के हमराह में ग्राम पचरी के दुरेश मन्नाडे के घर के पीछे खंडहर में रेड कार्यवाही किया गया आरोपी दुरेश मन्नाडे पिता स्व. तिहारु मन्ना डे उम्र 22 वर्ष साकिन पचरी थाना पटेवा जिला महासमुंद के कब्जे से एक नीला रंग के जरकिन में 30 लीटर, 05- 05 लीटर के 08 जैरिकेन में रखा 40 लीटर देशी महुआ शराब कुल 70 लीटर देशी महुआ शराब किमती 21000 रुपए को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई ।

लॉकडाउन के दौरान जिले में 5 हजार 586 राशन कार्ड बनाए गए

- जिले में जरूरतमंदों के लिए तत्परता से बनाये जा रहे हैं राशन कार्ड
- गरीब एवं जरूरतमंद को मिल रहा राशन

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप गरीब, निराश्रित, जरूरतमंदों को राशन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले में राशन कार्ड बनाने का कार्य तत्परता से किया जा रहा है। लॉकडाउन की इस अवधि में जनसामान्य के लिए पर्याप्त खाने की व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोएगा। प्रशासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक राशन पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए जिले में कार्य में गति लाकर प्राथमिकता से राशन कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राशन कार्ड बनाने का कार्य निरंतर और सहजता से किया जा रहा है। लॉकडाउन की अवधि में जिला प्रशासन का यह कार्य सराहनीय है। जिले में लॉकडाउन के दौरान अब तक कुल 5 हजार 586 राशन कार्ड बनाया गया है। जिसमें से 4 हजार 609 बीपीएल कार्ड व 977 एपीएल कार्ड बनाए गए हैं। जिले में लॉकडाउन के दौरान 8 नगरीय निकायों में अब तक एक हजार 469 राशन कार्ड बनाए गए है। इसमें 657 बीपीएल कार्ड व 812 एपीएल कार्ड बनाया गया है। नगर निगम राजनांदगांव में 598 राशन कार्ड, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में 385, नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में 192, नगर पंचायत छुईखदान में 83, नगर पंचायत गंडई में 82, नगर पंचायत डोंगरगांव में 76, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में 25 और नगर पंचायत छुरिया में 28 राशन कार्ड बनाया गया है।

इसी तरह लॉकडाउन के दौरान जिले के 9 विकासखंडों में अब तक 4 हजार 117 राशन कार्ड बनाए गए हैं। इसमें 3 हजार 952 बीपीएल कार्ड तथा 165 एपीएल कार्ड बनाया गया है। राजनांदगांव विकासखंड में एक हजार 21, डोंगरगांव विकासखंड में 359, छुरिया विकासखंड में 347, डोंगरगढ़ विकासखंड में 471, खैरागढ़ विकासखंड 179, छुईखदान विकासखंड में 519, अंबागढ़ चौकी विकासखंड में 323, मोहला विकासखंड में 189 तथा मानपुर विकासखंड में 709 राशन कार्ड बनाए गए है।

अविकसित भ्रूण मिलने से वार्डवासियों में चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। शहर के अधारी नवागांव मे अर्ध विकसित भ्रूण मिला है। जिसके बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गयी है। पुलिस के मुताबिक कचरे के ढेर में अज्ञात व्यक्ति ने भ्रूण को फेका है। बताया जा रहा है की यह अवैध गर्भपात हो सकता है। फ़िलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है। धमतरी। शहर के अधारी नवागांव मे अर्ध विकसित भ्रूण मिला है। जिसके बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गयी है।

पुलिस के मुताबिक कचरे के ढेर में अज्ञात व्यक्ति ने भ्रूण को फेका है। बताया जा रहा है की यह अवैध गर्भपात हो सकता है। फ़िलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है। मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है

जिले के मोटर सायकल चोरों का पर्दाफाश

राजनांदगांव। कोतवाली पुलिस को मिली महत्वपुर्ण सफलता 04 लाख रूपये चोरी के 8 नग मोटर सायकल बरामद किया। शहर में हो रही लगातार मोटर सायकल चोरी की संबंध में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक वीरेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा कोतवाली के टीम को आरोपी की पता तलाश के लिए टीम बनाया गया था, जिसकी पता तलाश की जा रही थी। पता तलाश के दौरान मुखबीर की सूचना पर आरोपी मिथलेश मारकण्डेय पिता स्व. महेश मारकण्डे उम्र 19 वर्ष साकिन बैगापारा लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव जो चोरी की मोटर सायकल में घुम रहा था जिसे पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने गुड़ाखूलाईन से मोटर सायकिल को चोरी कर स्वयं चलाना, 18 एकड़ पुलिस लाईन से जुपीटर, अटल आवास पेंड्री से ड्रीम युगा मोटर सायकिल, आजाद चौक राजनांदगांव के पास से एक होण्डा साईन तथा अपने साथी पुरेन्द्र तिवारी के साथ गंजलाईन से एक होंडा मोटर सायकिल, आजाद चौक से होंडा साईन, ग्राम तिलई से मोटर सायकिल होंडा साईन तथा भदौरिया चौक के पास से एक मोटर सायकिल पैशन प्रो तथा थाना बसंतपुर क्षेत्र के किल्लापारा से मकान में नगदी रकम एवं अंगूठी को चोरी करना बताया। इसके एक साल पूर्व मोटर सायकल चोरी में जेल में बंद था। आरोपी के निशानदेही पर 8 मोटर सायकल कीमती 400000 रूपये बरामद किया गया।

मंडी प्रांगण में आज से टोकन सिस्टम के जरिए धान की खरीदी एवं बिक्री की जाएगी

- नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने कलेक्टर श्री रजत बंसल ने दिए निर्देश

धमतरी। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सोशल एवं फिजिकल डिस्टेंस बनाए रखने के मद्देनजर श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में आगामी 01 मई से टोकन सिस्टम के जरिए धान की खरीदी एवं बिक्री की जाएगी। भारसाधक अधिकारी श्री आर.के.कश्यप ने किसानों से अपील किया है कि नए व्यवस्था के अनुसार टोकन सिस्टम से ही अपना धान कृषि उपज मंडी प्रांगण में विक्रय के लाएं, ताकि शासन के निर्देश अनुसार सोशल एवं फिजिकल डिस्टेंस का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

गौरतलब है कि पिछले दिनों कलेक्टर श्री रजत बंसल, पुलिस अधीक्षक श्री बी.पी.राजभानू एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता गांधी द्वारा मंडी प्रांगण में संचालित थोक फल, सब्जी बाजार एवं धान मंडी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

प्रवासी श्रमिकों एवं व्यक्तियों के राज्य की सीमा में ही विश्राम तथा भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करें

महासमुंद। राज्य शासन द्वारा राज्य से अन्य राज्यों में रोजगार की तलाश में गए व्यक्तियों, श्रमिकों के अपने निवास जिले में वापसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ वापस आने वाले प्रवासी श्रमिकों एवं व्यक्तियों के संबंध में कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सुनील कुमार जैन ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर श्री जैन ने अन्य राज्य से आने वाले सभी प्रवासी श्रमिकों एवं व्यक्तियों के राज्य की सीमा में ही होल्डींग एरिया एवं कैम्प में विश्राम तथा पर्याप्त भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन सभी व्यवस्थाओं जिसमें श्रमिकों एवं व्यक्तियों के स्वास्थ्य परीक्षण, विश्राम एवं भोजन तथा परिवहन शामिल हैं, के लिए एस.डी.आर.एफ मद से भुगतान किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

विधायक का बनाया फेसकवर, वितरण हेतु भाजपा महिला मोर्चा को दी भेंट

धमतरी। इन दिनों विधायक रँजना डीपेंद्र साहू स्वयं महिला स्वसहायता समूह, समाजजन एवं अपने परिजनों के साथ फेसकवर का कटाई , सिलाई करते हुवे निर्माण करने मे जुटी हुई है।गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश संगठन निरतंर लोगों को आह्वान कर रही है कि राष्ट्र के समक्ष कोरोना वैश्विक महामारी के संकट के चुनौती का सामना करने के लिए घर में ही स्वनिर्मित फेसकवर, सेनेटराईज का इस्तेमाल करें तथा आमजनता को सहयोग करने, सेवा करने, अपने भागीदारी सुनिश्चित करें ,जिसका अनुपालन करते हुवे महिला मोर्चा भी अपने जिलाध्यक्ष हेमलता शर्मा एवं उनकी टीम समाज के हर मोर्चे पर सेवा कार्य मे लगी हुई है।

श्रमिकों की वापसी के लिए कार्ययोजना बनाने एवं क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

महासमुंद। राज्य शासन द्वारा राज्य से अन्य राज्यों में रोजगार की तलाश में गए व्यक्तियों, श्रमिकों के अपने निवास जिले में वापसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ वापस आने वाले प्रवासी श्रमिकों एवं व्यक्तियों के संबंध में कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सुनील कुमार जैन ने जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के अनेक व्यक्ति एवं श्रमिक जो विभिन्न राज्यों में फंसे हुए हैं एवं जो घर वापसी के इच्छुक हैं, ऐसे व्यक्ति एवं श्रमिकों की वापसी के लिए कार्ययोजना बनाने एवं क्रियान्वयन के लिए निर्देश के परिपालन में ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल (99589-32636) एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूजा बंसल (8224890989) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। प्रवासी श्रमिकों एवं व्यक्तियों के राज्य की सीमा में प्रवेश के समय होगा स्वास्थ्य परीक्षण

मुकबधिर प्राणियों के लिए कराई जा रही भोजन की व्यवस्था

राजनांदगांव। लॉक डाऊन के चलते इंसान ही नहीं जानवरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ऐसी स्थिति में होटल, रेस्टोरेंट सहित अन्य दुकाने बंद होने के चलते जानवरों को खाने पीने में काफी समस्याएं हो रही है। जिसको ध्यान में रखते हुए युवा साथियों द्वारा समूह बनाकर यह पहल की गई तथा शहर वासियों की सहायता से इनको आहार के रूप में सब्जियां हरा चारा टोस्ट, फल आदि की व्यवस्था की जा रही कराई गई। विगत सप्ताह से गौ भक्तों द्वारा अभियान बनाकर चिखली स्टेशनपारा कमला कॉलेज रोड, तुलसीपुर आदि स्थानों में घूम घूम कर गौ सेवा कर रहे हैं।

समूह प्रमुख संतोष टूरहाटे ने बताया कि अभियान में शहरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है और सभी अपना सहयोग गोवंश की सेवा में अर्पित कर रहे हैं लोग हमें सब्जी चारे फल आदि भेज रहे हैं। गौ भक्त अंशुल कसार द्वारा बताया गया कि यह व्यवस्था लॉक डाउन के बाद भी अनवरत चलती रहेगी और हमारे शहर के पशुओं को प्रतिदिन आहार प्राप्त होता रहेगा। गौ भक्तों द्वारा लोगों से अपनी स्वेच्छा के अनुसार गौ सेवा राशि, सब्जी, आहार दान करने की अपील की गई है।

महाराष्ट्र में फंसे मजदूरों को सकुशल वापस लाने की मांग

लवन। बलौदाबाजार जिले के अधिकांश गाँवो के गरीब मजदूर दिसम्बर माह से ही अन्य प्रदेशो मे जीवन यापन करने के लिए पालयन करते है द्य जो की अभी देश मे कोरोना वायरस महामारी के कारण पुरे प्रदेश मे लाक डाउन किया गया है जिसके कारण ग्राम कोहरौद बोईरडीह, डमरू, जुडा, कोरदा, सरखोर व अन्य गाँवो के सैंकड़ो मजदूर महाराष्ट्र प्रदेश मे फंसे हुऐ है जिसको सकुशल अपने घर वापसी शासन से करवाने के लिए छग छात्र संगठन जोगी के प्रदेश सचिव युवा नेता सुशील बंजारे ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौप कर मांग किये है। वही युवा नेता बंजारे ने बताये की वहाँ फंसे मजदूरो को अभी रोजगार नही मिल पा रहे है जिसके कारण उनको खाने पीने व रोजमर्रा की वस्तु नही मिल पा रहा है तो कई ऐसे मजदूर भी है जो अपने 10 से 15 साल के बच्चे को घर पर ही छोड़ कर जीवन यापन करने गए है लेकिन अभी वहाँ काम नही मिल पाने के कारण घर मे छोड़े बच्चो के लिए पैसे नही भेज पा रहे है द्य जब प्रदेश के छात्र छात्रों को बस के माध्यम से घर वापसी करवा सकते है तो गरीब मजदूरों को क्यों नही द्य तथा बलौदाबाजार जिले मे पांच से छः सीमेंट फैक्ट्री होने व उद्योग जिला होने के बावजूद रोजगार मे अभी भी पिछड़ा हुवा है। जिसके कारण इस जिले के अधिकांश गांव के मजदूर अन्य प्रदेश पालयन कर जाते है।

सायकिल रैली के माध्यम से लोगों को कर रही फिटनेस के लिए जागरूक

धमतरी। नोवल कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के रूप में फैल रहे संक्रमण से बचाव, नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन और प्रशासन हर संभव प्रयास कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप कोरोना से संक्रमित मरीज जल्द ही स्वस्थ हो रहे हैं । इसी बीच जिला सूरजपुर में हुए रैपिड टेस्ट में 9 व्यक्तियों को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की रिपोर्ट आने पर पुलिस अधीक्षक महोदय धमतरी द्वारा अधीनस्थ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन कराने एवं नाकेबंदी प्वाइंटों में बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति या वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित करने स्पष्ट हिदायत दिया गया है। साथ ही आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में आज सुबह पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व में जन सामान्य के स्वास्थ्य एवं उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से साइकिल रैली निकालकर जागरूकता संदेश दिया गया । उक्त साइकिल रैली धमतरी के अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर रत्नाबांधा चौक से रत्नाबांधा रोड होते हुए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अठवानी गली, सिहावा चौक, मकई चौक, सदर बाजार से भ्रमण करते हुए लोगों को सुरक्षित रहने अपने घर पर रहने, अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने पर मास्क का उपयोग करने समझाइश देते हुए साइकल रैली संकरी गलियों से गुजरते हुए वापस मकई चौक में समाप्त हुआ। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा साइकिल जागरूकता रैली में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान संक्रमण से स्वयं की सुरक्षा हेतु फिजिकल डिस्टेंसिंग बनाए रखकर सुरक्षात्मक उपायों को अमल में लाते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करने व प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने ब्रीफिंग किया गया । उक्त जागरूकता साइकिल रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक अजाक, थाना प्रभारी- सिटी कोतवाली, अर्जुनी, रूद्री, केरेगांव, प्रभारी यातायात, प्रभारी महिला सेल, शक्ति टीम व सभी पेट्रोलिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

कवर्धा जिला आता है ग्रीन जोन के अंतर्गत, फिर भी दुकानों में ताले : आकाश

■ **दुकानों में पडे ताले, संचालक हो रहे चिंतित, कही चूहा न हानि पहुंचा दे**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कोविड 19 के प्रकोप के कारण आवश्यक वस्तुओं की दुकानों को छोड़कर शेष दुकाने लगभग सवा महीने से बंद है, कवर्धा के दुकानदार दुकान के बंद रहने को लेकर बेहद चिंतित है साथ दुकान के अंदर समान सही सलामत है या चूहों ने कोई नुकसान किया है यह सोचकर भी व्यापारी बेहद परेशान है ।

चिंता के साथ कवर्धा के व्यापारियों में बेचैनी न्यूज पेपर और सोशल मीडिया ने पैदा की हुई है क्योंकि अलग अलग जिलों में जिलाधीश के द्वारा ग्रीन जोन में दुकान खोलने को लेकर काफी रियायतें दी गई है और ऑरेंज जोन वाले जिलों को भी काफी सहूलियतें प्रदान की गई है मगर सिर्फ कवर्धा जिला ही ऐसा जिला है जहां ग्रीन जोन होने के बावजूद लॉक डाउन में कई ट्रेड की दुकानों को खोलने का आदेश या अनुमति प्राप्त नही है। जबकि केंद्र सरकार ने ग्रीन जोन वाले जिलों को कुछ शर्तों के साथ दुकाने खोलने की सुविधा प्रदान की गई है।

कंडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने ईमेल और ट्विटर के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग की है कि जिस तरह से अन्य जिले के दुकानदारों को सुविधा दी गई है उसी तरह कवर्धा जिले के दुकान, लघु उद्योग, को खोलने की अनुमति दी जाए। कवर्धा के व्यापारियो को ऐसा ना लगे प्रदेश में दी जा रही सुविधाओ से कवर्धा को वंचित रखा जा रहा है ।

कैट इकाई के एवं एजेंसी एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश आहूजा ने कहा है कि कवर्धा जिले में एक भी कोरोना पॉजिटिव केस नही है और ग्रीन जोन के अंतर्गत आता है , इसलिए दूसरे ग्रीन जोन वाले जिलों में जैसे सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, सायकल, कपड़ा, जूता एंव छोटे उद्योगों को सशर्त खोलने की अनुमति दी गई है वैसे ही कवर्धा जिले में दी जाए।

आश्चर्य की बात है कि एक ओर अधिकतर जिलों में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान खुली है और गर्मी के इस मौसम में लोगो को कूलर की आवश्यकता है और वहां के व्यापारी कूलर बेच रहे है और दूसरी ओर कवर्धा के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों को सिर्फ बिजली के पंखे बेचने की अनुमति है कूलर बेचने की मनाही है ऐसे में व्यापारी जो सीजन में स्टॉक लेकर बैठा है वो कहाँ जाएगा ।

■ न्यूज गैलरी

महादलित परिसंघ प्रदेश अध्यक्ष ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ़ । महादलित परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष मयूर हथेल ने कोरोना महामारी के भीषण संकट में समूचे शहर को साफ-सफाई रख अपनी भूमिका निभाने वाले स्वच्छता सैनिक को माक्स ठ 95, सैनिटाइजर ,कोरोना सेफ्टी ड्रेस एवं हैंड ग्लोब्स जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं उपलब्ध कराने हेतु एक ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमशंकर देशलहरा को दिया । श्री हथेल ने कहा की वर्तमान समय में व्याप्त भयंकर जानलेवा कोविड-19 के महामारी से बचाव के लिए लड़ने वाले प्रथम पंक्ति में खड़े हमारे स्वच्छता सेनानी जो कि प्रतिदिन अपनी लगातार सेवाएं दे रहे हैं लेकिन विडंबना यह है कि प्रथम पंक्ति में खड़े स्वच्छता सेनानी जो विगत 1 माह से अपनी जान जोखिम में डालकर स्वच्छता के माध्यम से शहरवासियों की सुरक्षा कर रहे हैं उन्हें ही अपनी सुरक्षा के लिए उपयुक्त उपकरण जैसे एन- 95 मास्क, सैनिटाइजर, कोरोना सेफ्टी ड्रेस एवं हैंड ग्लोब्स जैसी महत्वपूर्ण चीजें उपलब्ध नहीं कराई गई है । प्रथम पंक्ति में खड़े अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इन स्वच्छता सेनानी की सुरक्षा को ध्यान में रख इन कोरोना फाइटर्स सफाई कामगारों को कोरोना से बचाव के उपकरण जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की मांग परिसंघ ने नगर पालिका अधिकारी से की है ।

प्रशासनिक टीम ने मार्चपास्ट कर घरो में रहने अपील की

भाटापारा। बुधवार के सायंकाल भाटापारा शहर में पुलिस, प्रशासन, डॉक्टर, जनपद एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा शहर भ्रमण कर लोगों को लाक डाउन नियमों का पालन करने एवं घर पर ही रहने की अपील की गई। इनके द्वारा हाथों में पोस्टर लिए शहर वासियों को सावधानी बरतने, आसपास स्वच्छता का माहौल रखने तथा जागरूक रहते हुए घर पर ही रहने की अपील की गई। इसके अलावा बाहर क्षेत्रो से अथवा अन्य प्रदेश से आने वाले लोगों के संबंध में भी तत्काल स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया। स्थानीय शहरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ जनों द्वारा भी भाटापारा शहर की इस संयुक्त टीम द्वारा किए गए जा रहे कार्य की खूब सराहना की जा रही है तथा शहरवासियों द्वारा भी जागरूकता अभियान में हिस्सा लेकर पुलिस एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया है। इस अपील का सबसे सकारात्मक पहलू यह रहा कि स्थानीय नगरवासी भी पुलिस एवं प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संकटग्रस्त लोगों की सहायता करने एवं लोगों को स्वयं ही घर पर ही रहने की अपील अब शहरवासियों द्वारा किया जा रहा है।

कांग्रेस नेता भुवन सिंह ठाकुर ने दिया 5100 रुपए का चेक

भाटापारा । क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भुवन सिंह ठाकुर ने कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में 5 हजार 1 सौ रूपये का चेक जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता ठाकुर को सौपा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर ने उक्त चेक को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर को भेज कर भुवन सिंह ठाकुर के प्रति अभार जताया है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता ठाकुर ने कहा कि को रोना संकट एक विशाल संकट है इससे निपटने के लिए हर किसी को मुख्यमंत्री सहायता कोष में सहयोग करना चाहिए आज जो भी राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा होगी उससे जरूरतमंद लोगों को सामग्री व् राहत पहुंचाई जाएगी। श्रीमती सरिता ठाकुर ने पूरे क्षेत्र में घूम घूम कर लोगों से मुलाकात की है और हर संभव सहायता लोगों को प्रदान की है।

ऑनलाइन पढ़ाई होगी स्कूली बच्चों की

भाटापारा - नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण एवं बचाव के लिये लॉकडाउन के दौरान छग राज्य के सभी स्कूली बच्चों को ऑनलाईन पढाई करने के उददेश्य से वेलसाईड बनाया गया है । पढाई तुंहर दुआर कार्यक्रम का लाभ घर बैठे बच्चो को दिलाने के लिये राज्यशासन जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी आरके वर्मा के मार्गदर्शन में भाटापारा विकासखण्ड में भी प्राथमिक शाला से हायर सेकेण्डरी स्तर तक वर्चुअल क्लास रूम बनाया गया है।

अपनी हालत पर रो रहा है देवभोग का पंचायत भवन

नवप्रदेश संवाददाता

वर्षों से खंडहर बिल्डिंग में रखा जा रहा राशन-सामान

देवभोग। वर्षों से खंडर पंचायत भवन की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों की मांग को सरपंच सचिव द्वारा लगातार दरकिनार किया जा रहा है, जबकि महीनों से इस भवन पर खाद्यान्न चावल शक्कर मिट्टी तेल सहित तमाम सामग्री रखा जाता है, यह हाल ग्राम पंचायत भवन बरकानी का है, जिसे पिछले 2 वर्षों से मरम्मत करने की मांग आम सभा बैठक से लेकर सचिव सरपंच की बैठकों में प्रस्ताव रखा गया बावजूद इसके भवन का आज तक मरम्मत नहीं हो पाया पंचायत भवन इस कदर खराब हो चुका है कि गांव के 2 लोग भी नहीं बैठ सकते क्योंकि पूरी तरह प्लास्टर उखड़ने के अलावा छत जर्जर हो चुकी है जिसके चलते अक्सर हल्की बारिश में भी छत से काफी पानी टपकता है इससे पंचायत भवन कमरा पानी से लबालब हो जाता है और उक्त कमरे में छोटे-छोटे बच्चे मछली छोड़कर पकड़ते भी हैं, इस तरह की तस्वीर देखने के बाद भी पंचायत के जिम्मेदार सरपंच सचिव मैं अफसोस नजर नहीं आती शायद यही वजह है कि मद में राशि कईयों बार भेजने के बाद भी अब तक मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं हो पाया जिसका खामियाजा गांव के आम लोगों को भरना पड़ रहा है, क्योंकि खंडार भवन पर ही राशन दुकान संचालित होता है, फिर भी भवन मरम्मत को लेकर जिम्मेदार सक्रिय नहीं हैं, ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है, कि ग्राम पंचायत की बैठक से लेकर ग्राम सभा कहां और किस हाल में क्या जाता होगा ग्रामीणों का कहना है कि लगातार खंडहर पंचायत भवन की मरम्मत की मांग को लेकर सरपंच सचिव से लेकर सीईओ तक शिकायत किया जा चुका है मगर अफसोस की बात है अब तक किसी प्रकार का भी जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया अब ग्रामीण कलेक्टर को पत्र लिखकर पंचायत भवन मरम्मत करने की मांग करेंगे।

> पंचायत भवन अगर खंडहर हो गया है और मरम्मत करने की स्थिति में है तो तत्काल ग्राम पंचायत सचिव को भवन का मरम्मत करने के लिए कहा जाएगा
>
> **एम एल मंडावी,** सीईओ देवभोग

संजय वार्ड पार्षद गली में नलो से निकल रहा गन्दा पानी

भाटापारा। पिछले कई माह से संजय वार्ड सहित आसपास के वार्डो के नलो में नाली का गंदा पानी आने की शिकायत के बाद नगरपालिका अधिकारी अपनी टीम के साथ वार्ड का भ्रमण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया,जहाँ वार्ड के लोगो ने अपनी गहरी नाराजगी जताते हुए समस्या का स्थाई निदान शीघ्र करने को कहा।

विदित हो की पालिका अधिकारी व विभागीय कर्मचारियों की गैर जिम्मेदाराना कार्य प्रणाली से नाराज सैकड़ो वार्ड वासियो पार्षद व सभापति नेम तिवारी व जिला महामंत्री मनोज जैन ने पालिका अधिकारी आशीष तिवारी को स्थल पर बुलवा समस्या के निराकरण न होने की जानकारी वार्ड वासियो को देने कहां लेकिन संतोष जनक जवाब ना देने पर और लापरवाही पूर्वक जवाब देने पर वार्ड की सैकड़ो महिलाये व नागरिकों ने नाराजगी जताई।वही वार्ड में चौपट सफाई व्यवस्था पर पालिका प्रमुख आशीष तिवारी व विभागीय अमले द्वारा पल्ला झाड़ने से पुनः स्थिति बिगड़ गई।

संजय वार्ड के नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं पर पालिका की कार्य प्रणाली से नाराज जिला महामंत्री मनोज जैन ने एस डी एम को अवगत कराया इस दौरान वहां नपा उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, सभापति सीरीज जांगड़े, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री जित्तू तिवारी व आसपास के वार्ड वासी उपस्थित थे।

बाइक से भिड़ी बस, पुत्र की मौत पिता गंभीर

कोंडागांव। कोंडागांव जिले के केशकाल थाना अंतर्गत ग्राम ददारगढ़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बस और मोटरसाइकिल के बीच हुए हादसा में पुत्र विशाल सेन पिता नीलकंठ सेन 18 वर्ष की घटनास्थल पर मौत हुई वहीं बाईक चालक नीलकंठ सेन के पिता मेहतरसेन 46 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना प्रभारी केशकाल देवेंद्र दर्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरवेल निवाषी पिता पुत्र दोनों जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कार्य से केशकाल आए हुए थे, केशकाल से मोटरसायकल क्र. सीजी 19 बी 1914 में घर की ओर वापस जा रहे थे। उसी दौरान बस क्र. सीजी 02 7482 मजदूर को लेकर जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही थी , दादर गढ के समीप बाइक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से बस बाइक से जा भिड़ी।हादसा में बाइक में पीछे बैठा पुत्र ने मौके पर ही दम तोड़ा बाइक चालक पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस वाहन में डालकर समुदयिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल भेजा। जहां गंभीर रूप से घायल का उपचार जारी है। मृतक के शव को पंचनामा के लिए भेजा गया है।तथा बस सहित चालक को कांकेर थाने में रोक कर पूछताछ जारी है। हादसे के बाद पीसीसी चीफ व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम का काफिला सडक से गुजरा वहीं रास्ते मे दुर्घटना देख मरकाम ने घटना स्थल में रुक कर तत्काल केशकाल पुलिस को घटना की जानकारी दी ।

पराली जलाने के चक्कर में लगी भीषण आग बड़ी मुश्किल से आग काबू में आई

साजा। 30 अप्रैल को दोपहर 12बजे के आसपास साजा के कजरा खार में पराली जलाने से भीषण आग लग चुकी है जहां के आसपास के खेतों में आग पकड़ ली है नगर पंचायत साजा की अग्निशामक गाड़ी आग बुझाने के लिए लगी हुई है ज्ञात हो कि पराली जलाने के लिए शासन अनेकों बार निर्देश जारी कर चुके हैं उसके बाद भी किसान पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं और आज गंभीर हादसा हो रहा है ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी इसी खार मे भीषण आग लगी थी प्रशासन को सूचना देने के बाद भी किसी प्रकार की कोई आवश्यक कार्रवाई नहीं हो पाई थी जिसमें की खेत में किसानों के बोरवेल पंप के केबल समर्सिबल पम्प ,पाइप, स्प्रिंकलर सेट ,नोजल सहीत लाखों रुपए के कृषि उपकरण जल गए थे इसी प्रकार का एक हादसा साजा तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बोड़,रेगा एवं घोटवाणी में भीषण अग्निकांड से बस्ती जल गई थी पराली जलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की जरूरत है किसान आज भी खेतों में पराली जला रहे हैं शासन के निर्देशों का खुला उल्लंघन कर रहे हैं घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत साजा के पुर्व अध्यक्ष एवं साजा नगर पंचायत में विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे और उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से तत्काल बात की।

करमु पंचायत में औचक निरीक्षण करने पहुंची सीईओ

साजा। जनपद पंचायत साजा सीईओ क्रांति ध्रुव के द्वारा ग्राम पंचायत करमु के आश्रित ग्राम तोरण में चल रहे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत तालाब गहरीकरण के औचक निरीक्षण करने पहुँची। जानकारी लेने पर पता चला कि जिस भी पंचायत में नरेगा सम्बंधित कार्य प्रारंभ हुआ है वहाँ पर कोरोना संक्रमण से निपटारे के लिए जारी किए गए गाइडलाइंस का पालन किया जा रहा अथवा नही इस पर आवश्यक निरीक्षण किया गया। जिसमें नियमों के तहत कार्यों का होना पाया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव रोहित निर्मलकर उपस्थित रहे। अधिकारी ने उन्हें शासन की गाइड लाइन व दिशा निर्देशों का पालन कराते हुए कार्यों को कराने के निर्देश दिए।

साजा जनपद पंचायत द्वारा शासन की योजनाओं का कराया जा रहा बेहतर क्रियान्वयन

साजा। कोरोनो संक्रमण के समय जब पूरी दुनिया के सामने रोजगार की समस्या है ऐसे समय मे भी मशरूम फसल के उत्पादन करके विभिन्न पंचायतों के महिलाएं आत्मनिर्भर होने के साथ साथ अपने परिवारों का खर्च उठा रही हैं। महिला समूह की सदस्य महिलाएं कुछ समय पहले तक खेतो म् रोजी मजदूरी करते हुए नज़र आती थी मजदूरी नही मिलने पर परिवार का खर्च उठाने चिंतित दिखती महिलाएं आज स्वालम्बी और आत्मनिर्भर नज़र आने लगी है। शासन की योजना का बेहतर क्रियान्वयन - आपको बता दे कि साजा जनपद के लगभग 9 पंचायतों में मशरुम की पैदावार करके महिला स्व.सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। शासन की महत्वपूर्ण ठ्ठह्लद्य योजना (बिहान) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सभी जनपद के ग्राम पंचायतों में से चयन करके मशरूम की पैदावार के लिए महिला स्व.सहायता समूहों को इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण सुनिश्चित करके मार्गदर्शनऔर निरीक्षण करते हुए क्रियान्वित किया जाना था ।

कंगला मांझी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की मांग पूरी

डौंडी। जिला के एकमात्र आदिवासी ब्लॉक डौंडी में शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौंडी में स्नातक की कक्षाएं समाजशास्त्र एवं हिंदी साहित्य कक्षा खोलने की जो मांग रखी गई थी वह पूरी हो चुकी है इसमें डौंडी ब्लाक के छात्र-छात्राओं में हर्ष की लहर है क्योंकि इस विषय को पढ़ने के लिए छात्र दुर्ग भिलाई एवम् बाहर जाने को मजबूर हो जाते थे अब डौंडी महाविद्यालय में यह सुविधा मिलने से डौंडी ब्लाक के छात्र छात्रा यही अध्ययन करेंगे इस घोषणा से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

जानकारी अनुसार मंत्री अनिला भेड़िया व प्रतिनिधि पीयूष सोनी जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेश बाघमार के प्रयास से वर्षो से लंबित मांग ने डोंडी के महाविद्यालय में स्नातक की कक्षाएं समाजशास्त्र एवं हिंदी साहित्य कक्षा घोषणा की खबर मिलते ही क्षेत्र में छात्र-छात्राओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं,, एन एस यु आई के छात्रो ने मिठाई बांट कर खुशी जताई।

वहीं कार्यकर्ताओं ने स्नातक की कक्षाएं समाजशास्त्र एवं हिंदी साहित्य कक्षा खुलने की खुशी जताई एवं विधायक एवं मन्त्री अनिला भेड़िया व प्रतिनिधि पीयूष सोनी का आभार जताया। जनपद अध्यक्ष बसन्ती दुग्गा,उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन,ने खुशी जताते हुए क्षेत्र के छात्र छात्राओ के लिए बड़ी सौगात बताया।

मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार व महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर निरंतर कार्य किया जा रहा है। आमजन को सामाजिक सुरक्षा देने के साथ-साथ बेहतर शिक्षा सेवाएं देने के दृष्टिगत डौंडी में स्नातक की कक्षाएं समाजशास्त्र एवं हिंदी साहित्य कक्षा खोलने की जो मांग रखी गई थी वह पूरी हो चुकी है डोंडी कॉलेज की मांग पिछले लंबे समय से लंबित थी। अब इसे पूरा कर ब्लॉकवासियों को बड़ी सौगात दी है।

कई साल लगे

रविकांत देशमुख अध्यक्ष NSUI डौंडीलोहारा विधानसभा ने बताया कि कई वर्षों से महाविद्यालय शुरू हुआ था उसके बाद क्षेत्र में कई सरकारें आई और गई फिर भी क्षेत्र के छात्रों को इन विषयों से वचिंत रहना पड़ा। इस बार मांग पूरी होने से छात्र छात्राओं को लाभ मिल सकेगा।

निरीक्षण — बुरगुम के ग्रामीणों से रूबरू होकर नि:शुल्क राशन वितरण सहित पेयजल उपलब्धता की ली जानकारी

एसपी ने दूरस्थ पोटाली-बुरगुम ईलाके में सड़क-पुलिया निर्माण का लिया जायजा

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा और एसपी अभिषेक पल्लव ने जिले के कुआकोंडा ब्लॉक अंतर्गत दूरस्थ पोटाली-बुरगुम ईलाके में सड़क तथा पुलिया निर्माण कार्य का जायजा लिया साथ ही बुरगुम पुजारीपारा में नवनिर्मित उचित मूल्य दुकान सह गोदाम का अवलोकन किया और उक्त उचित मूल्य दुकान में जून महीने के लिए के राशन भंडार के निर्देश भी दिये गये। इस दौरान कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा और पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव सहित सीईओ जिला पंचायत सच्चिदानंद आलोक ने बुरगुम में ग्रामीणों से रूबरू होकर राशन कार्डधारी परिवारों को दो महीने का निःशुल्क चावल एवं नमक वितरण के बारे में पूछा।

वहीं बगैर राशन कार्ड वाले जरूरतमन्द लोगों को निःशुल्क राशन की उपलब्धता के सम्बंध में जानकारी ली। इसके साथ ही गांव में पेयजल व्यवस्था के बारे में पूछा और सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पेंशन प्रदाय की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि राशन कार्डधारी परिवारों को दो माह का चावल एवं नमक निःशुल्क दिया गया है। इसके साथ ही रियायती दर पर शक्कर और चना भी प्रदान किया गया है। वहीं गांव के जरूरतमन्द लोगों को ग्राम पंचायत द्वारा निःशुल्क राशन एवं अन्य खाद्य सामग्री दिया गया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक संगठनों की मदद से राशन किट भी प्रदान किया गया है। इस मौके पर कलेक्टर और एसपी ने ग्रामीणों को मास्क का वितरण कर उन्हें उपयोग करने की समझाईश दी।

सूरजपुर जिले में कोरोना संक्रमित मरीज मिलने से कोरिया के सरहदी मार्ग सील

■ मुख्य मार्ग व ग्रामीण रास्ते के साथ जंगल व पंगड़डी रास्ते में चौकसी बढ़ी

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिला से लगे पड़ोसी जिला सूरजपुर के जजावल राहत शिविर में कोरोना संक्रमित की पुश्टि के बाद से कोरिया व सूरजपुर के सभी सरहदी गांव व रास्ते पूरी तरीके से सील कर कोरिया जिला प्रशासन भी अलर्ट पर है। कोरिया जिले के सभी सीमाओं जो सूरजपुर से होकर कोरिया जिले की सीमा पर मिलती है जिनमे तीन मुख्य मार्गों पर पुलिस की तैनाती व 06 ग्रामीण रास्तों पर बैरियर लगा कर उसे बंद कर दिया गया है जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी गावं के सरपंच तथा प्रशासन द्वारा नियुक्त व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि सूरजपुर के जजावल राहत शिविर में झारखंड से आए प्रवासी 9 मजदूरों सहित एक पुलिसकर्मी के कोरोना पॉजिटिव आने की खबर के बाद जिला प्रशासन ने हाईअलर्ट जारी कर दिया है। पुलिस अधीक्षक कोरिया चन्द्रमोहन सिंह के कड़े निर्देश के बाद कोरिया सूरजपुर के मुख्य मार्ग सहित सभी गांव, जंगल यहां तक कि पगडंडियों तक मे चौकसी बढ़ा दी गयी है। गांवों में बेरियर के अलावा पगडंडियों में जेसीबी से मुरुम डाल कर रास्तो को ब्लॉक कर दिया गया है।

बाहरी लोगों की जानकारी पुलिस को दे

पटना थाना प्रभारी सत्य प्रकाश तिवारी ने आम जनता से अपील की है कि जिला कोरिया में आने वाला कोई भी व्यक्ति या मजदूर अन्य राज्य से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा में प्रवेश करता है, तो तत्काल बॉर्डर चेक पॉइंट पर सूचित करें यदि कोई इसका उल्लंघन करता है। तो उसके खिलाफआपराधिक प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बाहर राज्य से आने वाले व्यक्ति बॉर्डर पर स्वयं सूचना देवें उनका मेडिकल कराने के साथ रहने की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।

कोरिया से सूरजपुर को मिलाने वाली मुख्य मार्ग तीन है जिनको बंद कर पुलिस द्वारा पहरा किया जा रहा है। कुड़ेली जलभंटापारा से होते जाने वाले मार्ग, नेशनल हाईवे 43 डुमरिया सरहदी मार्ग व टेंगनी चौक से शिवप्रसादनगर व भैयाथान को जाने वाली मार्ग में बैरियर लगाकर दिन रात चौकसी बरती जा रही है। वहीं कोरिया जिले से लगे छः ग्रामीण रास्ते जो सूरजपुर जिले में जाकर मिलती है उसमें भी पुलिस की पैनी नजर है।

लॉकडाउन: छूट क्या मिली लोगों की उमड़ पड़ी भीड़

■ लग रहा मानो लाकडाउन पूरी तरह खुला

■ कलेक्टर के संज्ञान में लाते ही अफ़्सर हुए सक्रिय

काँकेर। एक तरफ कोरोना वायरस की त्रासदी और दूसरी ओर ग्रीन ज़ोन में आए जिले की दुकानों को छूट क्या मिली ।दुकानदार सोसल डिस्टेंस सिनेटाइज़र को ताक में रखकर व्यापार करने में मस्त दिखाई दिए गए ।शहर में सुबह 11 बजे का नज़ारा ऐसा लग रहा था ।मानो लाकडाउन से पूरी तरह आज़ादी दे दिया गया हो। सुबह से दोपहर तक शहर में भारी भीड़ देखी गई ।जिसके बाद हमारे सवांददाता ने कलेक्टर काँकेर को शहर की वास्तुस्थिति से अवगत कराया ।शहर में भारी भीड़ और लाकडाउन के आदेशों की अवहेलना सोसल डिस्टेंस सहित सिनेटाइज़र का इस्तेमाल व्यापारियों द्वारा नही करने की बात कही गई।कलेक्टर को सूचना दिए जाने के तत्काल बाद तहसीलदार मनोज मरकाम मुख्य नगरपालिका अधिकारी सौरभ तिवारी व थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख को शहर में सोसल डिस्टेंस सिनेटाइज़र व भीड़भाड़ वाले जगह पर चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

जिसके बाद कलेक्टर के आदेश का पालन करते शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुचकर सोशल डिस्टेंस का पालन नही करने वाले दुकानदारो का चालान काटा गया।इस दौरान बिना मास्क दो सवारी वाहन चलाने वालो का भी चलानी कार्यवाही किया गया है।

सारे नियमो को ताक में रखकर व्यापारी व्यापार में मस्त

ग्रीन ज़ोन में शामिल जिलों के दुकानदारों को कलेक्टर ने प्रशासन के सभी नियमों को मानने की शर्त पर काँकेर मुख्यालय के लगभग सभी दुकानों को खोलने की अनुमति दे दिया गया है।लेकिन गुरुवार को दुकानदारो को छूट क्या मिली वे लोग तो कोरोना के सारे नियमो की धज्जियाँ उड़ाते हुए व्यापार में मस्त दिखाई दिए गए। शहर में सुबह 11बजे से दोपहर बाद की स्थिति ऐसी लग रही थी।मानो कोरोना और लाकडाउन से पुरी तरह आज़ादी मिल चुकी है।किसी को कोई रोक टोक नही है ।खुली आज़ादी में लोग सामान की खरीदी करते नज़र आ रहे थे।

> शहर की अनुमति प्राप्त दुकानों में नियमो का पालन करना अनिवार्य है ।सोसल डिस्टेंस बिना मास्क सिनेटाइज़र का पालन नही किए जाने पर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा।
>
> **के एल चौहान,** कलेक्टर

बिना मास्क बिना सेनिटाइजर के लोग पहुंच रहे दुकानों तक

कोरोना वायरस के चलते ग्रीन ज़ोन में शामिल दुकानों को छूट मिली है।लेकिन छूट मिलते ही बड़ी संख्या में लोग किराना कपड़ा इलेक्ट्रॉनिक की दुकानों में सबसे ज़्यादा भीड़ देखी जा रही है।साथ ही इन्ही दुकानों में बिना मास्क सिनेटाइज़र और सोसल डिस्टेंस को मजाक बनाकर प्रशासन के आदेशो की धज्जियां उड़ाई जा रही है।और सबसे ज़्यादा मस्जिद चौक स्थित किराना दुकानों व आसपास में सोशल डिस्टेंस बिना मास्क के लोगो का जमावाड़ा आसानी से देखा जा सकता है।इन्ही दुकानों में कुछ दुकानदार फैन्सी दुकान का संचालन किया जाता रहा है।अब लाकडाउन के समय थोड़े किराने के सामान रखकर अपना व्यापार चलाने की चालाकी कर शासन की आंखों में धूल झोंकने का काम भी कुछ व्यापारियों द्वारा किया जा रहा है।जिसे शासन प्रशासन को गम्भीरता से लेकर जांच कर कार्यवाही किया जाना चाहिए।

श्री रामकृष्ण सेवा संघ ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया आर्थिक योगदान

बचेली । श्री रामकृष्ण सेवा संघ बचेली जो कि हमेशा से ही गरीबों और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है। जैसा की हम सभी जानते हैं कोविड 19 आपदा से हमारा देश जूझ रहा है इस आपदा के समय जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए ÷श्री रामकृष्ण सेवा संघ÷ के अध्यक्ष श्री सुब्रतचाकी जी के मार्गदर्शन पर सेवा संघ के सभी सदस्यों ने मिलकर ?35000 की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में चेक के द्वारा जिला कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा जी को सौंपी इस दौरान श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सदस्य श्री परन विश्वास,श्री श्यामल सिकदर एवं श्री मानिक हलदर मौजूद रहे कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने रामकृष्ण सेवा संघ समिति का इस नेक कार्य के लिए आभार प्रकट व्यक्त किया।

कोटा से पहुंचे छात्रों का हालचाल जाना कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने

काँकेर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम कोंडागांव से रायपुर जाते समय कुछ देर के लिए कोटा राजस्थान से पहुचे 167 छात्र छात्राओं को शासन-प्रशासन द्वारा इमली पारा में रखे क्वारेंटाइन सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे ।जहाँ छात्र छात्राओं के बारे में उपस्थित कर्मचारियों से हालचाल जाना ।इसके बाद क्वारेंटाइन सेंटर का निरीक्षण कर सभी ज़रूरी चीजो को आवश्यक रूप से बच्चों तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ।इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष /बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य बिरेश ठाकुर विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी में उपस्थित रहे।

पूर्ण शराबबंदी को लेकर महिलाओं ने की मांग

मुंगेली। जिले में आगामी 3 मई तक शराब दुकानों को बंद करने का नया फ़रमान जारी किया गया हैं जिसको देखते हुये मदिरा प्रेमियों को फ़िर से 3 मई तक इंतजार करना पड़ेगा,, जिसके चलते महुआ शराब की बिक्री करने वाले अवैध शराब कोचियों की फ़िर पौ बारह होने लगी है,, आये दिन होने वाली कार्यवाहियों के बावजूद भी इनके हौसले में कोई कमी नही आई है।

गौरतलब हो कि लाकडाउन के बाद पूरे प्रदेश भर में 25 मार्च के बाद से सरकार ने शराब दुकानों सहित गोदाम को बंद करने का आदेश जारी किया था उसके बाद से लगातार खुलने की तारीख को आगे बढ़ाया जा रहा है,, वही दूसरी तरफ अवैध शराब के मामलो में भी इजाफ़ा देखा जा रहा है,, कुछ समय पहले तक कांग्रेस द्वारा शराब बंदी की बात कही जाती थी, किन्तु सत्ता में आने के बाद सरकार द्वारा अब तक इस दिशा में कोई पहल अब तक सामने नहीं आई है।

1 मई को 4 बजे से 3 मई की रात 12 बजे तक सम्पूर्ण बाजार एवं दुकान बंद रहेंगे

■ अस्पताल, मेडिकल स्टोर्स एवं पेट्रोल पंप खुली रहेगी

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा प्रत्येक दिन जिले में लॉकडाउन की परिस्थिति का परीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे उन्होने आज पुनः जिले में लॉकडाउन की परिस्थिति का परीक्षण किया। उन्होने नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण और इसकी संभावनाओं को देखते हुए जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में 1 मई के अपरान्ह 4 बजे से 3 मई की मध्य रात्रि 12 बजे तक सम्पूर्ण बाजार एवं दुकानो को बंद रखे जाने का आदेश दिया है। लेकिन अस्पताल, मेडिकल स्टोर्स एवं पेट्रोल पंप प्रभावित नही होंगे। अस्पताल, मेडिकल स्टोर्स एवं पेट्रोल पंप पूर्व के भांति संचालित होंगे। कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर पुलिस प्रशासन और व्यवसायियो एवं दुकानदारो की मीटिंग रखी गई । जिसमें कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए दुकानों एवं प्रतिष्ठानों को एवं शासन के निदेर्शो को पालन करने के संबंध में चर्चा की गयी ।

बैठक में निम्न मुदो पर चर्चा की गयी। दुकान का समय जो कि सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक यथावत रखा गया है। कोरोना महामारी को देखते हुए रविवार को दुकान पूर्णता बंद रखी जाएगी ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

ग्रामीणों ने पहाड़ का...

के प्रयास से यहां जरूरी सुविधाएं पहुंचने लगी है। नक्सल प्रभावित सुदूर वनांचल के निवासी जो वर्षों से सड़क की समस्या से जूझ रहे थे। उन्हें जिला प्रशासन ने कन्हारगांव से टेमरूगांव 8 किलोमीटर और टेमरूगांव से टोयमेटा तक 7 किलोमीटर पक्की सड़क की सौगात दी है। टेमरूगांव ऊंची पहाड़ी पर बसा है। लोगों की दिक्कत और आवागमन की सुविधा के लिए प्रशासन ने पहाड़ को काटकर सड़क बनाने का दुरूह कार्य कर दिखाया है।

सालभर पहले शुरू हुआ था निर्माण कार्य : टेमरूगांव ग्राम पंचायत की सरपंच कनेश्वरी कोर्राम बताती हैं कि सदियों से बसे इन गांवों में लगभग 700 लोग रहते है। कुछ महीने पहले इस गांव तक पहुंच पाना ही सबसे बड़ी समस्या होती थी। सीधी चढ़ाई वाले पहाड़ के ऊपर बसे गांव तक पहुंचने के लिए एकमात्र साधन पगडंडी थी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत एक साल पहले सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। 6 माह पहले सुगम आवागमन के लिए दो पहाड़ को काटकर सड़क बनायी जा रही है।

लॉकडाउन में ग्रामीणों के...

से गांव में राशन, एम्बुलेंस सहित अन्य जरूरी वाहनों की पहुंच अब गांवों तक होने लगी है। यह गांव वालों के लिए किसी सपने के पूरे होने जैसा था।

दो के डिस्टार्ज के बाद...

चार हो गई। एम्स द्वारा विज्ञप्ति में एम्स के डायरेक्टर डॉ. नागरकर की ओर से बताया गया है कि सूरजपुर के छह लोगों को माना स्थित क्वारंटाइन सेंटर में भेज दिया गया है, जबकि एक रोगी का पुनः टेस्ट किया जा रहा है। वहीं पॉजिटिव पाए तीनों लोग पुरुष हैं। इनकी उम्र 58, 26 और 25 वर्ष है। एम्स में अब चार लोगों का ही कोरोना का इलाज चल रहा है इनमें सूरजपुर के 3 व एम्स का नर्सिंग ऑफिसर शामिल है।

10 और 12वीं की...

से 8 मई तक परीक्षा आयोजित करने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया था। वर्तमान में राज्यभर में 3 मई तक लॉकडउन के मद्देनजर शासन स्तर पर निर्णय लिया गया था कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी संशोधित समय सारणी जिसके द्वारा मंडल की हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शेष परीक्षाएं दिनांक 4 मई से 8 मई तक आयोजित की जाएगी। लेकिन अब ये समस्त परीक्षाएं आगामी आदेश तक के लिए स्थगित की गई है। परीक्षाओं की नई समय-सारणी बाद में घोषित की जाएगी।

राज्य के सभी संभागों में...

पर सक्रिय है। वहीं बुधवार को बनी द्रोणिका जो कि दक्षिण-पश्चिम मध्यप्रदेश से लेकर दक्षिण तमिलनाडू तक फैली थी यह आगे निकल गई है। हालांकि इसके असर से शुक्रवार को राज्य के लगभग सभी संभागों में बारिश होने के आसार हैं। रायपुर मौसम केंद्र मानें तो शुक्रवार को तेज हवा व आकाशीय बिजली गिरने के साथ ही बारिश हो सकती है। हालांकि मौसम केंद्र के मुताबिक अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम जारी ही रहेगा। गुरुवार को सबसे कम अधिकतम तापमान पेण्ड्रारोड में 19.4 डिग्री रिकार्ड किया गया है वहीं दुर्ग शहर में सबसे अधिक 41.2 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया है।

देश के हॉटस्पॉट जिलों से...

रहती है। जिला प्रशासन को इसका रोजाना अध्ययन करते रहना चाहिए, ताकि उन्हें जानकारी रहे कि वर्तमान में देश के कौन से राज्य का कौन सा जिला हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इसके अलावा राज्य के स्वास्थ्य विभाग से भी हॉटस्पॉट जिलों की अद्यतन जानकारी व स्थिति प्राप्त की जाए। परिवार के निकटतम सदस्य माता, पिता, पिता-पुत्र की मृत्यु अथवा मेडिकल आपातकाल के कारण जो व्यक्ति अन्य राज्य से विधिवत अनुमति, पास प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के किसी भी जिले में आना चाहते हैं, उन्हें संबंधित सीमावर्ती जिले के जिला दण्डाधिकारी या संबंधित जिला दण्डाधिकारी की अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा अन्य आपातकाल में आवेदन जिला दण्डाधिकारी के माध्यम से गृह विभाग को प्रेषित कर अनुमति व पास प्राप्त कर यात्रा की जा सकती है।

लघु वनोपज खरीदी...

67 लाख 26 हजार रूपए मूल्य की लघु वनोपजों की खरीदी की गई है, इसमें से अकेले छत्तीसगढ़ में 18 करोड़ 63 लाख 82 हजार रूपए मूल्य की लघु वनोपजों की खरीदी की गई है। झारखण्ड में 3 लाख 39 हजार रूपए और ओडिशा में 5 हजार रूपए की लघु वनोपजों की खरीदी की गई है। प्रदेश में लघु वनोपजों का यह आंकड़ा लगतार बढ़ रहा है। राज्य सरकार के ताजा आंकड़ों के अनुसार चालू सीजन के दौरान छत्तीसगढ़ में अब तक एक लाख 32 हजार 272 संग्रहकों से लगभग 21 करोड़ रुपए मूल्य की 72 हजार 727 क्विंटल लघु वनोपजों का संग्रहण किया जा चुका है। राज्य में चालू वर्ष में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत संग्रहित लघु वनोपजों में इमली (बीज सहित), पुवाड़ (चरोटा), महुआ फूल (सूखा), बहेड़ा, हर्रा, कालमेघ, धवई फूल (सूखा), नागरमोथा, इमली फूल, करंज बीज तथा शहद शामिल हैं। इसके अलावा बेल गुदा, आंवला (बीज रहित), रंगीनी लाख, कुसुमी लाख, फुल झाड़ु, चिरौंजी गुठली, कुल्लू गोंद, महुआ बीज, कौंच बीज, जामुन बीज (सूखा), बायबडिंग तथा साल बीज आदि लघु वनोपजें भी इसमें शामिल हैं।

राजन से बाले राहुल..

उठा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक अलग तरीका निकाला गया है जो बहुत तेजी से फलता-फूलता नजर आ रहा है। राजन ने भी इस व्यवस्था पर चिंता जताई और कहा ÷अधिकारवादी व्यक्तित्व अपने आप में एक ऐसी धारणा बना लेता है कि 'मैं ही जनशक्ति हूं' इसलिए मैं जो कुछ भी कहूंगा, वह सही होगा। सब कुछ मेरे सामने से होते हुए गुजरना चाहिए। इतिहास उठाकर देखें तो पता चलेगा कि जब-जब इस हद तक केंद्रीकरण हुआ है, व्यवस्थाएं धराशायी हो गई हैं।

ऋषि कपूर पंचतत्व में...

को ऐसे समय पर मौजूद रहने की अनुमति है। इससे पहले अस्पताल से सीधे ऋषि कपूर के पार्थिव शरीर को चंदनवाडी श्मशानघाट लाया गया। मुंबई पुलिस ने पूर्णबंदी को देखते हुए कपूर परिवार से दिवंगत अभिनेता के पार्थिव शरीर को घर नहीं ले जाने का अनुरोध किया था। ऋषि कपूर की ख्वाहिश थी कि उनके जीवित रहते उनके बेटे रणबीर कपूर की शादी हो जाये, जो उनके निधन के कारण यह अधूरी रह गयी। ऋषि कपूर चाहते थे कि उनके बेटे रणबीर कपूर की शादी जल्द से जल्द हो जाए।

शासन आज से...

1 की शाम से 3 मई तक घोषित की जा सकती है। फिलहाल इसकी कोई अधिकृत घोषणा शासन ने अब तक नहीं की है। परंतु चंद जिलों में जिन्हें रेड जोन, ग्रीन जोन या ऑरेंज जोन में तब्दील किया गया है वहां 48 घंटे की सख्ती का पालन हो सकता है। बता दें कि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए प्रदेश के तमाम जिलों में लॉकडाउन किया गया है। बेमेतरा में स्थिति को देखते हुए 25 अप्रैल से लॉकडाउन के दौरान छूट दी गई थी, लेकिन लोगों की लापरवाही सामने आने पर अब फिर से एक से लेकर तीन मई तक 48 घंटों के लिए लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

बेमेतरा कलेक्टर आईएएस शिव अनंत तायल ने गुरुवार को जारी लॉकडाउन को लेकर नए आदेश में कोरोना संक्रमण से जिलेवासियों के बजाव के लिए फिर से लॉकडाउन से संबंधित राज्य और केंद्र सरकार के प्रावधानों को कड़ाई से लागू किया जाए। इसके लिए एक मई को शाम 5 बजे से लेकर तीन मई को शाम 5 बजे तक 48 घंटों के लिए पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर, एलपीजी गैस गोदाम को छोड़कर सभी प्रतिष्ठान बंद रखे जाएंगे।

COVERNMENT OF CHHATTISGHAR, WATER RESOURCES DEPATMENT

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI GODAVARI BASIN RAIPUR (C.G.)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

CORRIGENDUM NO. 5

(1) In System Tender 61386/NIT No.:08/SAC/2019-20, Balod, Dated: 27.02.2020 Whose G-Number is 80103 dated 20.04.2020

(2) In System Tender 61460/NIT No.: 09/SAC/2019-20, Balod, Dated:27.02.2020 Whose G-Number is 80103 dated 20.04.2020

(3) In System Tender 61724/NIT No.:10/SAC/2019-20, Balod, Dated: 02.03.2020 Whose G-Number is 80103 dated 20.04.2020 following amendments are made :-

S.No.	Amendments
1	Online Tenders are invited for the following works up to 11.05.2020 at 17.30 Hour
2	Bid Open Start Date and time: 12.05.2020, 11:30 Hours

Note : - All other terms and conditions will remain be unchanged.

G-80348/4

Executive Engineer
Water Resources Division,
Balod (C.G.)
For, Chief Engineer, MahanadiGodavariBasin
Raipur (C.G.)

कार्यालय, जोन क्रमांक-3, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 112ए/न.पा.नि./ जोन-03/19-20 — रायपुर, दिनांक 20.04.2020

ह्यमैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 01.05.2020 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 02.05.2020 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 11.05.2020 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 12.05.2020 कार्यालयीन समय 4.00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्रं.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानति राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ. आर. का विवरण	समयावधि
01	जोन क्र.03 अंतर्गत कालीमाता वार्ड में नालियों से पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	1.88	2000/-	300/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.एच.ई भवन दिनांक 07.02.2013 संशोधित एस.ओ. आर.)	01 माह
02	जोन क्रं. 03 अंतर्गत गुरू गोविंद सिंह वार्ड में नालियों से पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	2.17	2500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.एच.ई भवन दिनांक 07.02.2013 संशोधित एस.ओ. आर.)	01 माह
03	जोन क्रं. 03 अंतर्गत शंकर नगर वार्ड में नालियों से पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	1.68	2000/-	300/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.एच.ई. भवन दिनांक 07.02.2013 संशोधित एस.ओ. आर.)	01 माह
04	जोन क्रं. 03 अंतर्गत महर्षि वाल्मिकी वार्ड में नालियों से पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	1.68	2000/-	300/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.एच.ई. भवन दिनांक 07.02. 2013 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह
05	जोन क्रं. 03 अंतर्गत शहीद वीरनारायण वार्ड में नालियों से पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	2.15	2500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.एच.ई. भवन दिनांक 07.02. 2013 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह
06	जोन क्रं.03 अंतर्गत लालबहादुर शास्त्री वार्ड में नालियों से पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	2.03	2500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.एच.ई. भवन दिनांक 07.02. 2013 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह
07	जोन क्रं.03 अंतर्गत सिविल लाईन वार्ड में नालियों से पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	2.10	2500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.एच.ई. भवन दिनांक 07.02. 2013 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह
08	जोन क्रं.03 अंतर्गत गुरू घासीदास वार्ड में नालियों से पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	1.91	2000/-	300/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.एच.ई. भवन दिनांक 07.02. 2013 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह
09	जोन क्रं.03 अंतर्गत डी. आई. पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य।	3.56	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.एच.ई. भवन दिनांक 07.02. 2013 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह
10	जोन क्रं.03 अंतर्गत शंकर नगर जलागार में विभिन्न वाल्व चैम्बर मरम्मत समतलीकरण एवं कांक्रीटीकरण कार्य	3.68	4000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01. 2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह
11	जोन क्रं.03 अंतर्गत तेलीबांधा जलागार में विभिन्न वाल्व चैम्बर मरम्मत एवं कांक्रीटकरण कार्य	0.84	2000/-	300/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.डब्ल्यू.डी.भवन दिनांक 01.01. 2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह
12	जोन क्रं.03 अंतर्गत शंकर नगर जलागार में विभिन्न वाल्व चैम्बर से पानी निकासी हेतु नाली बनाने का कार्य।	2.23	2500/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ'(पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01. 2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह

1. नगर पालिका निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में अ, ब, स अंकित होगा अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालीयन दिवस में किया जावेगा।
7. समक्ष ई-रजिस्ट्रेशन, बैंक सालवेंसी, लास्ट तीन साल आईटीआर एवं क्लीयरेंस डिटेल, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं लास्ट तीन माह क्लीयरेंस डिटेल, अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जनकारियों कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

पेयजल, सड़क, बस्ती, सफाई, समस्या नियामक संपर्क निदान-1100

कार्यपालन अभियंता,
जोन क्रमांक-03,
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

नहीं रहे ऋषि कपूर

निधन पर बॉलीवुड सितारों ने जताया शोक

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के रोमांस किंग और सदाबहार अभिनेता ऋषि कपूर के निधन पर स्वर कोकिला लता मंगेशकर और महानायक अमिताभ बच्चन समेत विभिन्न कलाकारों ने शोक व्यक्त किया है।

स्वर कोकिला ने अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा ,÷क्या कहूं?क्या लिखूं कुछ समझ में नहीं आ रहा। ऋषि जी के निधन से मुझे बहुत दुख हो रहा है। उनके जाने से फिल्म इंडस्ट्री की बहुत हानि हुई है। ये दुख सहना मेरे लिए बहुत मुश्किल है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। अमिताभ ने अपने ट्वीट में भावुकता भरे शब्दों में लिखा , ÷वो गया। ऋषि कपूर गये। अभी उनका निधन हुआ। मैं टूट गया हूं। दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत ने ट्वीट करते हुए लिखा, ÷दिल टूट गया...भगवान उनकी आत्मा को शांति दे.. मेरे अज़ीज दोस्त। फिल्म अभिनेता मनोज वाजपेयी ने ट्वीट करते हुए लिखा, ÷ऋषि कपूर के निधन की खबर ने मुझे झंकझोर दिया है, नहीं ये नहीं हो सकता.. ये एक्सेप्ट करना बहुत मुश्किल है। भगवान आपकी आत्म को शांति दे ऋषि जी। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऋषि कपूर के एक फोटो ट्वीट की है जिसके साथ उन्होंने लिखा, ÷एक लेजेंड अभिनेता और करोड़ों दिलों के अजीज़ ने आज हमें छोड़ दिया। आपको बहुत मिस करेंगे ऋषि जी.. मेरी दिल नीतू जी के लिए भर आया है.. ऋषि जी के परिवार के लिए ये बहुत मुश्किल वक्त है।÷ बॉलीवुड एक्टर बोमन ईरानी ने ट्वीट करते हुए लिखा, दिल तोड़ दिया चिंटू जी दिल तोड़ दिया।

बॉलीवुड अभिनेता और भाजपा सांसद सनी देओल ने ऋषि कपूर के निधन पर एक तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा कि ऋषि जी के जाने के गहरा सदमा लगा है, वो शानदार अभिनेता और इंसान थे। बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार ने ट्वीट कर लिखा, ऐसा लगता है कि हम एक बुरे सपने के बीच में हैं। ऋषि कपूर के जाने से बड़ा झटका लगा है। ये दिल तोड़ने वाला है। वो महान थे। एक शानदार दोस्त थे। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऋषि कपूर के साथ तस्वीर साझा की. प्रियंका ने लिखा दिल भारी है क्योंकि आज एक सदी खत्म हो गई है। तापसी पन्नू ने लिखा है, 'कुछ लिखने की कोशिश में.... मैं अपने मन... और हाथ सिंक में नहीं कर पा रही. बीच में दिल की ऐसी हालत में है कि कुछ समझने में सक्षम नहीं है. वह हंसी, हास्य की वह भावना, ईमानदारी और यहां तक कि शरारतें, याद किया जाएगा. आप जैसा कोई नहीं प्त ऋषि कपूर।'

ऋषि कपूर को पसंद थी बिरयानी–कबाब : आशा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की दिग्गज पार्श्वगायिका आशा भोंसले, ऋषि कपूर के निधन से बेहद मर्माहत है और उनका कहना है कि वह उनकी आखिरी इच्छा पूरी नहीं कर सकी। ऋषि कपूर के निधन से बॉलीवुड में शोक की लहर फैल गयी है। आशा भोंसले भी ऋषि कपूर के निधन से बेहद दुखी है। उन्होंने बताया कि उन्हें बेहद दुख है कि वह ऋषि कपूर की आखिरी इच्छा को पूरी नहीं कर पाईं। उन्होंने बताया कि ऋषि कपूर को उनका बनाया हुआ खाना काफी पसंद था। ऋषि ने निधन से पहले आशा भोंसले बातचीत में उनके हाथ का खाना खाने की इच्छा जताई थी।आशा भोंसले ने कहा, ÷मैं बचपन से कपूर खानदान से जुड़ी हुई हूं। एक बार मैं उनके घर अकेले खाना खाने गई थी। ऋषि कपूर के साथ मेरे गहरे संबंध थे। मेरे हाथ का खाना उन्हें काफी पसंद था। वे हमेशा फोन पर बात करते थे। कहते थे कब बुला रही हो मैं खाना खाने आऊंगा। मुझे बहुत दुख है उनके जाने का।

ऋषि घुल मिल जाते थे। कहीं भी मिलने पर बात करते थे। जब भी फोन कर बुलाती थी वे आते थे। कभी ये नहीं कहा मैं ऋषि कपूर हूं क्यों बुला रही हो। ऋषि कपूर में काफी इंसानियत थी। वे काफी हंसते हंसाते थे। उनके चेहरे पर हंसी रहती थी। मुझे उनका गाना 'हमने तुमको देखा तुमने हमने देखा' सबसे पसंद था. उनके हर गाने अच्छे थे। सुश्री भोंसले ने कहा, एक्सप्रेशन उनकी आंखों में आते थे। उन्होंने बढ़िया काम किया था। अभी खाना बनाते वक्त मुझे काफी दुख हो रहा था कि मैं उन्हें खिला नहीं पाई। वे मेरे हाथ की बिरयानी, कबाब, दाल काफी पसंद करते थे।

कर्ज से उबरने के लिये राज कपूर ने बनायी थी बॉबी



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के पहले शो मैन माने जाने राज कपूर ने अपने बेटे ऋषि कपूर को लांच करने के लिये नहीं बल्कि कर्ज से बाहर निकलने के लिये बॉबी बनायी थी।

ऋषि कपूर ने यूं तो अपने सिने करियर की शुरूआत अपने पिता की निर्मित फिल्म 'मेरा नाम जोकर' से की । वर्ष 1970 में प्रदर्शित इस फिल्म में ऋषि कपूर ने 14 वर्षीय लड़के की भूमिका निभाई जो अपनी शिक्षिका से प्रेम करने लगता है । अपनी इस भूमिका को ऋषि कपूर ने इस तरह निभाया कि दर्शक भावविभोर हो गये। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किये गये। मेरा नाम जाकर भारतीय सिनेमा इतिहास में मील का पत्थर मानी जाती है लेकिन उन दिनों फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गयी थी। इस फिल्म को पूरा करने

ऋषि कपूर को छोटा भाई मानते थे अमिताभ बच्चन



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन सदाबहार अभिनेता ऋषि कपूर को अपना छोटा भाई मानते थे और उनके निधन से वह 'टूट' गए हैं। ऋषि कपूर की निधन से पूरा बॉलीवुड सन्न है। उनकी निधन की सूचना पर बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने साथी अभिनेता ऋषि कपूर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अमिताभ ने अपने ट्वीट में भावुकता भरे शब्दों में लिखा , ÷वो गया। ऋषि कपूर गये। अभी उनका निधन हुआ। मैं टूट गया हूं। ऋषि कपूर के जाने पर अमिताभ के इस दुख को इस तरह भी समझा जा सकता है कि दोनों का रिश्ता काफी पुराना था और दोनों ने ही साथ में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया था।

फॉर्म में होने पर ही वापसी करुंगा: डीविलियर्स

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज एबी डीविलियर्स ने कहा है कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उनसे राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए बात की है लेकिन वह तभी क्रिकेट में वापसी करेंगे जब उन्हें लगेगा कि वह फॉर्म में हैं।

मुंबई (वार्ता)। डीविलियर्स ने मई 2018 में क्रिकेट के सभी प्रारुप से संन्यास ले लिया था लेकिन उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटने की चर्चा काफी दिनों से चल रही है।

डीविलियर्स ने स्टार स्पोटर्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, ÷टीम के कुछ लोग चाहते हैं कि मैं दोबारा दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलूं और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने इसे लेकर मुझसे बात भी की है। डीविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 114 टेस्ट, 228 वनडे और 78 टी-20 मुकाबले खेले हैं। लेकिन उनका मानना है कि वह तभी क्रिकेट में वापसी करेंगे जब उन्हें लगेगा कि उनकी फॉर्म अच्छी चल रही है। उन्होंने कहा, ÷मेरे लिए सबसे जरुरी है फॉर्म में रहना और यह साबित करना है कि मैं अन्य खिलाड़ियों से बेहतर हूं। अगर मुझे लगेगा कि मैं टीम में रहने के लायक हूं तो मेरे लिए अंतिम एकादश में शामिल होना आसान होगा।

गोल्फ के लिए ओलम्पिक क्वालीफाइंग को जून 2021 तक

बर्न (वार्ता)। गोल्फ के लिए ओलम्पिक क्वालीफाइंग को जून 2021 तक के लिए बढ़ा दिया गया है और अब गोल्फर टोक्यो ओलम्पिक के लिए रैंकिंग अंक अगले साल 28 जून तक जुटा सकेंगे। पुरुष गोल्फर ओलम्पिक रैंकिंग अंक अगले साल 21 जून तक और महिला गोल्फर 28 जून तक जुटा सकेंगे। अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ महासंघ (आईजीएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईजीएफ और अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) ने 2021 में प्रतियोगिताओं की नयी तारीखों को समायोजित करते हुए यह घोषणा की है। ओलम्पिक गोल्फप्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्गों में 60-60 गोल्फर उतरेंगे। ओलम्पिक गोल्फ रैंकिंग आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग पर आधारित होती है। क्वालीफाइंग अवधि की समाप्ति पर शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलम्पिक के लिए योग्य होंगे।

दीपक अग्रवाल पर लगा दो साल का प्रतिबंध

दुबई (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार रोधी संहिता को तोड़ने के आरोप में दीपक अग्रवाल पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है। अग्रवाल पर संहिता के तहत आरोप लगाए थे। अग्रवाल 2018 में हुई टी-10 क्रिकेट लीग में सिंधी फ्रेंचाइजी के मालिकों में से एक थे। दीपक पर आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता की धारा 2.4.7 के तहत जांच में बाधा डालने और सबूत मिटाने के आरोप लगे थे।

जापान के प्रधानमंत्री ने कहा... कोरोना काबू होने पर ही होंगे ओलम्पिक

टोक्यो (वार्ता)। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने बुधवार को कहा कि वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस को काबू किये जाने के बाद ही अगले वर्ष जुलाई में टोक्यो ओलम्पिक का आयोजन किया जा सकेगा। टोक्यो के गवर्नर ने जापान में आपात स्थिति को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति और जापान सरकार ने पिछले महीने टोक्यो ओलम्पिक को जुलाई 2021 तक स्थगित कर दिया था। कोविड-19 का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है और इससे विश्वभर में अब तक 2 लाख 16,127 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 30 लाख 84,563 लोग संक्रमित हुए हैं।

इस बढ़ती संख्या के कारण अगले साल भी ओलम्पिक के आयोजन पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। आबे ने विपक्षी सांसद के सवाल के जवाब में कहा , ÷हम यह बात बराबर कह रहे हैं कि ओलम्पिक और पैरालम्पिक खेलों का आयोजन ऐसे माहौल में हो जहां खिलाड़ी, दर्शक और अन्य भागीदार खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

खिलाड़ियों के लिए आर्थिक मदद पॉलिसी

गुरुग्राम (वार्ता)। कोरोना कोविड-19 महामारी के संकट में सभी खेल आयोजन बंद हो चुके हैं और आगे भी सामजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए खेल आयोजनों में लम्बा समय लगेगा।

इस परिस्थिति को देखते हुए खिलाड़ियों की मदद के लिए शब्दशक्ति एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट ने देशव्यापी खेल प्रोत्साहन स्कॉलरशिप मुहिम शुरू की है।

पहले चरण में सब जूनियर स्तर (5/5/20 तक 17 वर्ष उम्र) के ओलम्पिक मान्यता प्राप्त खेलों के खिलाड़ियों को 3100/- रुपये की आर्थिक मदद करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए आवेदन करने की आखिरी तिथि पांच मई 2020 है। इस मुहिम के लिए समाजसेवी तरुण चौधरी (फाउंडर), सुरेंद्र कालीरमण अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट (अध्यक्ष), अमित राठी (ट्रस्टी), कृपा शंकर बिशनोई (अर्जुन अवार्डी), पेट्रन प्रशांत रोहतगी(बब्बू ख़लीफ़ा) और चौधरी रणधीर सिंह चीफ़पेट्रन हैं। चौधरी रणधीर सिंह ने बुधवार को इस मुहिम का शुभारंभ किया। इस पॉलिसी की शर्तों में खिलाड़ी की किसी भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी ज़रूरी है। प्रथम चरण में 50 खिलाड़ियों को वितरण और उसके बाद आवेदन और जरूरत के हिसाब से संख्या और राशि बढ़ाई जाएगी। किसी भी खिलाड़ी का नाम सार्वजनिक रूप से नहीं बताया जाएगा।

पैरी ने सिडनी सिक्सर्स के साथ अनुबंध बढ़ाया

सिडनी (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर एलिस पैरी ने वुमेन बिग बैश लीग की टीम सिडनी सिक्सर्स के साथ अपने अनुबंध को दो सत्र के लिए बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। 29 वर्षीय पैरी पिछले साल 50 ओवर के प्रारुप में विक्टोरिया के लिए खेली थी और उनका अनुबंध सिक्सर्स के साथ 2019 में खत्म हो गया था। हालांकि पैरी ने सभी आशंकाओं को दूर करते हुए सिक्सर्स के साथ अपने अनुबंध को आगे बढ़ा दिया।

पैरी टूर्नामेंट के शुरुआत से ही सिक्सर्स की कप्तान रही हैं और वह आगे भी टीम का नेतृत्व करती रहेंगी। पैरी ने कहा, ÷मेरे ख्याल से क्लब छोड़ना मेरे लिए बहुत मुश्किल होता क्योंकि मुझे यहां काफी समर्थन मिला है। शुरुआत से ही क्लब के साथ मेरा अलग नाता रहा है।

लॉकडाउन के कारण बीसीसीआई ने आईपीएल को अनिश्चितकाल के लिए किया स्थगित

दर्शकों के बिना आईपीएल कराना चाहिए: रहाणे

कोरोना वायरस के कारण खेल गतिविधियां ठप्प होने के बीच आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज अजिंक्या रहाणे का मानना है कि आईपीएल को दर्शकों के बिना खाली स्टेडियम में कराया जाना चाहिए।

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस के कारण देशभर में लागू हुए लॉकडाउन के कारण बीसीसीआई ने आईपीएल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया था। लेकिन हाल के हालात को देखते हुए इसके आयोजन को लेकर संशय बना हुआ है। हालांकि इस बीच इसे दर्शकों के बिना कराए जाने की भी चर्चा चल रही है।

31 वर्षीय रहाणे ने इंस्टाग्राम लाइव चैट के दौरान कहा, ÷मेरे ख्याल से आईपीएल या अन्य कोई भी खेल को दर्शकों के बिना कराना चाहिए। हम सभी घरेलू टूर्नामेंट दर्शकों के बिना ही खेलते हैं और इसका अनुभव हमारे काम आ सकता है।

उन्होंने कहा, ÷मैं यह मानता हूं कि हम अपने प्रशंसकों के बिना कुछ भी नहीं है लेकिन उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुझे लगता है कि अगर दर्शक घर में आईपीएल देखेंते तो उसमें भी उन्हें मजा आएगा। हमारे लिए उनकी सुरक्षा अहम् है और अगर मैच दर्शकों के बिना कराए जा सकते हैं तो हमें ऐसा करना चाहिए।

रहाणे ने कहा, ÷कोरोना वायरस के कारण कई चीजें ऐसी हो रही है जैसी पहले कभी नहीं हुई। लेकिन हमें इस हालात में भी सकारात्मक रहना है। मैं लॉकडाउन के दौरान सकारात्मक रहने की कोशिश कर रहा हूं और अपने परिवार के साथ वक्त बिता रहा हूं। उन्होंने कहा, ÷मैं दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने को लेकर उत्सुक हूं। मैं इसका इंतजार कर रहा हूं क्योंकि टीम में इशांत, शिखर और श्रेयस हैं।

अब मैच के दौरान थूकने पर पीला कार्ड दिखाया जाए: फीफा

लुसाने (वार्ता)। फीफा मेडिकल समिति के चैयरमैन माइकल डी हूघे ने कहा है कि कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए फुटबॉल के मुकाबले सितंबर तक नहीं कराए जाने चाहिए और जब फुटबॉल शुरू हो तो मैदान पर थूकने वाले खिलाड़ी को पीला कार्ड दिखाया जाए।

कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई है। डी हूघे ने कहा, ÷इस हालात में स्वास्थ्य पहली प्राथमिकता है और यह व्यवसाय का मुद्दा नहीं है बल्कि जीवन और मौत का सवाल है। उन्होंने कहा, ÷यह दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे खतरनाक स्थिति है जहां चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं है। हमें इसे कम नहीं आंकना है और सच्चाई का सामना करना है।÷

बेल्जियम के पूर्व फुटबॉल प्रशासक का बयान ऐसे समय आया है जब बुंदेसलीगा अगले महीने फुटबॉल गतिविधि शुरु करने पर विचार कर रहा है और प्रीमियर लीग को जून में दर्शकों के बिना कराए जाने की उम्मीद है। डी हूघे ने कहा, ÷विश्व अभी फुटबॉल के लिए तैयार नहीं है। मैं उम्मीद करता हूं कि हालात जल्द से जल्द सुधरें। हमें फिलहाल धैर्य रखने की जरुरत है। फुटबॉल तभी हो सकता है जब खिलाड़ी एक दूसरे से मिल सकें। उन्होंने कहा, ÷अभी भी सामाजिक दूरी का पालन करना जरुरी है।

वर्षों पुरानी कर्मचारी की मांग हुई पूरी, वनमंत्री अकबर का जताया अभार

■ संघ के सरंक्षक व पदाधिकारियों को कर्मचारियों ने दी बधाई

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मे हो रहे श्रमिको के साथ तीन साल से अनियमितता को आखिर कारखाना प्रबंधन को देना पडा। बता दे कि शक्कर कारखाना मे कार्यरत लगभग 650 अनियमित कर्मचारी एंव ठेका श्रमिक कार्यरत है जोकि कारखाना प्रबंधन द्वारा बिना कारण एंव बिना किसी के आदेश का मासिक वेतन मे कटौती एंव सप्ताहिक अवकाश मे कटौती किए जा रहे थे। अतः इन सब समस्या को देखते हुए समस्त अनियमित कर्मचारी एंव ठेका श्रमिक एक संगठन बनाने का निर्णय लिया। जो राज्य स्तरीय पंजीयन कराकर

श्रमिक कल्याण संघ की गठित 26 नवम्बर 2018 को किया गया। जिसमे संघ के संरक्षक मो.कलीम खान, अध्यक्ष रामचरण लांझी, भागचंद वर्मा, सचिव श्री ठाकुर, कोशाध्यक्ष देव प्रसाद जांगडे एंव समस्त पदाधिकारी एंव सदस्य मिलकर यह संगठन खडा किया। तत्पश्चात कारखानो में श्रमिकों के साथ हो रहे शोशण को लेकर प्रबंधन के पास कई बार अपने मांग को लेकर गए जिसमें कारखाना प्रबंधन कि किए गए मनमानी को नकारता रहा एंव कुछ नही कर पांएगे करके जवाब देते रहे फिर यह यूनियन के बैनर तले अपने पांच प्रमुख मांग को लेकर खडे रहे क्यो न हम को अपने काम बंद कर श्रमिको के साथ हो रहे अन्याय एंव शोशण को रोकने के लिए हडताल पर जाना क्यो न बढे यह निर्णय लिया गया। आखिरकार डेढ़ वर्श बाद अपेन पांच मांगो में चार मांगे पूरी तरह से मनाकर अपने खाते मे पैसे ले लिए है। यह प्रमुख पांच मांग को लेकर मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, जिला प्रशासन, श्रम पदाधिकारी, कलेक्टर शाखा प्रबंधन से सत्त लडाई हम यूनियन के द्वारा चलता रहा। लडाई के लिए हिम्मत नही हारे हम एक न एक दिन सफलता लेकर रहेंगे यह ठान लिए थे। यूनियन के द्वारा यह प्रमुख मांगे पूरी कराई गई। कारखाना मे सिविल विभाग के 40 कर्मचारियों को बोनस दिला गया। कारखाना मे कार्यरत 200 श्रमिक 10 वर्श पूर्ण कर चुके एंव कार्य अनुभव को एक साथ प्रमोशन फिक्स देकर 10 से 20 प्रतिशत मासिक वेतन मे वृद्धि कराया गया। पूर्व मे ठीक से 110 कर्मचारियों को 15 से 20 प्रतिशत मासिक वेतन मे वृद्धि कराई गई। मै मंत्री सम्मान धन्यवाद ज्ञापित करता हूं एंव कारखाना के समस्त अनियमित कर्मचारी एंव श्रमिकों की मांग पूरा करने की अपील की।

न्यूज गैलरी

जुआ खेलते 10 पकड़ाए, 38 हजार रुपए जब्त

महासमुंद। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम बीकेबाहरा के जंगल में जुआ खले रहे 10 लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों से टीम ने 38450 रूपये नकदी व 4 मोबाइल बरामद कर इनके खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बीकेबाहरा के जंगल में कुछ लोग काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। टीम ने सूचना पर घेराबंदी कर जुआ खेल रहे महासमुंद निवासी रवि दुबे पिता गंगा प्रसाद दुबे (31), हरनादादर थाना बागबाहरा निवासी सुभाष सिंह पिता सरजू सिंह (47), तेन्दूकोना थाना बागबाहरा निवासी दिनेश साहू पिता ओमप्रकाश साहू (37), ग्राम छिंदौला महासमुंद निवासी मन्नू प्रसाद दुबे पिता धनेश कुमार (47), खल्लारी निवासी रमेश ठाकुर पिता बुन्देल ठाकुर (54), जनक राम निषाद पिता दयालु राम निषाद (36), घुंचापाली थाना बागबाहरा निवासी यशवंत साहू पिता हेमा राम साहू (40), हरदेव चंद्राकार पिता राम नारायण चंद्राकार, हेतुराम चंद्राकार पिता जीवन लाल चंद्राकार (37) एवं ग्राम बीकेबाहरा निवासी नील कमल दास को पकड़ा।

समय सीमा समाप्त होने के बाद भी पाइपलाइन विस्तारीकरण नहीं

महासमुंद। वार्डों में पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य समय सीमा बीतने के बाद भी नहीं कराए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने साढ़े 11 करोड़ की कार्ययोजना का ई-टेंडर हासिल करने वाली गुजरात की मार्स कंपनी को पत्र लिखा है। मेसर्स मार्स प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सर्विसेस प्रालिमि अहमदाबाद के टीम लीडर पीएमसी को लिखे पत्र में पालिकाध्यक्ष ने कहा है कि आपके द्वारा नगर पालिका परिषद महासमुंद सीमा क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डों में पाइपलाइन विस्तारीकरण, बदलने के लिए डीपीआर तैयार कर 11.50 करोड की योजना की ई-निविदा कराकर फर्म चंद्र निर्माण कम्पनी रायपुर को 18 माह के अंदर कार्य पूर्ण करने निविदा जारी की गई थी। फर्म द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर 6 महीने की समय वृद्धि प्रदान की गई। 06 माह भी व्यतीत हो जाने के बाद भी अभी तक 20 प्रतिशत से अधिक कार्य नहीं हो पाया है।

पखवाड़ेभर में 60 टुल्लूपंप जब्त

महासमुंद। नगर में सात टंकियों से सुबह, दोपहर, शाम तीन टाइम पानी दिया जा रहा है। भरपूर पानी दिए जाने के बाद भी अनेक वार्डों में लोग नलों में टुल्लू पंप लगाकर पानी चोरी कर रहे थे। इसके चलते अन्य घरों में पानी की धार पतली हो गई थी। नगर पालिका प्रशासन ने इस पर कड़ाई करते हुए ताबड़तोड़ छापेमारी कर 15 दिनों में करीब 60 टुल्लू पंप जब्त किए। इस कार्रवाई से टुल्लू पंप के जरिए पानी चोरी पर लगाम लगा है। इससे मोहल्लों में पानी की आपूर्ति सामान्य रूप से होने लगी है और टेल एरिया में भी पानी की सही धार बनी हुई है।

दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई

महासमुंद। प्रशासन की टीम ने सुबह से दोपहर तक शहर का जायजा लिया। इस दौरान बिना अनुमति दुकान खोलने वाले व्यापारियों को दुकान बंद करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बार-बार समझाइश देने के बाद भी दुकान खोलने वाले व्यापारियों पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कोई व्यापारी पासबुक रखे होने तो कोई दवा भूल जाने का बहाना करते रहे, लेकिन एसडीएम ने किसी की नहीं सुनी। एसडीएम सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि बार-बार समझाइश के बावजूद व्यापारी दुकानें खोलकर व्यापार कर रहे हैं। यह काफी खतरनाक हो सकता है। इसलिए आज प्रशासन की टीम ने बगैर अनुमति दुकान खोलने वाले व्यापारियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। बुधवार को 4 व्यापारियों से 7 हजार रुपए जुर्माना भी वसूला गया। एसडीएम ने बताया कि अब रोजाना इसी तरह कड़ाई से कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लॉकडाउन के बाद से अब तक महासमुंद शहर में 80 व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई लॉकडाउन के नियमों को तोडऩे के संबंध में की गई है। इसलिए इनके खिलाफ जुर्माना वसूला गया है। इन 80 व्यापारियों से अब तक 1.35 लाख रुपए की राशि जुर्माना के रूप में वसूल की गई है।

पान मसाला व्यवसायी के गोदाम से गुटखा, सिगरेट जब्त

महासमुंद। प्रतिबंध के बाद भी शहर में जारी गुटका, पान-मसाला और सिगरेट की बिक्री की खबर के बाद आज सुबह एसडीएम और पुलिस की संयुक्त टीम ने गंजपारा स्थित मनभावन पान-मसाला व्यावसायी सहित बिना अनुमति दुकान संचालन करने वालों पर भी कार्रवाई कर करीब 30 हजार रुपए अर्थदंड किया।

सुबह एसडीएम सुनील चंद्रवंशी, एसडीओपी नारद सूर्यवंशी, नायब तहसीलदार उनकी टीम ने यहां गंजपारा स्थित व्यवसायी के निवास पर दबिश दी। इस दौरान टीम के सदस्यों ने घर के अंदर बने चार दुकाननुमा गोदाम में छापा मारा और वहां रखे विभिन्न कंपनियों के गुटखे, पान मसाला, सिगरेट आदि जब्त किया। एसडीएम के निर्देश पर अमले ने गोदाम की प्रत्येक बोरियों की जांच की। कार्रवाई के दौरान टीम ने चार गोदामों से करीब एक ट्रैक्टर सामान जब्त किया।

राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे ढाबों में आबकारी विभाग की दबिश

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रजत बंसल के द्वारा लॉक डाउन के दौरान अवैध मदिरा विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल ने बताया कि उक्त निर्देश के परिपालन में बुधवार 29 अप्रैल को आबकारी विभाग की टीम द्वारा रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नवीन ढाबा, भक्कू ढाबा, धरम ढाबा, छत्तीसगढ़ ढाबा, प्रिंस ढाबा एवं संगवारी ढाबा मे दबिश देकर तलाशी की कार्रवाई की गयी। तलाशी के दौरान इन सभी ढाबा परिसरों में किसी भी प्रकार की मदिरा अथवा मादक द्रव्य बरामद नहीं हुआ। इसी तरह धमतरी शहर स्थित क्रमशः एक एफ एल 3 बार एवं एक एफ एल 4 क सोशल क्लब की भी जांच की गयी। जांच के दौरान उपरोक्त परिसर पूर्णतः सीलबंद पाये गये। ज्ञात हो कि अमला द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण/ धारण/ परिवहन/ विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर गश्त कर प्रकरण कायम किया जा रहा है ।

साहू संघ ने कोविड-19 के लिए दिए 1.29 लाख रुपये

■ शीतल साहू जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया संकलन

कवर्धा। कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए तहसील साहू समाज सहसपुर लोहारा ने 1.29563 लाख का डिमांड ड्राप्ट बनवा तहसीलदार को सौपा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कलेक्टर के आह्वान पर साहू समाज के जिला अध्यक्ष शीतल साहू के नेतृत्व में तहसील अध्यक्ष .ष्णा साहू के अथक प्रयास से बिचारपुर, मोहगांव, रामपुर, कोसमंदा, अचानकपुर, गोरखपुर, दनिया, दलसातोल एवं रक्से बबई कुल 9 परिक्षेत्रों से कुल 1.29563 लाख रुपये इक्कठा कर डी.डी बनवाया गया वही 2.50 क्विंटल चावल व 35 किलो दाल लोहारा के राहत शिविर में पहुचाया गया। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष .ष्णा साहू ने तहसील एवं परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों से बात कर कोविड-19 से बचाव के सहयोग राशि इक्कठा कर विभिन्न मद में देने का निर्णय लिया गया ।

प्रभारी मंत्री को जिले के हालात से अवगत कराया सुनील माहेश्वरी ने

भाटापारा। जिले के प्रभारी मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कोरोना वायरस आपदा के हालात से रूबरू होने आज जिले के कांग्रेस जनो से जिले के हालात पर चर्चा की। वरिस्ट कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी ने अन्य राज्य में छत्तीसगढ़ के फंसे मजदूर और नागरिक को वापस लाने के लिए प्रक्रिया आरंभ करने का अनुरोध किया । जिले के प्रभारी मंत्री को जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने भाटापारा विधानसभा में कांग्रेस परिवार द्वारा संचालित गरम भोजन , दूध हल्दी वितरण के बारे में बताया।जिसकी प्रभारी मंत्री ने सराहना की।

प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि करोना का अभी कोई इलाज नहीं निकला है इसलिए लाक डाउन खुलने के बाद भी कम से कम छह महीने सावधानी के रूप में सोसियल डिस्टेंस मेंटेन करना है।मास्क लगाना है और लगातार हांथ धोना है।

सुनील माहेश्वरीने प्रभारी मंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि भाटापारा में लगभग 400 राईस दाल ०, पोहा मिल है और यहाँ से उक्त सामग्री लेने अन्य प्रदेशो से

ट्रकों में जो दूसरे राज्यों से ड्राइवर कंडक्टर आ रहे है उनकी नियमित रूप से निगरानी हो। ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे बाहर कि गाड़ियों में आने वाले ड्राईवर का सीधा संपर्क नगर वासी से ना हो सके। यही व्यवस्था सीमेंट प्लांट में बाहर से आने वाली गाड़ी में भी लागू की जाए।

श्री महेश्वरी ने मंत्री से यह भी अनुरोध किया कि रैपिड किट के द्वारा रैंडम जांच ज्यादा ज्यादा कराया जाए। पूरे जिले में सबसे बड़ी आबादी होने के कारण भाटापारा शहर की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर के ध्यान दें यहां ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ।

लॉकडाउन में कोई न रहे भूखा और न हो कोई राशन से वंचित: पांडेय

कवर्धा। पूरा विश्व सहित भारत देश कोरोना की महामारी से गुजर रहा है, इस स्थिति में आम लोगो को बिना रोजगार के दो वक्त की खाने की चिंता सता रही है,लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत गरीब परिवारों का है जो रोज रोजगार कर अपना पेट भरते हैं, और न ही उनका सरकार की योजना के तहत राशन कार्ड बना था जिससे उन्हें राशन मिल सके,इस समस्या को देखते हिये,वार्ड 3 कैलाश नगर के पार्षद उमंग पाण्डेय ने वार्ड वासियों की चिंता करते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए एपीएल व बीपीएल दोनो प्रकार के कार्ड बनवाकर उन्हें घर जाकर वितरण किया, जिससे सरकार की राशन कार्ड वितरण योजना का उन्हें लाभ मिल सके,और कोई इस परिस्थिति में भूखा न सोये।

चोरों ने किया हाईस्कूल में हाथ साफ

कवर्धा। लॉकडाउन मे भी इन दिनों चोर सक्रिय नजर आ रहे है। लॉकडाउन के बाद चोरी की यह पहली घटना नही है। इससे पहले भी चोरो ने पंडरिया क्षेत्र के किराना दुकान में हाथ साफ किया था। ज्ञात हो कि भोरमदेव थाना क्षेत्र के हाईस्कूल रौचन मे घुसे अज्ञात चोरो ने आलमारी का लॉक तोडकर उसमे रखे 03 लैपटॉप पार कर दिए। चोरी हुए लैपटॉप की कीमत 94,580 रूपए बताई जा रही है। मंगलवार को जब प्राचार्य स्कूल पहुंचे तब उन्हे चोरी का पता चला और थाने मे चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। हाईस्कूल रौचन के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार चंद्रा ने बताया कि स्कूल की आलमारी मे 03 लैपटॉप रखा था। कारोना वायरस के कारण शासन ने स्कूलो को बंद रखने आदेश दिए थे, जिसके चलते 13 मार्च से स्कूल पूर्णतः बंद है। पढाई तुंहर दुवार के लिए छात्र-छात्राओ का पंजीयन किया जाना है। इसक लेकर प्राचार्य चंद्रा और व्याख्याता संजय कुमार कुर्रे बुधवार सुबह करीब 09 बजे स्कूल पहुंचे। प्राचार्य कक्ष मे दाखिल हुए तो देखा कि आलमारी का लॉक टूटा हुआ है। उसमे रखा 03 नग लैपटॉप भी गायब था। पुलिस ने धारा 457,380 के तहत अज्ञात चोरो के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

सरिता ठाकुर ने बताई प्रभारी मंत्री को जिले की जानकारी

भाटापारा। जिले के प्रभारी मंत्री टी एस सिंहदेव से मंगलवार को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर ने जिले के बारे विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने पंचायत के प्रतिनिधियो से वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए उनके क्षेत्र में लाक डाउन के बाद की स्थिति और गांवो में सेनेटाइज़ेर का छिड़काव और रोजगार गारन्टी के तहत गॉव में चल रहे कार्य के बारे में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता ठाकुर ने प्रभारी मंत्री को विस्तार से जानकारी दी।

लॉकडाउन के दौरान बिहान महिला स्व-सहायता समूहों के रोजगार सृजन में बेमेतरा जिला प्रदेश में अव्वल

बेमेतरा/साजा। लॉकडाउन के दौरान में गरीब महिला स्व-सहायता समूहों के लिये रोजगार सृजन करने में बेमेतरा जिला प्रदेश में सभी जिलों से आगे रहा। जिले में 1283 सदस्यों के 138 महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा अब तक 2 लाख 40 हजार 223 मास्क का विक्रय किया गया है। जिससे राशि 28 लाख 96 हजार 936 रू. की आय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा अर्जित की गई है। मास्क विक्रय के अतिरिक्त महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा 2160 मास्क का निःशुल्क वितरण ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया है। जिले में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित लगभग 1 लाख 50 हजार रू. के साबुन एवं फिनाइल का विक्रय जिले के शासकीय कार्यालयों में किया गया है। जिले में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा रंगोली, दिवाल लेखन आदि के माध्यम से कोरोना वायरस से बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर श्री शिव अनंत तायल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार/उत्पाद किये जा रहे सामग्री का उपयोग करने के निर्देश दिए है।

मनरेगा में रोजगार देकर छत्तीसगढ़ देश में अव्वल : पूनमचंद साहू

आरंग। वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए देश में लागू लॉक डाउन के दौर में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बचाने और ग्रामीणों की आजीविका को संरक्षित करने राज्य शासन व्यापक स्तर पर काम कर रही है। लॉक डाउन में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के अंतर्गत ग्रामीणों को रोजगार देने में छत्तीसगढ़ अभी पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। देशभर में मनरेगा कार्यों में लगे कुल मजदूरों में से करीब 24 फीसदी अकेले छत्तीसगढ़ से हैं,उक्त बातें आरंग विधानसभा के महासचिव पूनमचंद साहू जी के द्वारा कही गयी।

आगे श्री साहू ने कहा कि यह संख्या देश में सर्वाधिक है। प्रदेश की 9883 ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न मनरेगा कार्यों में अभी 18 लाख 51 हजार 536 श्रमिक काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव ने इस कठिन दौर में भी मनरेगा के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए सरपंचों की सक्रियता एवं तत्परता की सराहना की है। उन्होंने इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सरपंचों के साथ ही मनरेगा की राज्य इकाई और जिला एवं जनपद पंचायतों की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच यह बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश भर में इन सबकी मिली-जुली कोशिशों से कार्यस्थल पर परस्पर शारीरिक दूरी बनाकर, मुंह ढंककर और स्वच्छता मानकों के साथ मनरेगा कार्यों के जरिए श्रमिक परिवारों को राहत पहुंचाई जा रही है।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मनरेगा कार्यों में अभी पूरे देश में 77 लाख 85 हजार 990 मजदूर संलग्न हैं। इनमें सर्वाधिक 18 लाख 51 हजार 536 मजदूर अकेले छत्तीसगढ़ से हैं, जो कुल मजदूरों की संख्या का करीब एक चौथाई है। इस सूची में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ राजस्थान दूसरे और 12 प्रतिशत भागीदारी के साथ उत्तरप्रदेश तीसरे स्थान पर है। देशव्यापी लॉकडाउन के बावजूद मौजूदा वित्तीय वर्ष में भी पिछले वर्ष की ही तरह मनरेगा में प्रदेश का बेहतरीन प्रदर्शन लगातार जारी है।

एसएलआरएम. सेंटर का नपाध्यक्ष ऋषि शर्मा ने किया निरीक्षण

कवर्धा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा आज वार्ड क्रं. 10 समनापुर मार्ग एवं हाईटेक बस स्टेण्ड जुनवानी मार्ग पर स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर (कचरा संग्रहण केन्द्र) का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण कर स्वच्छता दीदियों द्वारा कोरोना महामारी के दौरान भी प्रतिदिन किये जा रहे कार्यो की सराहना की एवं स्वयं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होनें सभी स्वच्छता दीदी को सुरक्षा पी.पी.ई.कीट प्रदान भी किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि महिलाओं द्वारा प्रतिदिन किये जा रहे डोर-टू-डोर कार्य सराहनीय व प्रशंसनीय है। उन्होनें स्वच्छता कार्य कर रही महिलाओं को समस्या व सामाग्री की आवश्यकता को पूछा। महिलाओं ने अपनी आवश्यकता बताई। जिसे पूरा करने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष ने आवश्यकता व उनकी मांग अनुसार सामाग्री उपलब्ध कराने हेतु उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे को निर्देशित किया तथा एसएलआरएम सेंटर के चारो ओर ग्रीन नेट लगाये जाने को कहा। इसी तरह हाईटेक बस स्टैण्ड स्थित एसएलआरएम सेंटर की महिलाओं ने बाउण्ड्रीवाल किये जाने एवं शहर से अधिक दूर होने के कारण ई-रिक्शा की मांग की।

लॉकडाउन में पुलिस लोगों की कर रही मदद

धमतरी। वर्तमान समय में नोवेल कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के रूप में फैल रहा है जिसके संक्रमण से बचाव, नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लाक डाउन के दौरान धमतरी पुलिस फिजिकल डिस्टेंसिंग बनाए रखते हुए लोकहित में आम नागरिकों को शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने हिदायत दिया जा रहा है तथा समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की आवश्यक मदद भी की जा रही है।

रात्रि करीबन 7:00 बजे सूचना मिली कि एक अनजान लड़की उम्र करीबन 20 वर्ष अर्जुनी बस्ती में आनंद चौक के पास खड़ी है, उक्त सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार शक्ति टीम के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर लड़की से उसका नाम पता पूछने पर वह अपना नाम रोशनी साहू पिता पंचराम साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना भखारा जिला धमतरी की रहने वाली बताई तथा अपने पिता के डांटने पर नाराज होकर घर में बिना बताए अर्जुनी गांव तक आना बताई। तब शक्ति टीम के द्वारा इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को देकर उनके निर्देशानुसार संक्रमण से बचाव के मद्देनजर उसका हाथ सैनिटाइज करवा कर उसे स्वल्पाहार कराएं और रात्रि में ही थाना भखारा से संपर्क कर शासकीय वाहन से उसके गृह ग्राम गातापार जाकर परिजनों को सुपुर्द कर उसकी देखरेख करने हिदायत देकर कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव संबंधी उपायों के बारे में बताया गया।

इसी प्रकार बनियापारा धमतरी के पास 10 वर्षीय नाबालिग बालक पतंग उड़ाते हुए अपने घर के छत में गिर जाने से उसके सिर में चोट आने पर खून निकलने लगा किंतु घायल बच्चे को अस्पताल ले जाने कोई साधन नहीं होने पर उक्त घटना की सूचना नाबालिक बालक के परिजनों द्वारा पुलिस को देने पर तत्काल शक्ति टीम मौके पर पहुंच कर उसे अपने वाहन से जिला अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया।

नव प्रदेश | व्यापार | रायपुर, शुक्रवार, 1 मई 2020 | 11

■ न्यूज गैलरी

रुपया 57 पैसे की बढ़त के साथ 75.09 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने से बृहस्पतिवार को रुपया शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से 57 पैसे चढ़कर बंद हुआ। यह डॉलर के मुकाबले 75.09 पर रहा। मुद्रा कारोबारियों के अनुसार घरेलू बाजारों की सकारात्मक शुरुआत से रुपये को बढ़त मिली। इसके अलावा चार मई के बाद देश के कई इलाकों में लॉकडाउन खत्म होने की उम्मीद को बाजार ने हाथोंहाथ लिया। बृहस्पतिवार को रुपया लगातार बढ़त के रुख के साथ बंद हुआ। चार दिन में इसमें 1.37 रूपये का सुधार देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार पर रुपया 75.17 पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 75.20 के निचले और 74.94 के उच्च स्तर तक गया। बाद में कारोबार की समाप्ति पर यह पिछले बंद के मुकाबले 57 पैसे चढ़कर 75.09 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बुधवार को डॉलर के मुकाबले रूपया 75.66 पर बंद हुआ था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेस में शोध (मुद्रा) प्रमुख राहुल गुप्ता ने कहा, '' दुनिया के कई देशों ने लॉकडाउन से राहत देना शुरू किया है। इसका मतलब है कि आर्थिक गतिविधियां फिर पटरी पर लौटेंगी। हालांकि कोरोना वायरस के दोबारा लौटने का जोखिम है। भारत के वृहद आर्थिक आंकड़े भी ज्यादा डॉलर निवेश के पक्ष में नहीं है। इसलिए रुपये के 75.50 से 76.00 के बीच कारोबार करने की संभावना है।''

फ्लिपकार्ट की मेरु के साथ साझेदारी

नई दिल्ली (वार्ता)। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट और ऐप आधारित टैक्सी सेवा प्रदाता मेरू मोबिलिटी टेक ने साझेदारी की है जिसके तहत किराना समेत अन्य आवश्यक वस्तुएं लोगों तक पहुंचायी जायेगी।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत लॉकडाउन के दौरान लोगों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा रहीह है। इस साझेदारी के परिणामस्वरूप, अब बेंगलुरु, दिल्ली एनसीआर और हैदराबाद में, सुरक्षित एवं सैनिटाइज्?ड सप्लाई चेन के माध्यम से फ्लिपकार्ट उपभोक्ताओं के घरों तक आवश्यक वस्तुओं समेत किराना सामान को पहुंचाने में मदद मिलेगी।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा, ÷भारत की इस लड़ाई में फ्लिपकार्ट अपने उपभोक्ताओं के लिए प्रतिबद्ध है। मेरु के साथ यह साझेदारी हमारी टीमों के द्वारा विक्रेताओं, ब्रांड्स, साझेदारों और उपभोक्ताओं के हमारे ईकोसिस्टम का महत्व बढ़ाने के नए तरीके तलाश करने का परिणाम है ताकि आवश्यक सामान और किराने की वस्तुओं की सुरक्षित और तेजी से उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

कोरोना महामारी के बीच रिलायंस ने उठाया एक बड़ा कदम

रिलायंस ने सैलरी में कटौती का किया ऐलान

कोरोना महामारी के बीच रिलायंस ने सैलरी कट का ऐलान किया है। हाइड्रोकार्बन बिजनस में काम करने वाले एंप्लॉयी जिनकी सैलरी 15 लाख सालाना से ज्यादा है, उनके फिक्स्ड पे में 10 पर्सेंट की कटौती होगी।



नई दिल्ली। कोरोना महामारी के बीच देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सैलरी में कटौती की घोषणा की है। रिलायंस के हाइड्रोकार्बन बिजनस में काम करने वाले एंप्लॉयी जिनकी सैलरी 15 लाख सालाना से ज्यादा है, उनकी सैलरी में 10 पर्सेंट की कटौती होगी। हालांकि जिनकी सैलरी उससे कम है, उनकी सैलरी में कोई कटौती नहीं होगी।

सीनियर लेवल पर 50 पर्सेंट तक कटौती संभव

सूत्रों के हवाले से खबर है कि सीनियर एग्जिक्युटिव की सैलरी में 30-50 पर्सेंट की भारी कटौती की जा सकती है। इसके अलावा परफॉर्मेंस आधारित बोनस को भी फिलहाल टाल दिया गया है। दरअसल लॉकडाउन के कारण पेट्रोलियम की डिमांड काफी घट गई है, जिसके कारण हाइड्रोकार्बन बिजनस का रेवेन्यू काफी घट गया है।

मुकेश अंबानी कॉम्पेंसेशन नहीं लेंगे

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, एग्जिक्युटिव डायरेक्टर और सीनियर लीडर्स के कॉम्पेंसेशन में 30-50 फीसदी तक की कटौती होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कॉम्पेंसेशन नहीं लेने का फैसला किया है। कंपनी की तरफसे जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि कोरोना महामारी के कारण कंपनी को यह मौका मिला है कि वह बिजनस प्रॉसेस को दोबारा आर्गनाइज करे। बता दें वित्त वर्ष 2019-20 की आखिरी तिमाही के नतीजे से पहले स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड ऑडिट रिपोर्ट

- **रिलायंस इंडस्ट्रीज का तिमाही रिजल्ट आने वाला है**
- **हाइड्रोकार्बन बिजनस में काम करने वालों की सैलरी में कटौती**
- **15 लाख से ज्यादा सैलरी है तो 10 पर्सेंट की होगी कटौती**
- **सीनियर लेवल पर 30-50 पर्सेंट की हो सकती है कटौती**

कर्मचारियों को आंशिक वेतन देगी स्पाइसजेट

नई दिल्ली (वार्ता)। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने गुरुवार को कहा कि वह 92 प्रतिशत कर्मचारियों को अप्रैल महीने का आंशिक वेतन देगी। एयरलाइन ने गुरुवार को बताया कि वह फिलहाल किसी कर्मचारी को काम से निकाल नहीं रही है, लेकिन अप्रैल महीने के लिए 92 प्रतिशत कर्मचारियों को आंशिक वेतन देगी। इससे पहले मार्च में उसने लॉकडाउन के दौरान जिन कर्मचारियों को काम पर नहीं बुलाया था उन्हें अनिवार्य अवैतनिक अवकाश देकर उस अवधि का उनका वेतन काट लिया था। कंपनी ने कहा है कि अप्रैल में न्यूनतम वेतन की एक सीमा रखी गयी तथा उसके बाद कर्मचारियों को उनके काम के घंटे के हिसाब से भुगतान किया जायेगा।

ऋण माफी को लेकर निर्मला सीतारमण का कांग्रेस पर हमला

नई दिल्ली (वार्ता)। जानबूझकर ऋण नहीं चुकाने वालों के ऋण माफकिये जाने को लेकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के बयान पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि कोई ऋण माफ नहीं किया गया है और बैंक कर्जदारों से वसूली की कोशिश जारी रखते हैं लेकिन पूर्व कांग्रेस सांसद इस मामले को सनसनीखेज बना रहे हैं। श्रीमती सीतारमण ने श्री गांधी और कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला के बयान पर मंगलवार देर रात एक साथ 13 ट्विट के माध्यम से तिखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने जानबूझ कर बैंकों का कर्ज नहीं लौटाने वाले, फंसे कर्जों और राइट-ऑफ मामले पर लोगों तक गलत सूचना पहुंचाई है। वर्ष 2009-10 और 2013-14 के बीच अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने 1,45,226 करोड़ रुपये की राशि को राइट-ऑफ किया था। उन्होंने कहा , उम्मीद है कि राहुल

गांधी ने डॉ मनमोहन सिंह से सलाह ली होगी कि यह राइट-ऑफ किस बारे में था।

उन्होंने कहा कि एनपीए के लिए रिजर्व बैंक के तय किए चार साल के प्रावधान के हिसाब से नियम तय किए गए हैं और इसके बाद ही बैंक एनपीए को राइट-ऑफ करते हैं। लेकिन वे लोन लेने वाले से कर्ज वसूली की कोशिश जारी रखते हैं।कोई ऋण माफ नहीं किया गया है। वित्त मंत्री ने मेहुल चोकसी केस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने बड़ा ऐक्शन लेते हुए चोकसी की 1936 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसमें 67.9 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्ति भी शामिल है।

कोरोना वायरसः विस्तार ने उड़ान के दौरान सेवाओं मे किया अस्थाई बदलाव

नई दिल्ली। निजी विमानन कंपनी विस्तार ने उड़ान के दौरान दी जाने वाली सेवाओं में अस्थाई रूप से कुछ बदलाव किये हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि लॉकडाउन (बंद) के बाद परिचालन शुरू होने पर उड़ान के दौरान शारीरिक संपर्क वाले बिंदुओं को 80 प्रतिशत तक कम करने के लिए उसने बदलाव किए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि लॉकडाउन के बाद परिचालन शुरू होने पर यात्रियों और चालक दल के बीच शारीरिक संपर्क कम करने के लिए वह खाने के विकल्पों को कम करेगी। विमान के भीतर उत्पादों की बिक्री, स्वागत पर दिए जाने वाले पेय,

गर्म खाने और गर्म पेय की सेवा बंद करेगी। इसके अलावा बिजनेस श्रेणी और प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी में स्टारबक्स कॉफी और तुर्की तौलिए नहीं दिए जाएंगे। यात्रियों को गिलास में पानी देने के बजाय सभी उड़ानों के दौरान 200 मिलीलीटर पानी की बोतल दी जाएगी। इसके अलावा प्रीमियम इकोनॉमी और इकोनॉमी श्रेणी की सीटों पर सिर्फ ठंडे पेय उपलब्ध कराए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए भी यात्री सेवाओं की समीक्षा की जाएगी। कोरोना वायरस के प्रकोप को फैलने से रोकने के लिए देश में 25 मार्च से लॉकडाउन जारी है। इस दौरान वाणिज्यिक उड़ानों के परिचालन पर रोक है। राष्ट्रव्यापारी लॉकडाउन तीन मई को समाप्त हो रहा है, उसके बाद सीमित स्तर पर उड़ानों का परिचालन शुरू होने की उम्मीद की जा रही है।

शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी

मुंबई (वार्ता)। लॉकडाउन समाप्त होने की उम्मीद और विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में आज सुबह जबरदस्त तेजी रही और पहले आधे घंटे के कारोबार में ही बीएसई का सेंसेक्स करीब हजार अंक तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी करीब 300 अंक चढ़ गया।

चौतरफा लिवाली के बीच सेंसेक्स बुधवार के मुकाबले 661.03 अंक की बढ़त में 33,381.19 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 33,707.77 अंक पर पहुँच गया। कल यह 32,720.79 अंक पर बंद हुआ था। ऑटो, धातु, आईटी, टेक, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में सबसे ज्यादा तेजी रही।

आईसीटी उत्पादों को आवश्यक वस्तुओं में शामिल करने की अपील: प्रसाद

नई दिल्ली (वार्ता)। संचार , सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को कहा कि आवश्यक वस्तुओं की परिभाषा का दायरा बढ़ाते हुए इसमें आईसीटी उत्पादों, आवश्यक आईसीटी वस्तुओं की खुदरा/ऑनलाइन बिक्री, आवश्यक आईसीटी वस्तुओं की अधिकृत बिक्री और सेवाओं को शामिल करने के लिए गृह मंत्रालय से अनुरोध किया गया है । प्रसाद ने यहां इलेक्ट्रॉनिकी औद्योगिक संघों, चेंबरों और प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ एक बैठक में यह जानकारी दी। बैठक में प्रमुख औद्योगिक संघों अर्थात

मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन फॉर इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (मेट), इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए), इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफइंडिया (एल्सिना), इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए), कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंस मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा), इंडियन प्रिंटेड सर्किट एसोसिएशन (आईपीसीए), इलेक्ट्रिक लैंप एंड कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एल्कोमा), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), फेडरेशन ऑफइंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की), एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भारत (एसोचैम), इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई), टेलीकॉम इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया (टेमा), पीएचडी चैंबर्स, इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्री लिमिटेड (आईटीआई) ने भाग लिया।

कोरोना इफेक्ट | गरीबों के खाते में सीधे वित्तीय मदद दी जानी चाहिये - राजन

राजन ने लॉकडाउन हटाने और गरीबों को मदद की पैरवी की

नई दिल्ली। जाने-माने अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने बृहस्पतिवार को कहा कि लॉकडाउन (बंद) हमेशा के लिए जारी नहीं रखा जा सकता और अब आर्थिक गतिविधियों को सावधानीपूर्वक खोला जाना चाहिए ताकि लोग फिर से अपने काम-धंधे पर लौट सकें। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद में राजन ने कहा कि कोरोना संकट के कारण मुश्किल का सामना कर रहे गरीबों के खाते में सीधे वित्तीय मदद दी जानी चाहिये, इसमें कुल 65 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। आर्थिक गतिविधियां शुरू करने की पैरवी करते हुए राजन ने यह भी कहा कि हमारे पास करोड़ों की संख्या में लोगों की लंबे समय तक मदद

करने की क्षमता नहीं है। इस संवाद के दौरान गांधी और राजन देनों ने देश में सामाजिक सौहार्द को बरकरार रखने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि कोरोना महामारी जैसे बड़े संकट के समय भारतीय समाज विभाजन और नफरत का जोखिम मोल नहीं ले सकता। दोनों ने दुनिया के कई हिस्सों में अधिनायकवादी मॉडल एवं व्यक्ति केन्द्रित रुझान को लेकर भी चिंता जताई। लॉकडाउन के बाद की स्थिति से निपटने के संदर्भ में राजन ने कहा कि भारत तुलनात्मक रूप से एक गरीब देश है और इसके संसाधन सीमित हैं। इसलिए हम ज्यादा लंबे समय तक लोगों को बिठाकर खिला नहीं सकते। कोविड-19 से निपटने के लिए भारत जो भी कदम उठाएगा, उसके लिए बजट की एक सीमा है। हालांकि, गांधी ने राजन से जब किसानों और प्रवासी श्रमिकों की समस्या पर सवाल किया तो राजन ने कहा कि यही वह क्षेत्र हैं जहां हमें अपनी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना का फायदा उठाना चाहिए। हमें संकट में पड़े किसानों और मजदूरों की मदद के लिए इस प्रणाली का उपयोग करना चाहिए। इस पर आने वाले खर्च के संबंध में गांधी के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोविड-19 संकट के दौरान देश में गरीबों की मदद के लिए 65,000 करोड़ रुपये की जरूरत होगी। हम उसका प्रबंध कर सकते क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था 200 लाख करोड़ रुपये की है। उन्होंने कहा, ''यदि गरीबों की जान बचाने के लिए हमें इतना खर्च करने की जरूरत है तो हमें करना चाहिए।

" लॉकडाउन से जुड़े सवाल पर राजन ने कहा, ''लॉकडाउन के दूसरे चरण को ही लीजिए तो आप अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने के प्रयास में पूरी तरह से सफल नहीं हुए हैं। हमें चीजों को खोलना होगा और स्थिति का प्रबंधन करना होगा। अगर कोराना संक्रमण का कोई मामला आता है तो उसे हम पृथक करें।'' उन्होंने कहा कि भारत में मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लिए अच्छे रोजगार के अवसर सृजित करना बहुत जरूरी है। यह काम अर्थव्यवस्था में '' बहुत बड़े पैमाने पर विस्तार के साथ ही किया जा सकता है।'' पर उन्होंने साथ में यह भी जोड़ा कि कि ''पिछले कुछ सालों से भारत की आर्थिक वृद्धि दर उत्तरोत्तर गिर रही है।'' राजन ने कहा कि रोजगार के अच्छे अवसर निजी क्षेत्र में होने चाहिए।

मार्च में हवाई यात्रा में 12 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली (वार्ता)। मार्च के उत्तरार्द्ध में कोरोना वायरस 'कोविड-19' के मद्देनजर पूर्ण प्रतिबंध से देश में घरेलू मार्गों पर हवाई यात्रा की माँग 11.8 प्रतिशत कम रही जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें 47.8 फीसदी की गिरावट देखी गयी।

अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आयटा) की रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें मिलाकर वैश्विक स्तर पर हवाई यात्रा की माँग 52.9 प्रतिशत घट गयी। आयटा यात्री-किलोमीटर की इकाई में हवाई यात्रा की माँग की गणना करता है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित रहा जिसमें भारत भी शामिल है। इस क्षेत्र में माँग में 59.9 प्रतिशत की कमी आयी।

घरेलू मार्गों पर वैश्विक माँग में 47.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी जबकि में यह आँकड़ा 21.3 प्रतिशत रहा था। भारत में घरेलू हवाई यात्रा की माँग में मार्च में 11.8 प्रतिशत की कमी आयी है। चीन में 65.5 प्रतिशत, जापान में 55.8 प्रतिशत, अमेरिका में 48.1 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 40.2 प्रतिशत, ब्राजील में 32.2 प्रतिशत और रूस में 15.4 प्रतिशत की गिरावट रही। आयटा के महानिदेशक एलेक्जेंडर डी जुनाइक ने कहा कि विमानन उद्योग के लिए मार्च विनाशकारी महीना था। विमान सेवा कंपनियों को कोविड-19 के बढ़ते प्रभाव का आभास हुआ। माँग घटकर वर्ष 2006 के स्तर पर चली गयी। बुरी बात यह है कि अप्रैल में स्थिति और खराब हुई है तथा आँकड़े भी बदतर आयेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही प्रतिबंधों में ढील देने का क्रम शुरू होगा और विमान सेवा कंपनियों को उसके लिए तैयार रहना चाहिये।

आज का भविष्यफल

मेष: मेष राशि के जातकों को कोई भी काम शुरू करने से पहले अपना टारगेट जरूर निर्धारित करना चाहिए वरना मोबाइल में समय व्यर्थ हो सकता है। पुराने निवेश आय में मदद करेंगे।

वृषभ: वृषभ राशि के जातकों को आज मेहनत के बाद भी सफलता न मिलने की आशंका है। धन प्राप्ति ना होना और खर्च ज्यादा होना इस वक्त आपकी बड़ी समस्या बने हुए हैं।

मिथुन: मिथुन राशि के जातकों को कन्फ्यूजन की वजह से निर्णय लेने में दिक्कत होगी। कार्यक्षेत्र की परेशानियां आपके आत्मविश्वास से दूर होंगी। धन प्राप्ति के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

कर्क: कर्क राशि के जातकों की ऊर्जा शक्ति उच्च रहेगी। जिससे सभी काम बहुत तेजी से निपटाने में सक्षम होंगे। आज आपके ऊपर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा है। खर्च सोच-समझ कर करना अच्छा है। नकारात्मक विचार मन में ना आने दें।

सिंह: सिंह राशि के जातक अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को हराते हुए सर्वश्रेष्ठ पोजीशन पर पहुंच जाएंगे। बॉस का सहयोग मिलेगा प्रमोशन के चांसेज भी बन रहे हैं।

कन्या: कन्या राशि के जातकों को अपने कार्यक्षेत्र में पूरी प्लानिंग के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए काम करना चाहिए, तभी उन्हें सफलता मिलेगी। धन प्राप्ति में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

तुला: तुला राशि के जातकों को भ्रमित होने से बचना चाहिए। उन्होंने जो निर्णय ले लिया उस पर अडिग रहें। अधीनस्थ कर्मचारियों से कुछ परेशानियां आ सकती है अतः इसका ध्यान रखें।

वृश्चिक: वृश्चिक राशि के जातकों को आत्मविश्वास के सहारे अपनी सभी मुश्किलों से बाहर आना है। अपनी पॉजिटिविटी को बनाए रखना है।

धनु: धनु राशि के जातक आज जो भी निर्णय लें सच्चाई के धरातल पर लें। आज हवाई किले बनाना आपको मुसीबत में डाल सकता है। अतः इससे बचे धन प्राप्ति में भाग्य का साथ मिल रहा है।

मकर: मकर राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। सफलता प्राप्त करने के लिए आज विशेष मेहनत करनी पड़ेगी।

कुंभ: कुंभ राशि के जातकों को फालतू और निगेटिव सोच से बचना चाहिए। मुश्किल के दिन खत्म होने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में जल्दी ही सभी चीजें पॉजिटिव होने का योग है। आज आत्मविश्वास कमजोर न पड़ने दें।

मीन: मीन राशि के जातकों कार्यक्षेत्र से कुछ विरक्ति महसूस होगी लेकिन अपने मन को विचलित नहीं होने देना है। जल्द ही कुछ पॉजिटिव न्यूज़ आने वाली है। पुराना निवेश आपकी सभी जरूरतों को पूरा करेगा।

सू- दोकू क्र.008

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.07 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2

शब्द सामर्थ्य -008

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण करना 15. [illegible] नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रिय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 07 का हल

सिस्टम में पेंच, कर्ज के लिए भटक रहे 2 हजार किसान

टिकम निषाद

मानसून से पहले तैयारियों में जुटे कृषक ऋण को लेकर पशोपेश

मुंडागांव के किसान अपने खेत में जोताई करते

देवभोग। खेती किसानी के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे ऋणी सदस्यों की धड़कन तेज हो रही है, क्योंकि जिले के पांच विकासखंड में अब तक 5त्र किसानों का ऋण प्रकरण सरकारी बैंक तक नहीं पहुंच पाया है मतलब ऋणी किसानों की संख्या अनुसार 2 हजार किसानों को भी अब तक कर्ज नहीं मिल पाया है इसे किसानों पर वक्त की मार समझा जाए या फिर जिम्मेदारों की उदासीनता कहा जाए हालांकि अन्य ब्लॉक की तुलना फिंगेश्वर ब्लॉक में 11सौ 39 किसानों को कर्ज दिया जा चुका है। बाकी ब्लॉक पर कछुए की चाल मैं प्रकरण भेज कर कर्जा देने की खानापूर्ति क्या जा रहा है जबकि जून माह के प्रथम सप्ताह से ही धान की बुआई शुरू किया जाता है ऐसे में कर्ज के सहारे खेती किसानी में जोताई बोआई करने वाले किसानों को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी जानकारी अनुसार जिले में 60 हजार 243 से अधिक पंजीकृत किसान है जिनमें करीब 27 हजार किसान ऋण लेकर खेती किसानी करते हैं उल्लेखनीय हो कि खेती किसानी करने से पहले किसानों की सहूलियत के लिए समिति से खाद बीज और सरकारी बैंक से नगद कर्जा दिया जाता है इससे पहले किसानों द्वारा जमा किए गए जमीनजोत, पंजी, खसरा, रकबा, नोड्यूज, सहित अन्य दस्तावेज की प्रक्रिया पूरा कर भेजा जाता है, लेकिन अभी तक 18 सौ से कम किसानों का कर्जा प्रकरण बैंकों में भेजा गया है, ऐसे में आने वाले 26 दिनों में किस तरह 27 हजार से अधिक ऋणी सदस्यों को समय पर नगद कर्जा किस तरह दिया जा सकता है, जबकि शुरुआती जून माह से बीज बोआई होनी है, और वर्तमान मैं बारिश को देख इस बार किसानों को अपने खेतों में दो से तीन बार जोताई करना पड़ सकता है क्योंकि जोताई हुई खेत में अब स्थिति जस की तस हो गई है, इसी के मद्देनजर समय पर किसानों को नगद राशि की जरूरत काफी महसूस हो रही है यही वजह है, कि सुबह से किसान समिति के बाहर नजर आते हैं, ताकि उनका प्रकरण बैंक में जल्द से जल्द भेजा जाए और नगद राशि मिलने पर खेत की साफ-सफाई जोताई सहित अन्य काम कराया जाए क्योंकि किसानों को तीन-तीन बार बैंक और दफ्तर के चक्कर काटना पड़ेगा सबसे पहले दस्तावेज जमा करने के लिए किसानों को समिति पहुंचना होगा फिर नगद कर्जा के लिए बैंक पर धक्का खाने के लिए मजबूर होंगे और अंतिम में खाद बीज के लिए भी अलग से किसानों को समिति में आना पड़ेगा जबकि कर्जा लेकर खेत की साफ-सफाई मेडो की समतलीकरण करने सहित देशी खाद पहले से खरीद कर रखने की उम्मीद बनाए हुए हैं, लेकिन कछुए की चाल में समितियों से भेज रहे ऋण प्रकरण को देख किसानों की उम्मीद पर पानी फिरता नजर आ रहा है, हालांकि लॉकडाउन को ध्यान में रखते और सोशल डिस्टेंस को मद्देनजर धीरे धीरे प्रकरण भेजने की बात कही जा रही है ?

ब्लॉक	ऋणी सदस्य	बैंक भेजी गई प्रकरण
देवभोग	5000 से अधिक	923
मैनपुर	6042	227
गरियाबंद	6042	245
छुरा	5 हजार से अधिक	800 करीब
फिंगेश्वर	5839	11037

किसानों की ऋणी प्रकरण बैंकों में जल्दी भेजा जाए

किसानों ऋणी प्रकरण बैंकों में जल्दी भेजा जाए इसके लिए जिम्मेदारों से बात किया जाएगा ताकि सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए किसानों को कर्जा मिल पाए।

डमरूधर पुजारी, क्षेत्रीय विधायक

संचालक की मनमानी के आगे स्थानीय प्रशासन भी नतमस्तक

70 किलो मुफ्त चावल की जगह मिला 20 से 35 किलो, बाकी राशन के एवज में लिए गए पैसे

राजेश झाड़ी

जिले के पेद्दाकोरमा ग्राम पंचायत के पेद्दाकोरमा - काके कोरमा , बोड़ला पुसनार- मुनगा के 400 से ज्यादा परिवार लॉक डाउन के चलते दाने-दाने को मोहताज

बीजापुर। छग प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के द्वारा घोषणा की गई थी कि पूरे छग में अप्रैल- मई दो महीनों का पीडीएस चावल एक मुश्त प्रत्येक परिवारों को दिया जाएगा परंतु उनके आदेश पीडीएस दुकान के संचालको के कान तक नही पंहुच सकी है। जिले के पेद्दाकोरमा ग्राम पंचायत के पेद्दाकोरमा - काके कोरमा , बोड़ला पुसनार - मुनगा के 400 से ज्यादा परिवार लॉक डाउन के चलते दाने दाने को मोहताज , इन गांवों में सोसायटी से मिलने वाले चावल को भी संचालक दसरू द्वारा कम मात्रा में दिया जा रहा है पेद्दाकोरमा के ग्रामीण बुधरी ने बताया कि जब वो राशन लेने 12 किलोमीटर चलकर पामलवाया गई तो सोसायटी संचालक द्वारा मात्र 20 किलो चावल ही दिया गया वंही आयतु माड़वी ने बताया कि उसे भी राशन कार्ड में 20 किलो ही चावल दिया गया और जब उसने कहा कि इतना कम चावल क्यो तो संचालक ने कहा कि लॉक डाउन के चलते शासन से राशन कम आया है और चाहिए तो दो दिन बाद आ जाना जिस पर जब वो दो दिन बाद वापस गया तो उसे 50 किलो चावल और दिया गया लेकिन उसके 500 रुपये लिए गए उसी तरह ग्रामीण कल्लू पिता बुच्चा को भी 50 किलो चावल के बदले 350 रुपये मांगे गए जिस पर उसने 350 रुपये देकर चावल खरीदा इसी तरह गांवों के ग्रामीणों ने सोसायटी संचालक दशरू मोडियाम पर राशन कार्ड से चावल कम देने और बाद में उनका चावल उनको ही बेचने का आरोप लगाया वंही लॉक डाउन के चलते ग्रामीण तेल - आलू - प्याज , मिर्ची लेने भी बीजापुर नहीं आ पा रहे है और सचिव द्वारा भी शासन से मिलने वाली किसी तरह की राहत सामग्री - मास्क -सेनेटाइजर- साबुन गांवों में अब तक नही पंहुचाई गई जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पेद्दाकोरमा पंचायत के ग्रमीण मंगली मोडियम, कोरसा सन्नी, माड़वी हूंगा, चिका सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि सोसायटी संचालक दशरू मोडियाम ने उनके राशन कार्ड को भी अपने पास रख लिया है और राशन लेने जाने पर उसमे क्या इंट्री करता है हमें नहीं मालूम और पिछले डेढ़ साल से केरोसिन भी नहीं दिया गया है, ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से कहा कि दुकान संचालक को बदल दिया जाय और पीडीएस की दुकान जो पमालवाया से संचालित हो रही है उसे हमारे गांव काके कोरमा से संचालित करने की भी बात कही, जिससे ग्रामीणों को राशन लेने 15 से 20 किलोमीटर दूर आने से राहत भी मिलेगी। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शासन की योजनाएं कितने कागजों में चल रही है इन दिनों कोरोना का संक्रमण फैला हुआ है जिसे कारण समूचे देश भर में लॉक डाउन कर दिया गया है जिसके चलते साप्ताहिक बाजारे भी बन्द है यंहा के ग्रामीणों को रोजमर्रा की रसद सामग्री के लिए बाजार के भरोसे रहना पड़ता है लेकिन अब उनकी रसद पूर्ति बाजार बंद के चलते नही हो पा रही है।

स्थानीय कोषालय की जांच बिना लाखों -करोड़ों का उच्च वेतन देय

डेमन प्रसाद सिन्हा





छुरा। विकासखंड शिक्षा कार्यालय द्वारा नियम विरुद्ध क्रमोन्नति वेतनमान देकर छत्तीसगढ़ शासन के ऊपर करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार लाद दिया गया है, इसमें विकास खंड कार्यालय के बाबू,जनपद छुरा के बाबू एवम उच्च अधिकारी तक लिप्त है, इसमें लगभग 397 सहायक शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया गया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पूर्व प्लानिग था,इसलिये जनपद सीईओ ने जनपद शिक्षा शाखा के बाबू से नोट शीट नही लिखवाकर अपने चहेते दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से लिखवाया एवम उसी से इनिशियल साइन बाबू का लिया गया,ताकि किसी को पता न चले,जिसमे जनपद के सीईओ,बीईओ एवम दोनों विभाग के बाबू और शिक्षक शामिल हैं, तभी तो चुनाव आचार संहिता लगने के 7 दिन पहले यह आदेश निकाला गया, प्लानिंग के अनुसार अगर क्रमोन्नति का मामला उजागर होता हैं, तो 2 माह चुनाव आचार संहिता एवम 2 माह जाँच के नाम से टाला जा सकता हैं और इसी बीच शिक्षको के द्वारा हाई कोर्ट से स्टे लाकर इस प्रकरण को ठंडे बॉक्स में डाल दिया जाएगा। लेकिन लॉक डाउन होने के कारण सफल नही हो पाया । इसी तरह इतने सहायक शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान मे लगभग करोड़ों रुपया का भुगतान किया गया है, जो छत्तीसगढ़ शासन के ऊपर अतिरिक्त बोझ है, साथ ही साथ मार्च के वेतन में इन शिक्षकों के वेतन से कटौती प्रारंभ हो गया है, जिससे शिक्षकों ने जाकर शिक्षा विकास खण्ड कार्यालय में जाकर हंगामा किया कि आखिर जब हम अतिरिक्त रूप से पैसा दिए हैं तो हमें सूचना देकर वेतन कटौती की जानी थी ,ज्ञात होगी उच्च न्यायालय के द्वारा आदेश के में पंचायत विभाग पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षकों को दिसंबर 2019 से नियमानुसार क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने का आदेश दिया था जिसका भुगतान सितम्बर 2019 से फरवरी 2020 तक किया गया है ,इस आदेश के पश्चात स्थानीय अधिकारी एवं शासन प्रशासन के आदेशों की अवहेलना करते हुए राशि प्रदान किया गया है, जिससे छत्तीसगढ़ शासन को करोड़ों रुपया का अतिरिक्त भार लगा है, इसमें जिले के अधिकारी से जांच न कराकर, शासन स्तर पर उच्च अधिकारियों से जांच कराकर दोषी सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है,, जिला स्तरीय जांच होने पर संबंधित बाबू को सस्पेंड किया गया है, जबकि इसमें लिप्त अन्य कर्मचारी व उच्च अधिकारी के ऊपर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है ,ज्ञात हो कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के पश्चात भी जनपद पंचायत के सीईओ से वेतनमान प्रदान करने हेतु स्वीकृति के आवश्यकता होती है, व सेवा पुस्तिका में वेतनमान की जांच स्थानीय संपरीक्षाक (कोषालय) से अनिवार्य है, जो नहीं हुआ है, जिससे छत्तीसगढ़ शासन को करोड़ों रुपया का नुकसान हुआ है, उनके खिलाफ संचनालय स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा जांच कर कार्रवाई किया जाना चाहिए।

जिला प्रशासन की आंखों के सामने ही वसूली जा रही ज्यादा रॉयल्टी

सुप्रीत शर्मा

लॉकडाउन के समय जहाँ लोग पूरी तरह से आर्थिक रूप से परेशान चल रहे है, उसी तरफ अरौद और देवी नवागांव में रेत के संचालक द्वारा की जा रही कालाबाजारी

बालोद। ग्राम अरौद और देवी नवागांव रेत खदान में संचालक द्वारा रॉयल्टी दर से 4 गुना अधिक पैसे लेने का लगातार मामला सामने आ रहा हैं। जिसका सीधा प्रभाव आप जनता के जेब में अतिरिक्त भार पड़ रहा हैं। टेंडर प्रक्रिया द्वारा संचालित उक्त दोनों रेत खदानों में संचालक द्वारा रॉयल्टी से अधिक पैसे लिए जा रहे हैं। रेत खदान के संचालको द्वारा भूपेश सरकार की मंशा पर पानी फेरा जा रहा हैं। क्योकि जिस मंशा से भूपेश सरकार में रेत खदानों को टेंडर प्रक्रिया के तहत चलाने का निर्णय लिया हैं। उस मंशा पर ठेकेदार सरकार के मुंह में तमाचा लगाते नजर आ रहे हैं। पूर्व में जिले सहित प्रदेश भर में अवैध रूप से संचालित हो रहे रेत खदानों एवं रेत की कालाबाज़ारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से भूपेश नित सरकार ने टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की। नियमानुसार कई लोगों ने टेंडर प्रक्रिया में साझेदारी निभाई। जिस ठेकेदार की निविदा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पाई गई उसके टेंडर को स्वीकृति दी गई तथा कार्यादेश जारी किया गया।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार अरौद रेत खदान में 10 घन मीटर की 5 रॉयल्टी बुक एवं 3 घन मीटर की 3 रॉयल्टी बुक जारी की गई हैं। इसी प्रकार देवी नवागांव रेत खदान में 10 घन मीटर की 3 रॉयल्टी बुक और 3 घन मीटर की 2 रॉयल्टी बुक जारी की गई हैं। बता दे कि प्रत्येक रॉयल्टी बुक में 100 पन्ने होते हैं। टेंडर प्रक्रिया के तहत रॉयल्टी बुक जारी कराने के लिए 10 घन मीटर वाले प्रत्येक रॉयल्टी बुक शुल्क 50 हजार रुपये, नीलामी राशि के 54 हजार 500 रुपये, पर्यावरण शुल्क 5 हजार 625, अधोसरंचना शुल्क 5 हजार 625, डीएमएफका 10 प्रतिशत शुल्क याने की 5 हजार रुपए तथा टीसीएस शुल्क 1 हजार रुपये ठेकेदार को खनिज विभाग में जमा कराने होते है। वही 3 घन मीटर वाले रॉयल्टी बुक जारी कराने के लिए प्रत्येक रॉयल्टी बुक के लिए शुल्क 15 हजार, नीलामी राशि 16 हजार 350, पर्यावरण शुल्क 1688 अधोसरंचना शुल्क 1688, डीएमएफका 10 प्रतिशत शुल्क याने की 1500 रुपए तथा टीसीएस शुल्क 300 रुपये ठेकेदार को जमा कराने होते हैं। याने की 10 घन मीटर वाले 100 पन्ने की रॉयल्टी बुक जारी कराने के लिए ठेकेदार को कुल 1 लाख 21 हजार 750 रुपये और 3 घन मीटर वाले 100 पन्ने की रॉयल्टी बुक जारी कराने के लिए ठेकेदार को 36 हजार 526 रुपये खनिज विभाग में जमा कराने होते हैं। इस प्रकार 10 घन मीटर रेत के लिए 1217 रुपये एवं 3 घन मीटर रेत के लिए 365 रुपये 26 पैसे रॉयल्टी शुल्क रेत का परिवहन करने वाले वाहनों को देनी होती हैं। अगर इसमें मेंटनेंस एवं अन्य खर्च भी जोड़ते है तो ज्यादा से ज्यादा 500 रुपये अतिरिक्त ठेकेदार के द्वारा लिया जा सकता हैं। लेकिन टेंडर ठेकेदार के द्वारा 10 घन मीटर का 5 हजार से 5500 रुपये तथा 3 घन मीटर का 2 हजार से 2500 रुपये रेत का परिवहन कर रहे वाहनों से लिए जा रहे हैं। याने की सीधे 4 गुना अधिक राशि ठेकेदारों के द्वारा वसूली जा रही हैं। सारे मापदंडों की धज्जियां उड़ाते हुए टेंडर ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से रॉयल्टी से 4 गुना अधिक वसूली करने के मामले में जिला खनिज अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी सवालियां निशान उठने शुरू हो गए हैं। शासन-प्रशासन के आंख के नीचे वैध रेत खदान में अवैध रूप से लाखो रुपये की वसूली की जा रही हैं। और प्रसासन मौन बना हुआ है। यहां यह बताना लाजिमी हैं कि दुर्ग, भिलाई व बालोद के ठेकेदारों के द्वारा टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से अरौद व देवी नवागांव रेत खदान संचालित किया जा रहा हैं। जिसमें कुछ शराब कारोबारी के भी तार जुड़े हैं।

लोगों के बीच यह भी चर्चा हैं कि पूर्व के भाजपा शासनकाल में अवैध रूप से रेत खदानें संचालित हुआ करती थी, तब भी रॉयल्टी से 4 से 5 गुना अधिक वसूली की जाती थी और अब भूपेश सरकार के समय में भी यही कार्य टेंडर प्रक्रिया की आड़ किया जा रहा हैं। वो भी प्रशासन के नाक के नीचे। तो क्या मतलब ऐसी कार्यप्रणाली का जिसका नियमानुसार पालन नही किया जा रहा हो।

होगी उचित कार्रवाई

नवप्रदेश के माध्यम से यह जानकारी मिल रही है कि खदान में जरुरत से ज्यादा रॉयल्टी ली जा रही है तो में मामले की संज्ञान में लेते हुए पता लगता हूँ, अगर ऐसा कुछ होगा तो हमारे द्वारा उचित कार्यवाही की जाएगी।

जिला खनिज अधिकारी बालोद

हर किसी को नहीं दी जा रही पर्ची

बताया जा रहा है कि लगभग हर दिन 200 से 250 हाइवा यहाँ लगती है जिसमे सुबह 6 बजे से लेकर रात 2 बजे तक रेत का परिवहन किया जा रहा है, और लगभग पिछले एक हफ़्तों से यह खदान चालू है, तो सवाल यह भी खड़ा होता है, जब 10 घन मीटर की 5 रॉयल्टी बुक और 3 घन मीटर की 3 रॉयल्टी बुक खनिज विभाग द्वारा अभी तक जारी किया गया है, तो क्या हर एक हाइवा चालक को रॉयल्टी की पर्ची दी जा रही है या फिर उनके खुद के द्वारा किसी और प्रकार की पर्ची का इस्तिमाल किया जा रहा है, क्योकि पिछले एक हफ़्तों से यह खदान चालू है तो लगभग 2000 हाइवा रेत वहाँ से भरी जा चुकी है, तो सिर्फ 10 घन मीटर की 5 और 3 घन मीटर की 3 बुक ही क्यों संचालको द्वारा लिया गया है और खनिज विभाग का कोई भी एक जिम्मेदार व्यक्ति अभी तक वहाँ जाकर यह नही देखा पाया है कि क्या सही मायने में इसका उपयोग हो रहा है या संचालक अपनी मनमानी चलाने में लगे हुए है , क्योकि उनके मन में प्रसासन का कोई डर नजर नहीं आ रहा है।